खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➤ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 01 सितंबर 2023 । वर्ष –67 । अंक –295 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ मुंबई बैठक से बढ़ी...
■ आपातकालीन खाद्यान्न... 04

■ संत विसुद्ध मिलहिं पुनि तेही। चितवहिं राम...
■ इमरान की न्यायिक हिरासत बढ़ी 09

■ मानसून की सुस्ती से खरीफ फसलों पर...
■ शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 256 अंक टूटा 11

■ जोकोविच तीसरे राउंड में...
■ डायमंड लीग में आज... 10

सार संक्षेप

## असम में बाढ़ से हालात बिगड़े, 3.4 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

**गुवाहाटी, (एजेंसियां)।** ब्रह्मपुत्र और अन्य प्रमुख नदियों के बढ़ते जल स्तर के साथ असम में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई है, जिससे राज्य के 22 जिलों में 3.4 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, माजुली सबसे गंभीर रूप से प्रभावित जिला है, जहां 65,035 लोग ताजा बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इसके बाद गोलपारा और मोरीगांव जिलों में बाढ़ का असर दिख रहा है। कुल 1,308 लोगों ने 153 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि जिला प्रशासन 150 नामित केंद्रों के माध्यम से राहत वितरित कर रहा है। वन विभाग की एक अधिसूचना के अनुसार, ओरंग नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व के 44 कैंपग्राउंड में से 13 और पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य में 10 कैंपर जलमग्न हो गए हैं।

## पूर्व सैनिकों को रोजगार के लिए निजी क्षेत्र के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** सेना से सेवानिवृत होने पर पूर्व सैनिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निजी क्षेत्र के साथ एक समझौता किया गया है। रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के तहत आने वाले पुनर्वास महानिदेशालय ने मेसर्स जेनपैक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य देश की सेवा में अपना जीवन लगाने वाले पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के वास्ते कॉर्पोरेट कंपनियों और पूर्व सैनिकों को एक साझा मंच पर लाना है।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो**-विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की आज फिर होने वाली बैठक पर सरकार और राजनीतिपसंद लोगों की निगाहें टिकी हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**- लोग शायद यह देखना चाहते हैं कि कम्बल-कम्बल में कैसे गांठ लगती है ?

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना वाली बहनों को गैस रिफिल 450 में मिलेगा : शिवराज

### मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में वार्षिक आय सीमा अब 8 लाख

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की कनेक्शनधारी बहनों को 4 जुलाई 2023 से 31 अगस्त 2023 तक की अवधि प्राप्त की गई गैस रिफिल 450 रूपये में उपलब्ध करने का निर्णय लिया गया। लगभग 40 लाख गैस रिफिल प्राप्त करने वाली बहनों के आधार लिंक बैंक खाते में प्रति रिफिल लगभग 500 रूपये के मान से राशि का भुगतान किया जाएगा। इस पर लगभग 200 करोड़ रूपये का व्यय संभावित है।



### 1200 करोड़ की कायाकल्प योजना को स्वीकृति

### 'खेलो एम.पी.' यूथ गेम्स होंगे प्रतिवर्ष

मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों की सड़कों के उन्नयन और निर्माण के लिये 1200 करोड़ रूपये की कायाकल्प योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों के सुलभ आवागमन हेतु अच्छी, मजबूत और आरामदेह सड़कों का नेटवर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

इस योजना में निकाय की प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण, मजबूतीकरण और निर्माण का कार्य, समयबद्ध कार्यक्रम अनुसार गुणवत्तापूर्ण किया जायेगा। योजना के कार्यों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिये नगरीय राज्य क्वालिटी मॉनिटर की नियुक्ति के साथ ही, राज्य, संचालनालय एवं संभाग स्तर पर त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की गयी है।

मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना अन्तर्गत विद्यार्थी के पिता/पालक की वार्षिक आय सीमा 6 लाख रूपये से बढ़ा कर 8 लाख रूपये करने की स्वीकृति प्रदान की।

मंत्रि-परिषद ने भोपाल शहर के पश्चिम-दक्षिण हिस्से में 40.90 कि.मी. लम्बे पश्चिम भोपाल बायपास का निर्माण 2 हजार 981 करोड़ 65 लाख रूपये लागत से हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल पर किये जाने का निर्णय लिया। इस बायपास मार्ग का चार लेन मय पेव्हड शोल्डर में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा निर्माण किया जायेगा।

परियोजना में चार लेन मार्ग के साथ 6 लेन स्ट्रक्चर एवं दोनों ओर दो लेन सर्विस रोड का निर्माण किया जायेगा। मार्ग के एकरेखण में आने वाले 1 आरओबी, दो फ्लाई ओवर, पंद्रह अंडरपास एवं दो वृहद जंक्शन का निर्माण किया जायेगा। प्रस्ताव के अनुसार निवेशकर्ता एजेंसी को निर्माण कार्य के दौरान ठेके की 40 प्रतिशत राशि का भुगतान 5 किश्तों में किया जायेगा। शेष 60 प्रतिशत राशि का भुगतान छ माही एन्यूटी के रूप में अगले 15 वर्षों तक किया जायेगा।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा-

# किसी भी समय जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए हैं तैयार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में वह किसी भी समय चुनाव कराने को तैयार है, लेकिन पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं बता सकती। पूर्ण राज्य बहाल करने में कुछ समय लगेगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एस के कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के इस बयान को रिकॉर्ड पर लिया, लेकिन स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर योग्यताओं के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

श्री मेहता ने जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर एक निश्चित

### पूर्ण राज्य बहाल करने में लगेगा कुछ समय



समय सीमा बताने से परहेज किया। उन्होंने वहां निवेश, रोजगार और पर्यटकों की संख्या बढ़ने सहित विकास के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में अदालत को बताया।

### मतदाता सूची पर हो रहा काम

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 29 अगस्त को केंद्र सरकार को आधिकारिक बयान देने के लिए कहा था। शीर्ष अदालत द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए श्री मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार अब किसी भी समय जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए तैयार है। मतदाता सूची को अपडेट करने का काम चल रहा है। इस दिशा में काफी काम पूरा हो चुका है। अंतिम फैसला चुनाव आयोग और राज्य चुनाव पैनल को लेना है।

### जल्द ही पंचायत चुनाव होंगे

श्री मेहता ने कहा कि जिला विकास परिषद के चुनाव पहले ही हो चुके हैं और अब जल्द ही पंचायत चुनाव होंगे। लेह हिल डेवलपमेंट काउंसिल के चुनाव खत्म हो गए हैं और कारगिल के चुनाव सितंबर में होंगे। इन चुनावों के बाद नगर पालिका चुनाव होंगे और फिर विधान सभा के चुनाव होंगे।

# मोदी सरकार ने बुलाया संसद का विशेष सत्र

### 18 से 22 सितम्बर के बीच होंगी पांच बैठकें

**नई दिल्ली।** पूरी तरह चुनावी मूड में आ चुकी केंद्र की मोदी सरकार ने पांच दिन का एक विशेष सत्र बुलाकर सबको चौका दिया है।

18 सितम्बर से 22 सितम्बर तक चलने वाले इस खास सत्र में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों व अगले साल के लोकसभा चुनाव को देखते हुए कुछ महत्वपूर्ण विधेयक पारित कराए जा सकते हैं। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखकर यह जानकारी दी। पांच दिन तक चलने वाला यह विशेष सत्र संसद के नए भवन में आयोजित किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान तकरीबन एक दर्जन विधेयक पेश किए जा सकते हैं।

बताया गया कि इन विधेयकों को पारित कराने के लिए ही यह खास सत्र आहूत किया गया है। जोशी ने अपने पोस्ट में लिखा, 'अमृत काल के बीच संसद में सार्थक चर्चा और बहस का इंतजार कर रहा हूं।

आमतौर पर हर साल संसद के तीन सत्र बजट सत्र,मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र को बुलाने की परम्परा है। लेकिन विशेष परिस्थितियों में जब सरकार को कुछ खास विधेयक को पारित करवाना या किसी विशेष विषय पर संसद में चर्चा कराना जरूरी लगता है तो वह इस तरह के विशेष सत्र को बुलाने की लोकसभा अध्यक्ष से सिफारिश करती है। ऐसे में माना जा रहा है कि केंद्र सरकार इस साल के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को देखते सदन से कुछ खास विधेयक पारित करा सकती है।

कुछ दिन पहले ही विपक्ष की तरफ से ऐसे दावे किए गए हैं कि मोदी सरकार इस बार आम चुनाव समय से पहले करा सकती है। दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि केंद्र की मोदी सरकार जनवरी फरवरी में लोकसभा चुनाव करा सकती है।

## आज तैयार होगा `इंडिया´ का रोडमैप

**मुंबई।** एक सितंबर को यहां होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक के लिए मंच तैयार है। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति और रोड-मैप तैयार करने के लिए मुख्य सम्मेलन आज आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को 28 विपक्षी दल सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच विचार-विमर्श में भाग लेंगे। इन पार्टियों के लगभग 100 नेता, जिनमें 11 मुख्यमंत्री और अन्य शीर्ष पदाधिकारी शामिल हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी, राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, रालोद नेता जयंत चौधरी और अन्य लोग मुंबई पहुंच चुके हैं। शाम को शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे द्वारा आयोजित रात्रिभोज का आयोजन किका गया।

## राहुल ने अडानी मामले पर प्रधानमंत्री मोदी से किए सवाल

# देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर किसका ?




राजीव रंजन श्रीवास्तव

**मुंबई,देशबन्धु।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन की बैठक से पहले गौतम अडानी पर फिर बड़ा हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि अडानी के खिलाफ दुनिया के दो बड़े अखबारों ने खुलासा किया है। हम इस मामले को लेकर पहले भी सवाल उठा चुके हैं, लेकिन केंद्र सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। इस मामले में पूरा विपक्ष जेपीसी की मांग कर रहा है लेकिन पता नहीं क्यों सरकार यह जांच करा रही है।

राहुल गांधी ने ग्रांड हयात होटल में संवाददाता सम्मेलन में दो वैश्विक फाइनेंशियल अखबारों में छपी खबरों के हवाले से आरोप लगाया है कि अडानी समूह ने देश का पैसा विदेश भेजकर उसके जरिए देश के शेयर बाजार को प्रभावित करके अत्यंत गंभीर आर्थिक अपराध किया है। 'जी-20' की बैठक से पहले यह मामला सामने आया है और यह देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ विषय है। राहुल गांधी ने कहा कि साफ होना चाहिए

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# चंदा मामा पर अठखेलियां कर रहा प्रज्ञान

### लैंडर मां की तरह प्यार से देख रहा, इसरो ने एक वीडियो किया पोस्ट



**चेन्नई, (एजेंसियां)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि प्रज्ञान रोवर चंदा मामा पर अठखेलियां कर रहा है। इसरो ने हाल ही में सुरक्षित नेविगेशन मार्ग के लिए चंद्रमा रोवर को घुमाया।

इस गतिविधि को चंद्रमा लैंडर पर एक कैमरे द्वारा कैद किया गया और इसरो को भेज दिया गया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा, प्रज्ञान रोवर चंदा मामा पर अठखेलियां कर रहा है। लैंडर विक्रम उसे (प्रज्ञान को) ऐसे देख रहा है, ऐसा महसूस होता है मानो जैसे कोई मां अपने बच्चे को खेलते हुए प्यार से देखती है। आपको ऐसा नहीं लगता? इसरो के अनुसार, प्रज्ञान ने चांद पर दूसरी बार सल्फर (एस) की पुष्टि की है।

अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोप (एपीएक्सएस) ने सल्फर के साथ ही अन्य छोटे तत्वों का पता लगाया है। इसरो ने कहा कि वैज्ञानिक अब इस बात खोज कर रहे हैं कि चांद पर सल्फर कहां से आया।

### नहीं थम रही मणिपुर हिंसा

# गोलीबारी की घटनाओं में दो की मौत



**इम्फाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। मणिपुर में यह दो मौतें पिछले 12 घंटों के अंतराल में हुई हैं। इसके अलावा अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार सुबह बिष्णुपुर जिले के खोइरेंटक तलहटी और चुराचांदपुर जिले के चिंगफेई और खौसाबुंग इलाकों में दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई।

अधिकारियों के मुताबिक गोलीबारी में एक शख्स के सिर पर गोली लगी, जिसके बाद उसकी इलाज के लिए गुवाहाटी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घायल व्यक्ति की भी गुरुवार सुबह करीब नौ बजे इलाज के दौरान चुराचांदपुर जिला अस्पताल में मौत हो गई।

चिंगफेई इलाके में गोली के छर्रे लगने से घायल हुए पांच लोगों में से तीन को चुराचांदपुर जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं एक शख्स के सिर पर गोली के छर्रे लगे, जबकि अन्य को कंधे, पैर और पीठ पर चोटें आई हैं। वहीं, बिष्णुपुर के नारायणसेना गांव के पास हिंसा की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए थे। उधर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान जारी रखा।







अनुसंधान

## चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद गगनयान मिशन की तैयारी

# अंतरिक्ष में कितनी बार होता है सूर्योदय, एस्ट्रोनॉट्स को दिन-रात का कैसे लगता है पता ?

**श्रीहरिकोटा।** भारत ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद गगनयान मिशन की भी तैयारी तेज कर दी है। भारत जल्द ही अंतरिक्ष में वैज्ञानिकों को भेजने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए इसरो के वैज्ञानिकों की नासा में ट्रेनिंग चल रही है। इंटरनेशनल स्पेस सेंटर में रहना काफी चुनौती भरा रहता है। पृथ्वी सूर्य के चारों ओर अंडाकार कक्षा में चक्कर लगाती है और पृथ्वी अपने धुरी पर भी लगातार घूमती रहती है। इसी कारण पृथ्वी पर दिन और रात की प्रक्रिया होती है। इस पर कौतूहल है कि अंतरिक्ष में रहने वाले एस्ट्रोनॉट्स का दिन और रात कैसे होता है?

एस्ट्रोनॉट्स जब अंतरिक्ष में जाते हैं तो वे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस पर रहते हैं। आईएसएस एक बड़ी अनुसंधान सुविधा है। आईएसएस का इस्तेमाल अंतरिक्ष में माइक्रोग्रैविटी एक्सपेरिमेंट्स करने के लिए किया जाता है। अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा, रूस की रॉस्कॉस्मॉस, यूरोप की ईएसए, जापान की जेएक्सए और कनाडा की स्पेस एजेंसी सीएसए के सहयोग से




आईएसएस को लॉन्च किया गया था। आईएसएस यानी अंतरिक्ष स्टेशन 400 किमी की औसत ऊंचाई पर एक अंडाकार पथ पर धरती की परिक्रमा करता रहता है। इंटरनेशनल स्पेस सेंटर पृथ्वी के चारों तरफ अंडाकार कक्षा में चक्कर लगाता रहता है। आईएसएस में करीब 5 से 7 एस्ट्रोनॉट्स अंतरिक्ष का अध्ययन करते रहते हैं। आईएसएस में रह रहे एस्ट्रोनॉट्स एक दिन में 16 बार सूर्योदय और 16 बार सूर्यास्त देखते हैं।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### एस्ट्रोनॉट्स स्पेस सेंटर पर कैसे बनाते हैं दिन-रात का माहौल ?

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर धरती की तरह ही दिन और रात जैसा माहौल बनाने के लिए स्पेस सेंटर को यूनिवर्सल को-ऑर्डिनेटेड टाइम यानी यूटीसी पर सेट किया जाता है। एस्ट्रोनॉट्स स्पेस सेंटर में मौजूद लाइट को ऑन और ऑफ़ कर दिन रात के माहौल को नियंत्रित किया जाता है। अंतरिक्ष मिशन के शुरूआती वर्षों में एस्ट्रोनॉट्स 8 घंटे की नींद लेने के बाद भी उनका स्वस्थ लगातार ख़राब हो रहा था। इसके बाद नासा ने स्पेस सेंटर पर भी पृथ्वी के सामान दिन-रात करने का फैसला किया था। अलग-अलग चमक के साथ अलग-अलग तरंग की एलईडी लाइट्स का इस्तेमाल कर स्टेशन पर दिन-रात का वातावरण बनाया जाता है।



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022

# देश-विदेश

## गुरुग्राम में नूंह हिंसा का संदिग्ध गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** नूंह पुलिस की अपराध शाखा टीम ने 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा के दौरान हुई नूंह हिंसा में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, गुप्त सूचना के बाद इंस्पेक्टर अमित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को नूंह के फिरोजपुर निवासी संदिग्ध वसीम उर्फ टीटा को पकड़ा है। संदिग्ध नूंह झंडा चौक, अडबर चौक, नलहर मंदिर रोड पर हुई हिंसा में शामिल था और 31 जुलाई को नूंह में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पर भी हमला किया था। गुरुग्राम पुलिस के प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने कहा कि पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की। आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# चीन फिर कर रहा हरकत, एलएसी के पास लगाए रडार

नई दिल्ली। चीन ने दो दिन पहले ही एक नया आधिकारिक नक्शा जारी किया और उसमें अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा दिखाया है। वहीं अब ऐसी रिपोर्ट्स आ रही हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि चीन एलएसी के पास जल्द चेतावनी देने वाले राडार लगा रहा है। मानसरोवर लेक से 32 किलोमीटर दूर और बॉर्डर से करीब 100 किलोमीटर दूरी पर चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी रडार लगा रही है। चीन इस नए सिस्टम को इंस्टॉल कर रहा है और बॉर्डर के किनारे इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण को भी बढ़ावा दे रहा है। लगातार चीन एलएसी के पास ऐसे-ऐसे कदम उठा रहा है, जिससे भारत और उसके बीच गतिरोध बढ़ता ही जा रहा है। चीन नए प्रकार का रडार लग रहा है और पुराने वर्जन का अपग्रेड मॉडल है। इसकी रेंज भी पहले वाले रडार से अधिक है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना....

मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप खेलो इण्डिया यूथ गेम्स की तर्ज पर खेलो एम.पी. यूथ गेम्स को प्रदेश में प्रतिवर्ष आयोजित करने और आयोजन व्यय 200 करोड़ रूपये की सहमति प्रदान की गई।मंत्रि-परिषद द्वारा जिला रीवा में नवीन अनुविभाग जवा का सृजन करने का निर्णय लिया गया। मंत्रि-परिषद द्वारा आशा तथा शहरी आशा कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा संपादित की जाने वाली रूटीन गतिविधियों की प्रोत्साहन राशि प्रतिमाह 2 हजार से बढ़ाकर प्रतिमाह 6 हजार रुपये करने का निर्णय लिया गया। मंत्रि-परिषद द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश जल निगम के माध्यम से रतलाम और छतरपुर के लवकुशनगर में 2 नवीन समूह जल-प्रदाय योजनाएँ स्वीकृत की गई हैं। इसके लिये 967 करोड़ 52 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। मंत्रिपरिषद ने विशेष पिछड़ी जनजातियों को भी मिलेगा अब लाड़ली बहना योजना की राशि वृद्धि का लाभ देने का निर्णय लिया है।

### देश के बाहर भेजा गया....

कि 'देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर' किसका पैसा है? उन्होंने कहा कि शेयर बाजार से खिलवाड़ करने के काम में दो विदेशी नागरिक शामिल रहे हैं जिनमें एक चीन का रहने वाला व्यक्ति भी है। यह देश की जनता का पैसा था जिसका इस्तेमाल विदेश से शेयर बाजार को प्रभावित करने के लिए किया गया है। कांग्रेस नेता ने इसे बड़ा घोटाला बताया। राहुल गांधी ने सवाल किया कि सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियां गौतम अडानी से पूछताछ क्यों नहीं कर रही हैं? भारत जैसे देश के लिए बहुत जरूरी है कि हमारे आर्थिक माहौल में पारदर्शिता और व्यापार में समान अवसर हों। दो प्रमुख वैश्विक अखबारों ने महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं...। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को खुद को पाक-साफ साबित करना चाहिए। जेपीसी गठित होनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री मोदी अडाणी समूह के खिलाफ लगे आरोपों की जांच क्यों नहीं होने दे रहे हैं? दरअसल 'ऑर्गेनाइजड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' ने अडानी समूह पर निशाना साधते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि उसके प्रवर्तक परिवार के साझेदारों से जुड़ी विदेशी इकाइयों के जरिए अडानी समूह के शेयरों में करोड़ों डॉलर का निवेश किया गया। अडानी समूह ने इन सभी आरोपों को खारिज किया है।

### अंतरिक्ष में कितनी ...

आईएसएस 27,600 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी की परिक्रमा करता है। आईएसएस करीब 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है। आईएसएस करीब आधा समय सूर्य के प्रकाश में रहता है और बाकी समय पृथ्वी की छाया में बिताता है। इस प्रकार स्पेस सेंटर 45 मिनट दिन के उजाले में रहता है तो 45 मिनट अंधेरे में। आईएसएस 24 घंटे में 16 बार पृथ्वी की परिक्रमा करता है। इस कारण एस्ट्रोनॉट्स दिन में 16 बार सूर्योदय और सूर्यास्त देख पाते हैं। एस्ट्रोनॉट्स के लिए अंतरिक्ष में 16 बार सूर्योदय और 16 बार सूर्यास्त देखना शुरुआत में तो शानदार अनुभव होता है। लेकिन समय बीतने के साथ यह मजा सजा में बदलने लगता है। मानव शरीर 24 घंटे में एक बार सूर्योदय देखने के लिए अभ्यस्त होता है। ऐसे में एक दिन में 16 बार सूर्योदय और सूर्यास्त देखने के कारण एस्ट्रोनॉट्स का बायोलॉजिकल क्लॉक बिगड़ जाता है। एस्ट्रोनॉट्स जेट लैग और थका हुआ महसूस करते हैं। एस्ट्रोनॉट्स को इससे बचने के लिए स्पेस सेंटर में पृथ्वी के समान ही दिन-रात का माहौल बनाया जाता है।

## न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला बालाघाट (म.प्र.)

### // आम ईश्तहार //

क्रमांक /442 /कले. रीडर / 2023 — बालाघाट दिनांक 31/7/2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना वारासिवनी जिला बालाघाट के थाना प्रभारी के द्वारा इस्तगासा क्रमांक 01/2014, 02/2014, 04/2014, 05/2015, 03 / 2015, 02 /2021, 09/2017 धारा 41 (1+4 ) जा. फौ. के अन्तर्गत इस्तगासा प्रस्तुत किया गया है। थाना प्रभारी वारासिवनी के द्वारा इस्तागासा मे अवगत कराया गया है कि थाना परिसर में अत्याधिक मात्रा मे 21 नग दो पहिया वाहन मोटर साइकिल, पुराने क्षतिग्रस्त हालात मे पडे हुये थे। सभी वाहनो को चेक किया गया। जिसमे 21 नग मोटर सायकल, थाने में लावारिस रखे हुये पाये गये। सभी वाहनो के नम्बर, इंजन नंम्बर, चेचिस नंबर को सीसीटीएनएस मे दर्ज कर देखा जो उक्त वाहन किसी भी अपराध मे या प्रकरण मे वांछित नही थे। उक्त वाहनो किसी भी अपराध एवं प्रकरण मे वाछित नही थे। उक्त वाहनो के नंबरो को इंटरनेट के माध्यम से पुलिस वेबसाईट एवं एमपी व्हीकल डिटेक्टसन पोर्टल में किया गया वाहन किसी भी अपराध एवं प्रकरण में वाछित नही पाये गये। वाहन कई सालो से थाने मे रखे हुये है। जिनके मालिकाना हक के संबंध मे आज दिनांक तक किसी व्यक्ति का कोई सूचना नही दी गई है न ही अन्य किसी विभाग से उक्त वाहनों की कोई जानकारी चाही गई है। उक्त सभी वाहन प्रथम दृष्टया लावारिस पाये जा रहे है। जिसका विवरण निम्नानुसार है

| क्र | मो. सा. क्र. | मोटर सायकल का प्रकार | चेचिस नम्बर | इंजन नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MH36 B 9279 | बजाज CT100 | DUFBLK70794 | DUMBLK62713 |
| 2 | बिना नम्बर | HONDA SHINE | ME4UC36DCB8103866 | JC36E2314345 |
| 3 | MP20HA3320 | HEROHonda spelender | 04K16C43221 | 04K15M42639 |
| 4 | MH40 B582 | HEROHonda spelender | 03M16F13643 | 03M15E13798 |
| 5 | MP20KB1691 | बजाज Discover | MD2DSPAZZSPL31901 | JBUBSL78663 |
| 6 | MH31DD5900 | HEROHonda, spelender+ | MBLHA10EE9HL18905 | HA10EA91H08646 |
| 7 | MH31CF2046 | HEROHonda spelender+ | 07C16C29556 | 07C15M30099 |
| 8 | बिना नम्बर | बजाज Pletina | MD2DDDZZZNWM12013 | DUMCNM54861 |
| 9 | MP50 BA1372 | HeroHonda Passion + | 071C05C83609 | 07K05M80916 |
| 10 | MP50BA5318 | बजाज Discover | MB2BSPAZZSPL62127 | JBUBSL15. . . . .. |
| 11 | MH315267 | HEROHonda spelender | OSE16C18877 | ISB97CH2GBG |
| 12 | CG04CD4225 | FREEDOM | C7EKA260986 | अस्पष्ट जंग लगा |
| 13 | MP50ME3656 | बजाज Discover | MD20SDKJJMAN90196 | अस्पष्ट जंग लगा |
| 14 | बिना नम्बर | हीरो होन्डा CD 100 ss | अस्पष्ट जंग लगा | अस्पष्ट जंग लगा |
| 15 | बिना नम्बर | स्प्लेन्डर मोटर सायकल | Mblha10ezah193941 | Ha10efah125328 |
| 16 | MH31AC1460 | हीरो होन्डा पेशन प्लस | अस्पष्ट जंग लगा | अस्पष्ट जंग लगा |
| 17 | CG07LC2537 | हीरो होन्डा पेशन काले रंग की | अस्पष्ट जंग लगा | अस्पष्ट जंग लगा |
| 18 | OD03A8171 | हीरो हंक | MBLKC13EHDM00090 | KC13EFOHMO0191 |
| 19 | MH35Z7614 | सिल्वर रंग की एचएफ (डीलक्स) | MBLHA11ALEM21747 | HA11EJE9M14439 |
| 20 | MH3 IM5627 | हीरो होन्डा स्प्लेन्डर | अस्पष्ट स्क्रेच | अस्पष्ट स्क्रेच |
| 21 | CG07AP0208 | हीरो होन्डा IIF DELUX | MBLHA11EUD9K20558 | HA11EG9K17159 |

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बालाघाट के पत्र क्रमांक / 3331 / रीडर/कले. / 2023 बालाघाट दिनांक 15.06.2023 मे थानो से धारा 25 पुलिस एक्ट के अंतर्गत प्राप्त जप्त सुदा वाहनों के नियमानुसार निराकरण किये जाने हेतू एवं वाहन के स्वामित्व के संबंध में जॉच उपरांत अंतरिम रूप से वाहन को सुपुर्दगी वाहन स्वामी को किये जाने के उपरान्त अंतिम आदेश पर अनुमोदन हेतू नियमानुसार नस्ती प्रस्तुत किये जाने हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी वारासिवनी को निर्देश दिये गये है।

उपरोक्त जप्तशुदा वाहनों के स्वामित्वधारियों को आम ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.1.24 तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी वारासिवनी में मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत करें। नियत तिथी तक उपस्थित नही होने पर उपरोक्त जप्तशुदा वाहनों की निलामी की कार्यवाही की जाएगी। नियत तिथी के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

**कलेक्टर**
**जिला बालाघाट (म.प्र.)**

G-19001/23 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र -1, सिवनी

### निविदा सूचना

निविदा आमंत्रण क्र. 17/ 4999 / व.ले.लि. / 2023-24 — सिवनी, दिनांक 28.08.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्र. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | निविदा प्रपत्र प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (रु.मं.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2023_PWDRB_302492 | मार्ग निर्माण | लो.नि.वि उपसंभाग क्र- 1 सिवनी के अन्तर्गत परतापुर रोड स्थित बालक पोस्ट मेट्रिक छात्रावास की पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 2000 | 19.71 लाख | 39420 | 04 (चार) माह वर्षाकाल सहित | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग क्र-1 सिवनी |
| | | | योग 1 कार्य | | | 19.71 लाख | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 15.09.2023. (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन. आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205 / प्रस / लोनिवि / 20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निर्देशानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नही किये जायेगें, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड किये जायेंगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड नही किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जावेगा । इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (धरोहर राशि ) RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें । इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप में ई.एम.डी ( धरोहर राशि) स्वीकार नही की जायेगी ।

**( इंजी. आर. के. हनुमते) कार्यपालन यंत्री**
**लो. नि. वि. (भ/स) संभाग क्र -1 सिवनी**

G-19018/23 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सम्राट चौक सीधी (म.प्र.)

E-mail:-piusidhi@gmail.com — PHONE: 07822-297539

एनआईटी नं.- 24/2023/ केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रित/मुअ/लो.नि.वि./भवन/2072 — रीवा, दिनांक 16.08.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| सं. क्र. | पोर्टल टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023 PWPIU_300321_1 | जिला सीधी के कुसमी में सीएम राईज विद्यालय भवन का अनुसूचित जाति योजना का निर्माण मय वाटर सप्लाई, सेनेटरी एवं विद्युत कार्य सहित (प्रथम आमंत्रण) | सीधी | 2391.92 | 1195960.00 | 50000.00 | 18 माह वर्षाकाल सहित | भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
| 2 | 2023 PWPIU_300322_1 | जिला सीधी के गांधीग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मय 1 नग जी टाइप एवं 1 नग एच टाइप स्टाफ क्वार्टर का निर्माण मय वाटर सप्लाई, सेनेटरी एवं विद्युत कार्य सहित (द्वितीय आमंत्रण) | सीधी | 237.76 | 237760.00 | 15000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित | भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
| 3 | 2023 PWPIU_300323_1 | जिला सीधी के पतुलखी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मय 1 नग जी टाइप एवं 1 नग एच टाइप स्टाफ क्वार्टर का निर्माण मय वाटर सप्लाई, सेनेटरी एवं विद्युत कार्य सहित (द्वितीय आमंत्रण) | सीधी | 237.76 | 237760.00 | 15000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित | भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
| 4 | 2023 PWPIU_300324_1 | जिला सीधी अंतर्गत निर्माण कार्यो का सर्वे एवं डी.पी.आर. तैयार करने हेतु निविदा आमंत्रण (चतुर्थ आमंत्रण) | सीधी | 50.00 | 50000.00 | 5000.00 | 24 माह वर्षाकाल सहित | भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
| 2 | 2023 PWPIU_300325_1 | जिला सीधी के पटपरा में उप तहसील कार्यालय का निर्माण मय वाटर सप्लाई, एवं विद्युत कार्य सहित (द्वितीय आमंत्रण) | सीधी | 18.19 | 81190.00 | 10000.00 | 08 माह वर्षाकाल सहित | भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3.निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 21.08.2023 समय 09.00 AM से दिनांक 04.09.2023 समय 06.00 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**संभागीय परियोजना यंत्री**
**लोक निमार्ण विभाग, पी.आई.यू. सीधी (म.प्र.)**

G-19003/23 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## कर्नाटका बैंक लिमिटेड

आपका पारिवारिक बैंक संपूर्ण भारत मे.

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा : द्वितीय तल, ई-ब्लॉक, दी मेट्रोपोलिटन, प्लॉट नं. सी-26 एवं सी-27, बान्द्रा कुरला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (ईस्ट) मुम्बई - 400051
फोन : 022-35008017/35128482/35082558
ई-मेल : mumbaiarm@ktkbank.com
वेबसाईट : www.karnatakabank.com
CIN : L85110KA1924PLC001128

### आधिपत्य सूचना

चूंकि, वित्तिय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (यहाँ के बाद ''**उक्त अधिनियम**'' के रुप में संदर्भित) के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुपालन में **कर्नाटका बैंक लि.** के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि **रु.68,18,024.29 (रूपये अड़सठ लाख अठारह हजार चौवीस हजार एवं पैसा उनतीस मात्र)** का भुगतान करने के लिए ऋणियों **(1)मेसर्स ऋषिका पाईप इण्डूस्टीज इसके प्रोप्राईटर श्री देवेन्द्र सोनी द्वारा प्रतिनिधित्व, पता : 629 गली नं. 6, समदरिया ग्रीन सिटी, माढ़ोताल, जबलपुर-482001, एवं अन्य पता : 435-10, रॉयल मार्केट, जबलपुर, मध्य प्रदेश-482001, 2) श्री देवेन्द्र सोनी पिता श्री मथुरा प्रसाद सोनी, पता: 629 गली नं.6, समदरिया ग्रीन सिटी, माढ़ोताल, जबलपुर-482001, 3) श्री दिनेश कुमार सोनी पिता श्री मथुरा प्रसाद सोनी एवं 4) श्रीमती सविता सोनी पति श्री देवेन्द्र कुमार सोनी, नं. 3 एवं 4 का पता : 1073, चेरिटल वार्ड, शिव मंदिर के पास, न्यू कॉलोनी, जबलपुर, मध्य प्रदेश482001,** को बुलाने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत **दिनांक 24.05.2023** को मांग सूचना जारी की थी। ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता राशि का भुगतान करने में असफल रहे है, ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता और सर्वसाधारण जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, **प्राधिकृत अधिकारी मौजूदा अधोहस्ताक्षरी ने 29.08.2023** को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हे प्रदत्त शक्तियों के अनुपालन में यहा नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा ले लिया है।**

ऋणियों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय के संदर्भ में प्रतिभूत आस्ति के मोचन हेतुआकृष्ट किया जाता है।

ऋणी को विशेष तौर पर और सर्वसाधारण जनता को संपत्ति के साथ किसी तरह का लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और उस संपत्ति के साथ किया गया कोई भी लेन-देन **रु.70,53,962.29 (रूपये सत्तर लाख त्रैपन हजार नौ सौ बासठ एवं पैसा उनतीस मात्र) को पीएसटीएल खाता नं. 369700180000510 1 में, दिनांक 04.08.2023 से आगे का ब्याज एवं लागत सहित के लिए कर्नाटका बैंक लि., जबलपुर शाखा के प्रभार अधिन होगा।**

**अचल संपत्ति का विवरण**

**1)** प्लॉट नं. 90, सेक्टर नं. II, इण्डूस्टीयल ग्रोथ सेन्टर , नाईस प्लॉस्टीक इण्डूस्टीज के पास स्थित, ग्राम- मनेरी, जिला मंडला (म.प्र.) स्थित एमडीटीडी के पंजीकरण के माध्यम से गैर कृषि व्यावसायिक साम्यिक बंधक संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, भूमि का क्षेत्रफल 1000 वर्ग मीटर है एवं मूल निर्माण एवं प्लिंथ बीम स्तर का निर्माण कार्य 371.75 वर्ग मीटर क्षेत्र तक पूर्ण हो गया है, **चर्तुसीमा : पूर्व :** 18 मीटर चौड़ा रोड़, **पश्चिम :** श्री देवेन्द्र सोनी का प्लॉट नं. 89, **उत्तर :** प्लॉट नं. 95 डी.आई.सी., **दक्षिण :** प्लॉट नं. 91, फेक्ट्री : श्री खंडेलवाल
**2)** रॉयल मार्केट की तल मंजिल, दुकान नं. 10 (435/10-जीएफ), पुराना मकान नं. 435, खसरा नं. 81/3 एवं 83/2 के अंतर्गत नरसिंह वार्ड, मौजा अमनपुर, मदन महल चौक के पास, मदन महल रेलवे स्टेशन रोड़, वार्ड - नरसिंह वार्ड, तहसील एवं जिला जबलपुर (म.प्र.) स्थित व्यावसायिक दुकान का एमडीटीडी के पंजीकरण के माध्यम से गैर कृषि व्यावसायिक साम्यिक बंधक संपत्ति (दुकान) का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, दुकान का क्षेत्रफल 224.25 वर्गफीट (अविभाजित भूमि भाग क्षेत्र), **चर्तुसीमा : पूर्व :** श्री तुषार का गोडाऊन , **पश्चिम :** श्री पांडे की दुकान नं. 9, **उत्तर :** खुला प्लॉट, **दक्षिण :** कॉमन पैसेज
**3)** ''समदरिया ग्रीन सिटी'' नाम से ज्ञात विकसित कॉलोनी, मौजा मधोतल, समदरिया पब्लिक स्कूल के पास, एन.बी. नं. 660 पी.सी. नं. 25,तहसील एवं जिला जबलपुर, खसरा नं. 104/3, 109/4, 108/2, 104/4, 108/3, 109/5, 103/1,2, 103/3, 103/4, 110/3, 110/4, कुल क्षेत्रफल 3.163 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 11/3, 100/1, 101/1, 104/1, 109/2, 110/1, 111/2, 11/5, 100/2, 101/2, 104/2, 109/3, 110/2, की परिवर्तित भूमि स्थित एक मंजिला आवासिय मकान का एमडीटीडी के पंजीकरण के माध्यम से गैर कृषि आवासिय साम्यिक बंधक संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, **चर्तुसीमा : पूर्व :** श्री अमर कोरी का मकान यूनिट नं. 630, **पश्चिम :** डॉ. झा का मकान नं. 628, **उत्तर :** श्री तुलाराम चौधरी का मकान यूनिट नं. 622, **दक्षिण :** साईड रोड़

**दिनांक : 29.08 .2023** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : मंडला, जबलपुर, मध्यप्रदेश** — **कर्नाटका बैंक लिमिटेड**

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### पश्चिम मध्य रेल

**खुली निविदा – इंजीनियरिंग विभाग**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-185-2023, **दिनांकः** 25.08.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर सेक्शन के अंतर्गत कटनी-सतना पर 38 नं (1 में 12-33 नं और 1 में 8.5-5 नं) थ्रू टर्नआउट रिन्यूवल और 12 नं (1 में 12) टर्नआउट के थ्रू स्लीपर रिन्यूवल का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपयेः** 1,67,56,936/-, **बयाना राशि रूपयेः** 2,33,800/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजेः** 22.09.2023, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि :** 22.09.2023, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर. एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-186-2023, **दिनांकः** 25.08.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर सेक्शन के अंतर्गत सतना-मानिकपुर एवं सतना-रीवा पर 65 नं (1 में 12) थ्रू टर्नआउट रिन्यूवल और 14 नं(1 में 12) टर्नआउट के थ्रू स्लीपर रिन्यूवल का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपयेः** 2,68,39,147/-, **बयाना राशि रूपयेः** 2,84,200/-, **समापन अवधिः** 15 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजेः** 22.09.2023, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि :** 22.09.2023, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-187-2023, **दिनांकः** 25.08.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** जबलपुर मंडल के इटारसी-मानिकपुर और कटनी - सिंगरौली सेक्शन पर 69.084 किमी (ठेकेदारों की पीक्यूआरएस द्वारा 55.824 किमी और मैन्युअल रूप से 13.26 किमी) कम्पलीट ट्रैक रिन्यूवल का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपयेः** 13,13,51,956/-, **बयाना राशि रूपयेः** 8,06,800/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजेः** 22.09.2023, **निविदा खुलने कि तिथि एवं समय 15:15 बजे तिथिः** 22.09.2023, उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाईट ''https://ireps.gov.in'' उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

### पश्चिम मध्य रेल — सामग्री प्रबंधन विभाग

**(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या EPS/37/2023)**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/ विनिर्देशन के लिए "website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| Sr No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1 | 40232660 | ELECTRONIC RECTIFIER CUM REGULATOR UNIT | 22 Nos. |
| 2 | 10234635 | M.R. FILTER ELEMENT | 120 Nos. |
| 3 | 10231046 | FUEL INJECTION PUMP | 8 Nos. |
| 4 | 80231137 | COMPRESSED OXYGEN GAS | 494524 CUM |
| 5 | 65235002 | Fully Automatic Coach Washing Plant. | 1 Nos. |
| 6 | 65235003 | Supply, Installation & Commissioning of EOT CRANE | 2 Nos. |
| 7 | 81235757 | INDUSTRIAL WEIGHING MACHINE CAPACITY | 3 Nos. |
| 8 | 81235760 | JUBILEE CLAMP | 538 Nos. |
| 9 | 81235739 | Hydraulic Hose | 700 MTR. |
| 10 | 38231651 | MASTER VALVE FOR DISCHARGE SYSTEM | 264 Nos. |
| 11 | 38232116 | Brake Gear pin with washer & bulb cotter | 41000 Nos. |
| 12 | 10232397 | Procurement of Coil spring outer | 32 Nos. |
| 13 | 40232502 | Carbon Brush for Hitachi TM | 18484 Nos. |
| 14 | 38232375 | ROH maintanence kit | 3 Set. |
| 15 | 38232260 | DOOR HINGE STRAIGHT (LONG) | 2787 Nos. |
| 16 | 30231623 | PU Foam Ladder | 3983 Nos. |
| 17 | 38231623 | STOP VALVE HAND WHEEL | 1496 Nos. |
| 18 | 81235736 | RATCHET LIFTING & TRAVERSING | 32 Nos. |
| 19 | 81235054 | Manufacture and supply of CMS Crossings | 197 Set. |
| 20 | 20233654 | FINGER CONTACT WITH SHUNT COMPLETE | 346 Nos. |
| 21 | 40235040 | AUTOMATIC Fire & Smoke Detection System | 119 Set. |

उपरोक्त सभी निविदाओं में निविदा संख्या 1 से 21 तक की नियत तिथिः 26.09.2023

**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

---

रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33004/99 — REGD. No. D. L.- 33004/99

सत्यमेव जयते

# भारत का राजपत्र
## The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-22082023-248224
CG-DL-E-22082023-248224

**असाधारण**
EXTRAORDINARY
**भाग II-- खण्ड 3- उप खण्ड (ii)**
PART II- Section 3- Sub-Section (ii)
**प्राधिकार से प्रकाशित**
PUBLISHED BY AUTHORITY

**सं. 3554] नई दिल्ली, मंगलवार, अगस्त 21, 2023/ श्रावण 31, 1945**
No. 3554] NEW DELHI, TUESDAY, AUGUST 21, 2023/SHRAVANA 31, 1945

### सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
### अधिसूचना
### नई दिल्ली, 21 अगस्त, 2023

का. आ. 3714 (अ).— केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48 ) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि मध्य प्रदेश राज्य के जबलपुर जिले में NH-45 के कि.मी. 0+000 से 160+000 कि.मी. (जबलपुर से कुंडम सेक्शन मार्ग) (तहसील-कुण्डम) तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण / पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/ 4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् सब डिविजनल मजिस्ट्रेट कुण्डम, डिस्ट्रिक्ट जबलपुर को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

### अनुसूची

मध्य प्रदेश राज्य के जबलपुर जिले में NH-45 के कि.मी. 0+000 से 160+000 कि.मी. (जबलपुर से कुंडम सेक्शन मार्ग) (तहसील - कुण्डम) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

राज्य का नाम : मध्यप्रदेश — जिले का नाम : जबलपुर

| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (स्थानीय इकाई) | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नाम : कुण्डम; गांव का नाम : कुण्डम | | | | | |
| 1 | 276/1 | निजी | सिंचित | 0.05 (हेक्टेयर) | 0.05 |
| 2 | 800 | निजी | डायवर्सन | 0.25 (हेक्टेयर) | 0.25 |
| | | | | कुल | 0.3 |

**(फा.सं. ) CE-RO BPL/30010/48/2018-19/3A**
**(अभय जैन, उपसचिव )**

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

G-18994/23

# देश-प्रदेश

उवाच

## राहुल के नेतृत्व की ओर देख रहा है देश



**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि देश ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है और उनकी ओर देख रहा है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने जनता के बीच गहरी छाप छोड़ी है और वह पश्चिम-पूर्व दिशा में इसी तरह की एक और यात्रा शुरू करेंगे। राउत ने कहा, देश ने उन्हें एक गैर-विवादास्पद, सक्षम नेता के रूप में स्वीकार किया है। लोग राहुल गांधी से प्यार करते हैं, वे उनके नेतृत्व में काम करना चाहते हैं।' हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि सभी राष्ट्रीय विपक्षी दल एक साथ बैठेंगे और कुछ दलों के बीच मतभेदों को समाप्त करने के सभी पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

## सार-समाचार

### जया वर्मा रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष नियुक्त



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को जया वर्मा सिन्हा को भारतीय रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया है। सरकार ने एक अधिसूचना में कहा, 'कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने जया वर्मा सिन्हा, सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास), को रेलवे बोर्ड अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी है। जया वर्मा सिन्हा 1 सितंबर या उसके बाद कार्यभार संभालेंगी और उनका कार्यकाल 31 अगस्त 2024 तक होगा।

### अरविंदर सिंह लवली बने दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष



**नई दिल्ली, ।** कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें तत्काल प्रभाव से अध्यक्ष के रूप में अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। पार्टी ने अब तक दिल्ली प्रदेश की कमान संभाल रहे श्री चौधरी अनिल कुमार के काम की तारीफ की और कहा कि उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए सराहनीय कदम उठाए हैं।

### पूर्व सैनिकों को रोजगार के लिए निजी क्षेत्र के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** सेना से सेवानिवृत होने पर पूर्व सैनिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निजी क्षेत्र के साथ एक समझौता किया गया है। रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के तहत आने वाले पुनर्वास महानिदेशालय ने मेसर्स जेनपैक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य देश की सेवा में अपना जीवन लगाने वाले पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के वास्ते कॉर्पोरेट कंपनियों और पूर्व सैनिकों को एक साझा मंच पर लाना है।

### माकपा विधायक को ईडी ने तलब किया

**कोच्चि, एजेंसी।** सीपीआई (एम) विधायक और केरल के पूर्व मंत्री ए.सी. मोइदीन द्वारा 31 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने में असमर्थता व्यक्त करने के एक दिन बाद, जांच एजेंसी ने उन्हें सोमवार को अपने कार्यालय में तलब करते हुए एक और नोटिस दिया। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की जांच से पता चला है कि त्रिशूर में करुवन्नूर सर्विस कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड से 150 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई थी, जहां से मोइदीन ने कुछ साल पहले जिला पार्टी के सचिव के रूप में काम किया था।

## मुख्यमंत्री ने बैठक में दिए निर्देश

# खेती के लिए पानी और बिजली की कमी न रहे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में हो रही सामान्य से कम वर्षा को देखते हुए आगामी माहों में सिंचाई के लिए पानी और बिजली की उपलब्धता की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बिजली के निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहीं भी स्टाफ के अभाव में बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके साथ ही कंट्रोल रूप व्यवस्था को भी हर समय सक्रिय रखा जाए।

बैठक में आगामी माहों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली की मांग और आपूर्ति प्रबंधन की विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में रबी सीजन में खेती के लिए पानी और बिजली की कमी न रहें।

बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव किसान-कल्याण एवं कृषि विकास अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से नवनियुक्त लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में भेंट की और उनका स्वागत किया।

## 4 राज्यों के बाद अब छत्तीसगढ़ का दल आज करेगा अध्ययन

# छोटे उद्योगों के भुगतान प्रकरणों के निराकरण के लिए बनाई गई व्यवस्था से अनेक राज्य प्रभावित

**भोपाल, देशबन्धु।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के शासकीय कार्यालयों में लंबित भुगतानों के विवादों के निपटारे के लिए बनाए गए फेसिलिटेशन काउंसिल की पारदर्शी कार्य-प्रणाली से उद्यमियों को हुए फायदे के बाद अनेक राज्य इसे अपने राज्य में लागू कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का 5 सदस्यीय दल भी शुक्रवार को भोपाल आएगा और कार्यवाही के लिए नियत बैठक में हिस्सा लेकर प्राधिकरण की रीति-नीति का अध्ययन करेगा।

उद्योग आयुक्त एवं एमएसएमई विभाग के सचिव पी. नरहरि इस फेसिलिटेशन काउंसिल के अध्यक्ष हैं और इसमें 2 ङ्क 2 शासकीय तथा अशासकीय सदस्य हैं। काउंसिल की हर माह दो बैठक होती हैं। फेसिलिटेशन काउंसिल में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों के लंबित भुगतान के प्रकरण दायर होते हैं, जिनमें बाकायदा तारीख पर सुनवाई होती है। प्रकरणों के लिए न ही कोई आवेदन शुल्क और न ही कोई फीस ली जाती है। काउंसिल की अब तक हुई 37 बैठक में 978 प्रकरणों को सुना गया है। इनमें से 637 का निराकरण कर उद्यमियों के पक्ष में 56 करोड़ 24 लाख 88 हजार से अधिक रूपये की राशि के अवार्ड भी पारित किए गए हैं। कुल 82 प्रकरणों में समझौता हुआ और निराकृत प्रकरणों का प्रतिशत 65 से अधिक है। काउंसिल अवार्ड मामलों में कलेक्टर को राजस्व वसूली प्रकरणों के रूप में दर्ज करवा कर भुगतान भी करवाती है। फेसिलिटेशन काउंसिल की कार्य-प्रणाली से प्रदेश के अन्य राज्यों ने भी प्रेरणा ली है। राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तथा गुजरात जैसे बड़े राज्यों के दलों द्वारा प्रणाली के अध्ययन के बाद उसे अपने राज्यों में लागू किया गया है।

## पश्चिमी बायपास से यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी: शर्मा

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से मध्यप्रदेश में अधोसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है और इसके परिणाम भी प्रदेश की उत्तरोत्तर प्रगति के रूप में दिखाई देने लगे हैं। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के मंत्रिमंडल ने गुरूवार को राजधानी भोपाल के जिस पश्चिमी बायपास को स्वीकृति प्रदान की है, उसके बन जाने से यात्रियों को तो सुविधा मिलेगी ही, भोपाल और प्रदेश के विकास को भी रफ्तार मिलेगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कही। राज्य मंत्रिमंडल द्वारा पश्चिमी बायपास को स्वीकृति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि समूचे क्षेत्र की विकास संबंधी आवश्यकताओं और यातायात के बढ़ते दबाव को महसूस करते हुए प्रदेश सरकार ने जिस उदारतापूर्वक पश्चिमी बायपास को स्वीकृति प्रदान की है, वह विकास के प्रति समर्पित और जनता की तकलीफों को अनुभव करने वाली कोई संवेदनशील सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों ने बंटाढार सरकार का वह दौर भी देखा है, जब प्रदेश की अधोसंरचना गर्त में चली गई थी। लोगों ने 15 महीनों की कमलनाथ सरकार को भी देखा है, जब छोटी से छोटी विकास संबंधी आवश्यकता के लिए भी भ्रष्टाचार में डूबी सरकार पैसे की कमी का बहाना बनाकर टाल देती थी। लेकिन अब सौभाग्य से प्रदेश में एक ऐसी सरकार है, जो प्रदेश में सिर्फ सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश को देश का सबसे विकसित और स्वर्णिम राज्य बनाने का लक्ष्य लेकर काम कर रही है।

## शहरी सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण के लिये 2990 करोड़ स्वीकृत

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शहरों की सड़कों की मरम्मत, निर्माण एवं रख-रखाव के लिये 2990 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि वर्ष 2023-24 में कायाकल्प अभियान के द्वितीय चरण के लिये 1200 करोड़ रूपये, विशेष केन्द्रीय सहायता (शहरी सुधार कार्यक्रम) के मास्टर प्लान की और 18 मीटर से अधिक प्रमुख सड़कों के निर्माण के लिये 1200 करोड़ रूपये और शहरी अधो-संरचना विकास निधि योजना में 590 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। गौरतलब है कि अभियान के प्रथम चरण में 350 करोड़ रूपये पूर्व में जारी किये जा चुके हैं। प्रथम चरण में स्वीकृत राशि से सड़क निर्माण के कार्य जारी हैं। कायाकल्प अभियान के दूसरे चरण में स्वीकृत राशि का 3 प्रतिशत अंश गुणवत्ता नियंत्रण और अन्य प्रशासनिक व्यय के लिये रखा गया है।

## भाजपा विधायक ने छोड़ी पार्टी, सिंधिया समर्थकों पर लगाए आरोप



**शिवपुरी, देशबन्धु।** कोलारस विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक वीरेन्द्र सिंह ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित पार्टी से कई जुड़े लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के को दिए इस्तीफे में उन्होंने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक मंत्रियों और नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने लिखा कि जानबूझकर भ्रष्ट अधिकारियों को उनके विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त किया जाता है, जिससे उनके काम में रुकावट पैदा हो।

श्री रघुवंशी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वह कुछ दिनों से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सहित शीर्ष नेतृत्व को इस बात से अवगत करा रहे थे, लेकिन इस बात को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने पार्टी छोड़ते समय यह भी आरोप लगाया कि ग्वालियर-चंबल संभाग में भाजपा में नए आए भाजपा के सदस्यों द्वारा उनके जैसे पार्टी कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा था। उन्होंने बीते 2014 और 2019 में लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए पूरी निष्ठा समर्पित भाव से काम किया था। विधायक श्री रघुवंशी ने का यह भी आरोप टीम सिंधिया पर लगाया कि है कि पहले वह किसानों की कर्ज माफी की बात करते थे लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद सिंधिया ने कर्ज माफी के बारे में बात तक करने को तैयार नहीं है।

### कांग्रेस में जाने की अटकलें

विधायक श्री रघुवंशी के भाजपा से इस्तीफा देने के साथ ही उनकी कांग्रेस में जाने की अटकलें तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि वह 2 सितम्बर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ व प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

## बिलकिस बानो मामला : सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों से उसकी मंजूरी के बिना जुर्माना जमा करने पर सवाल उठाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिलकिस बानो मामले में दोषियों से उनके अंतरिम आवेदन पर फैसले का इंतजार किए बिना जुर्माना जमा करने पर सवाल उठाया, खासकर तब, जब गुजरात सरकार के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई चल रही हो।

गुजरात सरकार ने बिलकिस के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में दोषियों को समय से पहले रिहाई की अनुमति दी थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ को अवगत कराया कि दोषियों ने मुंबई में ट्रॉयल कोर्ट से संपर्क किया है और उन पर लगाया गया जुर्माना जमा कर दिया है। उन्होंने तर्क दिया कि हालांकि जुर्माना जमा न करने से छूट के फैसले पर कोई असर नहीं पड़ता है, लेकिन उन्होंने अपने ग्राहकों को 'विवाद को कम करने' के लिए जुर्माना जमा करने की सलाह दी थी।

हालांकि, पीठ ने अदालत के समक्ष दायर उनके आवेदन के नतीजे का इंतजार किए बिना जुर्माना जमा करने पर सवाल उठाया। इसने पूछा, 'आप अनुमति मांगते हैं और फिर अनुमति प्राप्त किए बिना ही जमा कर देते हैं? शीर्ष अदालत ने कहा कि जब गुजरात सरकार ने पिछले साल 15 अगस्त को अपनी माफी नीति के तहत इन 11 दोषियों को रिहा करने की अनुमति दी थी, तब जुर्माना नहीं भरा गया था।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची के कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को दिए निर्देश

# दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम अनिवार्य रूप से हटाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने निर्वाचन सदन भोपाल में आज आरओ, एईआरओ, सुपरवाईजर और बीएलओ के साथ बैठक की।

श्री राजन ने भोपाल जिले की मतदाता सूची का अवलोकन कर बीएलओ से भौतिक सत्यापन के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्री राजन ने कहा कि मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी मृत व दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता का नाम सूची में दर्ज नहीं होना चाहिए यह सुनिश्चित करें। जीरो टॉरलेस पॉलिसी के आधार पर कार्य करें। हर एक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए। सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्वाचन के कार्य को गंभीरता से लें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की समय सीमा 31 अगस्त से बढ़ाकर 11 सितंबर कर दी गई है।

# इंदौर के इतिहास में जुड़ा नया अध्याय, मेट्रो के कोच इंदौर पहुंचे

### मेट्रो का ट्रायल रन इसी माह में प्रस्तावित



**भोपाल, देशबन्धु।** इंदौर के इतिहास में गौरवशाली उपलब्धि में गुरूवार के दिन एक नया अध्याय जुड़ा। इस दिन इंदौर में मेट्रो के सपने को साकार करने की दिशा में एक नई कड़ी जुड़ गई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में इंदौर में मेट्रो की विश्व-स्तरीय सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से जारी है। कल रात विशाल ट्रालों में पहुंचे मेट्रो के तीन कोच को आज सुबह इंदौर के गांधी नगर स्थित मेट्रो डिपो में पूजा-अर्चना कर कोच को पटरी पर उतारने के कार्य की शुरुआत की।

लगभग 6 किलोमीटर लम्बाई में इंदौर मेट्रो का ट्रायल रन सितम्बर में होना प्रस्तावित है। मेट्रो आने से इंदौर देश के विकसित शहरों में शामिल हो जायेगा और शहर के विकास को नई गति मिलेगी। मेट्रो रेल कार्पोरेशन की टीम पूरी मुस्तैदी से दिन रात कार्य कर मेट्रो परियोजना को तेज गति से पूरा करने में लगी हुई है। इंदौर में आज जब पीले कलर के चमचमाते कोच पटरी पर उतारे गये तो खुशी एवं उत्साह का अद्भुत वातावरण मेट्रो डिपो में देखने को मिला। सांसद शंकर लालवानी ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों और तकनीकी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में साकार होते देख मन बेहद आनंदित है। यह हमारे लिये गर्व की बात है कि इंदौर शहर भी मेट्रो शहर बनने जा रहा है। इस मौके पर उपस्थित मेट्रो रेल कार्पोरेशन के डायरेक्टर (तकनीकी) शोभित टंडन ने उन्होंने बताया कि इंदौर आये तीन कोच की क्षमता लगभग 900 यात्रियों की रहेगी।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं RANITA DEVI पत्नी Army no 15798961N Rank NK (Gnr) Name BIPIN KUMAR of Unit- SQAE(A) Khamaria, Jabalpur MP 482005 Presently residing at Vill- BARKI MAHMADPUR, PO- BAKHTIYARPUR, Teh- BAKHTIYARPUR, DISTT-PATNA (BIHAR) PIN- 803212, शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा नाम RANITA DEVI से RANITA KUMARI परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में सलग्न है द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 31/08/2023 नोटरी जबलपुर मप्र।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मोहम्मद सलीम अंसारी आयु 45 वर्ष पिता मोहम्मद रमजान निवासी - म.न. 388/4, मोमिनपुरा बेनी सिंह की तलैया, डॉ. जाकिर हुसैन वॉर्ड, गोहलपुर, जिला जबलपुर म. प्र 482001 आधारकार्ड नं. 835878788357 मो. नं. 7771809671 शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर स्थाई रूप से निवास करता हूँ।

2. यह कि मुझ शपथकर्ता का पासपोर्ट क्र. G6909545 में मेरा नाम मोहम्मद सलीम दर्ज है ।

3. यह कि, मेरा सही नाम मोहम्मद सलीम अंसारी है, जो कि मेरे आधारकार्ड एवं पेन कार्ड में भी दर्ज है, जिसकी छायाप्रति मैं इस शपथपत्र के साथ संलग्न कर रहा हूँ।

4. यह कि, मेरे उक्त पासपोर्ट में मेरा सही नाम मोहम्मद सलीम अंसारी दर्ज कर लिखा पढ़ा जाये, शपथपत्र के आधार पर मेरा नाम परिवर्तन किया जाये।

**शपथकर्ता**
**मोहम्मद सलीम अंसारी**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 31/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री व्यास सिंह पिता श्री जोगेन्द्र सिंह, श्रीमती गीता सिंह पत्नी व्यास सिंह ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. -33 ख.नं.-107-19/3/1 धोबीघाट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46601812, 1000386823 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1200 व.फु जिस पर निर्मित भूतल 1200 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज नायब सूबेदार सोमनाथ घोष पिता स्व. श्री ज्योतीन्द्रनाथ घोष का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- स.क्र.11/19-20/
दिनांक 28/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री अरिहन्त मडवरिया पिता विरधी चंद मडवरिया 2. श्रीमती अनीता मडवरिया पति श्री अरिहन्त मडवरिया ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक एफएफ-4 ई 01 अनन्तारा रिसोर्ट तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002768440 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल .... व.फु. प्रथम तल 1625 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती प्रतिभा वर्मा पति श्री जे.के. वर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि. 29/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुतपा सरखेल पत्नी श्री तपन सरखेल ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 31 टी.एफ-8 न्यूग्रीन व्यू अपार्टमेंट सिविल लाईन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 44502816, 1000400101 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ... व.फु. तीसरी मंजिल-1166 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री आशीष चक्र नारायण पिता श्री विजय चक्र नारायण का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.29.8.2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती देवकीरानी पत्नी मछि रविप्रसाद 2. श्री मछि रवि प्रसाद पिता मछि वेंकट राव ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक फ्लेट नं. - 405 कृष्णा वर्टिकल सम्पत्ति के पिन क्रमांक 45002532, 1000364509 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा .... व.फु. जिस पर चौथी मंजिल 787 व.फु. आर.सी.सी. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री समरजीत सिंह बैस पिता स्व. श्री अजीत सिंह बैस का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर, जिला-जबलपुर**
रा.प्र.क्रं.-/1054/अ-6/2023-24
**//आम इश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम महानदी, नं.बं. 663, पटवारी हल्का नंबर 6 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवचरन वल्द श्री खरगा निवासी- मित्रा नगर, क्वार्टर नं. 158 खमरिया, जबलपुर के द्वारा ग्राम महानदी, नंबर बंदोबस्त 663, पटवारी हल्का नंबर 6, रा.नि.मं. गढ़ा, तह. गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 43 रकवा 0.1830 हेक्टेयर भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 5732 दिनांक 22/09/01970 को क्रय करने के आधार पर नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपित्तयों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक -16/08/23
सुनवाई दिनांक-01/09/23
**तहसीलदार गोरखपुर कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर**

फौती नामांतरण
**न्यायालय तहसीलदार राँझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./0564/अ-6/2023-24
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार गुप्ता पिता स्व. अविनाश चंद्र गुप्ता नि.- डॉ. बराट रोड नेपियर टाउन ने नजूल ब्लाक नं. 05 प्लाट नं. 14/7 निर्मित रकवा/रकवा 14806.04 व.फु./ अवि.हिस्सा...ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा 14806.04 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक 15/12/1966 मृत्यु दिनांक ... को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथपत्र खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 05 प्लाट नं. 14/7 निर्मित रकवा/रकवा 14806.04 व.फु./अवि. हिस्सा.../ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा 14806.04 व.फु./हे. सुमन लाल गुप्ता पति स्व. अविनाश चंद गुप्ता बगैरा. के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 05/09/2023 को इस न्यायालय तहसील राँझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 23/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 23/08/2023**
**पेशी दिनांक 05/09/2023**

र.नं.- 1085
**तहसीलदार राँझी जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र/.../अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 28/08/2023
**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सुधा जैन व अन्य पति स्व.श्री विजय कुमार जैन निवासी 104, अन्नूर्णा मंदिर के पास, महात्मा गांधी वार्ड जबलपुर के द्वारा ब्लाक 49 न.ब.-प.ह.नं. ... स्थित भूमि प्लाट नंबर नं. 5/2 में से रकवा 900 वर्गफुट भूमि पर विजय कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 01/10/2017 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 12/09/23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक-28/08/2023**
**पेशी दिनांक-12/09/2023**

र.नं.-1083
**तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र/1059/अ-6/2023-2024
**इश्तहार**

आवेदक यास्मीन खान व अन्य पिता स्व. श्री सुंरूर खान निवासी खेरमाई वार्ड 2775 अनवरगंज द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक ... दिनांक... के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लाक 35 नं.बं. ... प.ह.नं...... स्थित भूमि खसरा नं./प्लाट नं. 3, 4, रकवा 2275 वर्गफुट पर विक्रेता/वसीयतकर्ता समीना बी पिता स्व. मंजूर अहमद नि. खेरमाई वार्ड 275 से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-11 खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 12/09/23 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्ति आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 22/08/23 इश्तहार किया गया।

**जारी दिनांक-22/08/2023**
**पेशी दिनांक-12/09/2023**

र.नं.-1084
**नायब तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

जबलपुर, शुक्रवार 01 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मुम्बई बैठक से बढ़ी 'इंडिया' की ताकत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले से अड़चन में लाने वाले विवादास्पद कारोबारी गौतम अदानी को लेकर हुए नये खुलासों, चीन द्वारा जारी नये नक्शे से पीएम द्वारा झूठ बोला जाना साबित हो जाने, संसद के 18 से 22 सितम्बर तक अचानक बुलाए गये विशेष सत्र, नज़दीक आती जी-20 की बैठक जैसे मुद्दों के बीच 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार को चुनौती देने के लिये बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूज़िव एलाएंस) की दो दिवसीय बैठक गुरुवार को जिस सकारात्मक नोट के साथ प्रारम्भ हुई है, वह आशा बंधाती है कि भारत को जिस आर्थिक बदहाली, सामाजिक विखंडन और कुप्रबन्धन के गर्त में इस सरकार ने डाल रखा है, उससे उबारने के लिये देशवासियों के सामने एक मजबूत विकल्प साकार हो सकेगा। इस दो दिवसीय बैठक में इंडिया का शुभंकर यानी लोगो, संयोजकों का मनोनयन, सीटों का बंटवारा, भावी कार्यक्रम जैसे विषयों पर फैसले होने हैं जिसके बाद इंडिया के घटक दल चुनावी तैयारियों में लग जायेंगे।

इसी वर्ष जून में बिहार की राजधानी पटना तत्पश्चात जुलाई में कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में हुई बैठकों की कड़ी में यह तीसरा महाजुटान है। पटना बैठक में 16 विपक्षी दल इसमें शामिल हुए थे, जबकि बेंगलुरु में 26 दल आ जुड़े थे। अबकी बार दो नये दल भी इंडिया से आ मिले हैं जो बतलाता है कि सामूहिक प्रतिपक्ष सघन और विस्तृत दोनों ही हो रहा है। जिन दलों को लेकर संशय था, वे भी संयुक्त विपक्ष का हिस्सा बनते गये (जैसे आम आदमी पार्टी) या जिन नेताओं की निष्ठा पर शक जाहिर किया जा रहा था, वे भी साथ हैं। ऐसों में एनसीपी के सुप्रीमो शरद पवार मुख्य हैं जिनके बारे में कहा जा रहा था कि वे कभी भी पाला बदल सकते हैं। उनके बारे में ऐसा सोचने का कारण यह था कि उनके भतीजे और कुछ प्रमुख समर्थक उनसे अलग होकर महाराष्ट्र की उस मिली-जुली सरकार का हिस्सा हैं जिसके अन्य घटक दल भाजपा तथा शिवसेना का एकनाथ शिंदे वाला धड़ा है। वही पवार इस वक्त इंडिया के प्रमुख नेताओं में से एक हैं और शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के पुत्र व उद्धव धड़े के प्रमुख हैं। वे पवार के ऐसे सहयोगी हैं जिनके बल पर भाजपा-शिंदे-अजित पवार (शरद पवार के भतीजे, जो अलग हुए नेताओं में से एक हैं) की सरकार वाले महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई में इंडिया की बैठक कर रहे हैं। इसके पहले हुई बैठकें उन राज्यों में हुई थीं जिनमें इंडिया में शामिल दलों की सरकारें हैं। बिहार में जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) व राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की, तो कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है।

यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब नये खुलासों के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति की संगठन ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) ने नया धमाका किया है जिसमें बतलाया गया है कि गौतम अदानी एवं उनके भाई विनोद अदानी ने अपनी ही राशि से खुद की कम्पनियों के शेयर खरीदकर उस नियम का उल्लंघन किया है जिसके तहत कोई भी कम्पनी का प्रमोटर इनसाइड ट्रेडिंग नहीं कर सकता। निर्धारित संख्या में कुछ शेयर छोटे निवेशकों द्वारा खरीदे जाते हैं। इस रिपोर्ट को दो प्रसिद्ध अखबार 'गार्डियन' और 'दी फाइनेंशियल टाइम्स' ने भी प्रकाशित कर बतलाया है कि मोदी के साथ ही निवेशकों के हितों की रक्षा करने के जिम्मेदार सेबी, जांच एजेंसियों आदि ने भी अदानी को बचाने में भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले हिंडनबर्ग रिपोर्ट आई थी जिसमें कहा गया था कि मोदी ने गौतम अदानी को फायदा पहुंचाया था। राहुल गांधी बार-बार यह मामला उठाते आए हैं। उन्होंने पिछले साल निकाली अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' में इस मुद्दे को उठाया था तथा मोदी-अदानी के रिश्तों के बारे में लोकसभा में सवाल उठाये थे। इसके चलते एक अवमानना मामले का सहारा लेकर राहुल को लोकसभा से निलम्बित कर दिया गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट में भी है और सेबी भी अड़चन में दिख रहा है जिसने अदानी को क्लीन चिट दी थी। इसी मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में संयुक्त संसदीय समिति बनाने की मांग की गई थी जिसे सरकार ने नकार दिया था।

मुम्बई के बैठक स्थल पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने इस मामले को उठाते हुए कहा कि जी-20 की बैठक भारत में होने जा रही है। ऐसे में यह रिपोर्ट सामने आना देश की प्रतिष्ठा के प्रतिकूल है क्योंकि इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि अदानी परिवार मोदी के करीबी हैं। राहुल ने कहा कि इस लेन-देन में दो विदेशी नागरिक नासेर अली शबान अली तथा चेंग चुंग चिंग भी सम्बद्ध हैं जो भारत की सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा है। उन्होंने अपना पुराना सवाल दोहराया कि जो पैसा लगाया गया है, वह किसका है। राहुल के अनुसार 10 लाख डॉलर भारत से बाहर गया और फिर घूमकर भारत की अदानी की कम्पनियों में निवेश हुआ जिससे उनके शेयरों में उछाल आया एवं सरकारी परिसम्पत्तियों को इसी राशि से खरीदा गया।

कहना न होगा कि इन कारणों से पहले से परेशान मोदी तथा भाजपा इंडिया की बढ़ती ताकत से और संकट से घिरते जा रहे हैं। वैसे तो इंडिया के जवाब के रूप में एनडीए की भी बैठक बुलाई गई है जिसमें 38 सदस्य हैं। यह अलग बात है कि इनमें से 24 पार्टियां ऐसी हैं जिनका किसी भी राज्य की विधानसभा या लोकसभा में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। बेशक, इंडिया की मुम्बई बैठक संयुक्त प्रतिपक्ष की बढ़ती ताकत का गवाह पहले ही दिन बन गई है।

# आपातकालीन खाद्यान्न आपूर्ति के लिए भारत की ओर देख रहे हैं बांग्लादेश और नेपाल

■ आशीष विश्वास

भारत और बांग्लादेश दोनों अगले साल की शुरुआत में आम चुनाव कराने की तैयारी कर रहे हैं, परन्तु संबंधित अधिकारियों को प्रभावी खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बेहद कठिनाई हो रही है।

नेपाल आने वाले त्यौहार के मौसम में बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए भारत से बड़ी मात्रा में चावल, गेहूं और धान बेचने का आग्रह कर रहा है, और उम्मीद की जा रही है कि दिल्ली एक विशेष उपाय के रूप में खाद्यान्न निर्यात पर अपने वर्तमान प्रतिबंध में ढील देगी। नेपाली प्रशासन, जिसने हाल ही में फसल की कीमतों को स्थिर करने या कम करने में भारत की मदद करने के लिए टमाटर की पर्याप्त मात्रा बेची है, ऐसे समय जब देश के अधिकांश राज्यों में 140 - 200 रुपये के बीच था, उम्मीद की जा रही है कि भारत भी उसके लिए कुछ करेगा।

खाद्य पदार्थों के साथ-साथ ईंधन की बढ़ती कीमतें, मौजूदा मुद्रास्फीति के रुझान में योगदान दे रही हैं, जो अभी भी भारत के क्षेत्रीय पड़ोसियों के बीच प्रमुख चिंता बनी हुई है। अत्यधिक गर्मी और अनियमित तथा घटती बारिश के साथ वैश्विक तापमान वृद्धि के विनाशकारी प्रभावों ने अधिकांश स्थानों में फसल उत्पादन को प्रभावित किया है।

यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया भर में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पहले ही बाधित हो चुकी है, जिसके जल्द ख़त्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। भारत से प्रमुख अनाज और संबंधित आयात के बिना, नेपाल और बांग्लादेश को पहले से ही ऊंची कीमतों के और बढ़ने की गंभीर संभावना का सामना करना पड़ रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर मुद्रास्फीति बढ़ेगी।

बांग्लादेश लघु और मध्यम अवधि के लिए चावल और गेहूं की गारंटीकृत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रूस और म्यांमार के साथ तत्काल बातचीत कर रहा है। ढाका की रिपोर्टों से पता चलता है कि देश की मौजूदा स्टॉक स्थिति स्वस्थ है। लेकिन 2024 की शुरुआत में, जब चुनाव होंगे, मौजूदा भंडार ख़त्म हो जायेगा। रूस और म्यांमार दोनों ने बिक्री मूल्यों का उल्लेख किया है जो बांग्लादेश को बहुत अधिक लगता है। यह भी निश्चित नहीं है कि म्यांमार ढाका की अनाज मांगों को पूरी तरह से पूरा कर सकता है।

दुनिया भर में व्याप्त कठिन आर्थिक स्थिति को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि अधिक बातचीत की आवश्यकता होगी और नीति निर्माताओं के लिए आगे कुछ कठोर सौदेबाजी करना बुद्धिमानी होगी, जिसमें बेचने वाले देश अपने लाभप्रद स्थिति का आनंद ले रहे हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि नेपाल के साथ-साथ बांग्लादेश भी एक कठिन परिस्थिति में बड़ी मदद के लिए भारत पर भरोसा कर रहा है।

> **भारत ने हमेशा की तरह, अपने पड़ोसियों की ज़रूरत की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालिया वार्ता के बाद बांग्लादेश ने पहले ही भारत से आवश्यकताओं की एक संशोधित सूची जमा कर दी है। लेकिन नेपाल के साथ-साथ उसे अभी भी भारत पर भरोसा है कि वह प्रमुख रूप से उसकी मदद करेगा।**

इन देशों के बीच अच्छे पड़ोसी संबंध एक निश्चित लाभ हैं। श्रीलंका और चीन के साथ, बांग्लादेश और नेपाल सामान्य समय में भारत में उत्पादित चावल के नियमित आयातक रहे हैं। उदाहरण के लिए, नेपाल ने 2021 में 1.4 मिलियन टन भारतीय चावल का आयात किया, जिसकी लागत 473 मिलियन डॉलर से अधिक थी। बांग्लादेश ने 2022 में अपने कुल चावल आयात का 37 प्रतिशत भारत से खरीदा, और 2.81 मिलियन डालर से अधिक खर्च किया।

हालांकि, 2023 के अंत और 2024 की पहली तिमाही तक, भारत को अपनी विशेष मजबूरियों से जूझना होगा। संकेतों के मुताबिक लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य में होंगे। खाद्य कीमतें एक बड़ा मुद्दा होंगी। बहुत कुछ चावल, गेहूं, धान और दाल की किस्मों के घरेलू उत्पादन पर निर्भर करेगा। वर्तमान फसल-पूर्व संकेत शायद ही उत्साहवर्धक हों।

दक्षिणी राज्यों से शुरुआत करते हुए, अलनीनो कारक के कारण पूर्व और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में मानसून वर्षा में गिरावट की उम्मीद है। इसलिए अधिकांश अर्थशास्त्रियों और योजनाकारों को समग्र खाद्य/सब्जी उत्पादन में कमी की आशंका है। मात्रा में कमी के परिणामस्वरूप उच्च कीमतें होने की संभावना है, जिसे मौजूदा भंडार का उपयोग करके केवल आंशिक रूप से पूरा किया जा सकता है। 2024 के चुनावों से पहले लंबी तैयारी अवधि के दौरान यह मुद्दा राजनीतिक रूप से संवेदनशील होने के साथ-साथ निर्णायक भी हो सकता है। बेरोजगारी, गिरते निर्यात और औद्योगिक उत्पादन के वर्तमान स्तर के साथ भारत की अपनी अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी नहीं चल रही है। कोई आश्चर्य नहीं कि भारत सरकार ने चावल और चीनी आदि के अपने सामान्य निर्यात पर फिलहाल प्रतिबंध लगा दिया है।

सवाल उठता है कि प्रभावी घरेलू शासन को बनाये रखने और अपने आर्थिक रूप से संकटग्रस्त पड़ोसियों की मदद की बेताब अपीलों को पूरा करने के बीच भारत सरकार कितनी कुशलता से एक नाजुक संतुलन बना सकती है? दक्षिण एशियाई क्षेत्र में एक सर्वमान्य नेता होने की भारत की पारंपरिक भूमिका को देखते हुए, विश्वव्यापी आर्थिक संकट के दौरान पड़ोसियों की मदद करना कोई हल्के में लिया जाने वाला कार्य नहीं है। इस बीच, काठमांडू और ढाका की मीडिया रिपोर्टों को देखते हुए, नीति निर्माता यह नहीं छिपाते कि उन्हें गर्मी के साथ-साथ आम लोगों के बीच बढ़ते तनाव का भी एहसास है। बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी ने उन वस्तुओं की तत्काल आवश्यकताओं की एक सूची के साथ हाल ही में भारत का दौरा किया, जिनकी ढाका को सख्त जरूरत थी। इससे पहले दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने एक द्विपक्षीय समझौते पर काम करने पर सहमति व्यक्त की थी जो भारत से निश्चित मात्रा में आपूर्ति की गारंटी देगा।

बांग्लादेश की मजबूरी का आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है, यह देखते हुए कि सत्तारूढ़ अवामीलीग (एएल) पहले से ही अपने सबसे कट्टर प्रतिद्वंद्वी बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) के खिलाफ चुनाव पूर्व अभियान में लगी हुई है। इस प्रकार, चुनाव से पहले बांग्लादेश के लिए किसी प्रकार की खाद्य सुरक्षा हासिल करना, शत्रुतापूर्ण पश्चिम की नज़र में, सत्तारूढ़ एएल के लिए पहली प्राथमिकता है। वे पहले से ही घटनाक्रम पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहे हैं!

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नेपाल ने भारत पर कम से कम 100,000 टन चावल, 10 लाख टन धान और 50,000 टन चीनी की आपूर्ति करने का दबाव डाला है। जहां तक बांग्लादेश की बात है, वह 15,00,000 टन से अधिक चावल, 10,00,000 टन चीनी और 26,00,000 टन गेहूं का आयात करना चाहेगा। निकट भविष्य में इसके लिए पर्याप्त मात्रा में लहसुन, अदरक, प्याज और दाल की भी आवश्यकता होगी।

मंत्रियों और भारत सरकार के अधिकारियों ने संकेत दिया है कि भारत की अपनी मजबूरियों को देखते हुए वर्तमान स्थिति में इतनी मात्रा में खाद्यान्न आदि का निर्यात संभव नहीं हो सकता है। दोनों देशों से कहा गया है कि वे अपने प्रारंभिक आदेशों की मात्रा को यथासंभव कम करें। हालांकि, भारत ने हमेशा की तरह, अपने पड़ोसियों की ज़रूरत की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालिया वार्ता के बाद बांग्लादेश ने पहले ही भारत से आवश्यकताओं की एक संशोधित सूची जमा कर दी है। लेकिन नेपाल के साथ-साथ उसे अभी भी भारत पर भरोसा है कि वह प्रमुख रूप से उसकी मदद करेगा।

# हबीब तनवीर : जो अपने जीते जी गाथा पुरुष बन गए

■ ज़ाहिद ख़ान

बीसवीं सदी के चौथे दशक में मुल्क के अंदर तरक्क़ी पसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। इप्टा के नाटक अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता और सरोकारों के चलते पूरे मुल्क में मक़बूल हो रहे थे। इप्टा से जुड़े हुये अदाकार-निर्देशकों ने हिंदोस्तान में पहली बार लोक नाट्य स्वरूपों को समकालीन सार्थक रूप में प्रस्तुत किया। हबीब तनवीर भी आज़ादी की जद्दोजहद के उस दौर में इप्टा के अभिन्न हिस्सा थे। एक वक्त तो ऐसा भी आया कि उन्हें इप्टा को पूरी तरह संभालना पड़ा। जन आंदोलन के दौरान साथियों की गिरफ़्तारी के बाद, कुछ ऐसे हालात बने कि इप्टा की सारी ज़िम्मेदारी तनवीर के ऊपर आ गई। साल 1948-50 के बीच उन्होंने नाटक लिखने के साथ-साथ उनका निर्देशन भी किया। अपने आत्मकथ्य 'ए लाईफ़ इन थियेटर' में हबीब तनवीर लिखते हैं, ''दरअसल निर्देशन मुझ पर आरोपित किया गया। वह मेरा चुनाव नहीं था, मेरा चुनाव तो अभिनय था।'' मुंबई में प्रगतिशील लेखक संघ के संस्थापक सज्जाद ज़हीर के घर होने वाली साप्ताहिक बैठकों में हबीब तनवीर नियमित तौर पर जाते थे। इन साहित्यिक बैठकों में तनवीर अपनी पुर—कशिश आवाज़ में शायरी पढ़ते, जो बहुत पसंद की जाती। उनकी ग़ज़लों का पहला सेट जिसमें छह ग़ज़लें शामिल थीं, अली सरदार जाफ़री द्वारा संपादित उर्दू के मक़बूल रिसाले 'नया अदब' में एक साथ शाए हुईं।

1 सितंबर, 1923 में अविभाजित मध्यप्रदेश के रायपुर में जन्मे हबीब अहमद ख़ान की शुरुआती तालीम रायपुर में हुई। शायरी से लगाव के चलते, उन्होंने 'तनवीर' अपना तख़ल्लुस चुना। नाटक में पूरी तरह उतर जाने के बाद, शायरी तो उनसे काफ़ी पीछे छूट गई। अलबत्ता 'तनवीर' उनके नाम के आगे हमेशा के लिए जुड़ा रहा। नागपुर के मॉरिस कॉलेज से उन्होंने बी.ए. किया। बाद में एम.ए. उर्दू के लिए अलीगढ़ गए और फ़िल्मों का शौक़ उन्हें आखिरकार, मुंबई ले आया। मुंबई में पैर जमाने के लिए उन्होंने जमकर संघर्ष किया। कई छोटे-मोटे काम किए। मसलन आकाशवाणी में संगीतात्मक रूपक, पत्र-पत्रिकाओं में फ़िल्मी समीक्षा, विज्ञापन फ़िल्मों की स्क्रिप्ट वगैरह लिखीं। तनवीर की जी तोड़ मेहनत ज़ल्द ही रंग लाई। थोड़े ही अरसे के बाद, उन्हें अपनी मंजिल-ए-मक़सूद यानी फ़िल्मों में भी मौक़ा मिल गया। लिहाज़ा उन्होंने फ़िल्मों में अदाकारी की और कई फ़िल्मों के गाने और संवाद भी लिखे।

> **हबीब तनवीर के हर नाटक में एक मक़सद है, जो नाटक के अंदर अंतर्धारा की तरह बहता है। मसलन नाटक 'आगरा बाज़ार' में भाषा और अदब के जानिब कुलीन और जनवादी नज़रियों के बीच कशमकश है, तो 'चरनदास चोर' सत्ता, प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल उठाता है। 'हिरमा की अमर कहानी' और स्टीफ़न ज्वाईग की कहानी पर आधारित 'देख रहे हैं नयन' सियासी नाटक हैं, जो हर दौर में सामायिक रहेंगे।**

बंबई में फ़िल्मों और पत्रकारिता में मसरूफ़ियत के बावजूद हबीब तनवीर प्रगतिशील लेखक संघ और इप्टा से जुड़े रहे। इप्टा से जुड़कर, उन्होंने कई नुक्कड़ नाटक लिखे और निर्देशित किए। 'शांतिदूत कामगार' उनका लिखा और निर्देशित पहला नाटक था। बीसवीं सदी के पांचवें दशक में हबीब तनवीर मुंबई से दिल्ली आ गए। यहां आकर उन्होंने अपना नाटक 'शतरंज के मोहरे' दोबारा लिखा और इसमें ख़ालिस लखनवी उर्दू ज़बान का इस्तेमाल किया। नाटक इस बार ज़्यादा कामयाब साबित हुआ। साल 1954 में लिखा 'आगरा बाज़ार' वह नाटक था, जिसने हबीब तनवीर को शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचा दिया। अठारहवीं सदी के मशहूर अवामी शायर नज़ीर अकबरावादी की ज़िंदगी और रचनाओं पर आधारित नाटक 'आगरा बाज़ार' में उन्होंने न सिर्फ़ आम आदमी की ज़िंदगी और उसके रोज़मर्रा के सरोकारों को अपना विषय बनाया, बल्कि लेखन में भी वह मुहावरा और तरीक़ा बरता, जो पारंपरिक अभिजन कविता के आदाब और मौज़ूअ के बिल्कुल ख़िलाफ़ था।

हबीब तनवीर ने थिएटर की आला तालीम लंदन के प्रसिद्ध थिएटर स्कूल 'रॉयल अकादमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स' यानी 'राडा' से हासिल की। इस दरमियान उन्होंने यूरोप में तीन साल बिताए। इन तीन सालों में उन्होंने यूरोपीय रंगमंच को क़रीब से देखा। ख़ासकर बर्लिन में तो तनवीर ने आठ महीने गुज़ारे, जहां जर्मन नाटककार बर्तोल्त ब्रेख्त की नाट्य प्रस्तुतियां देखीं। बर्तोल्त ब्रेख्त के नाटकों से हबीब तनवीर ने काफ़ी कुछ सीखा। उनके नाटकों में हमें जो जनपक्षधरता दिखाई देती है, उसमें ब्रेख्त के नाटकों का बड़ा योगदान है। हिंदुस्तान वापसी पर तनवीर की पहली प्रस्तुति हिंदुस्तानी थिएटर के बैनर पर हुई। शूद्रक के संस्कृत नाटक 'मृच्छकटिकम्' के हिंदी अनुवाद 'मिट्टी की गाड़ी' को उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के साथ रंगमंच पर उतारा। इस नाटक में उन्होंने पूरी तरह से लोक रंगमंच की पारंपरिक शैली और तकनीक का प्रयोग किया। नाटक को एक ख़ास हिंदोस्तानियत में ढाला। ज़ाहिर है, नाटक बेहद मक़बूल हुआ।

लोक अदब और लोक रिवायतों से हबीब तनवीर को बेहद लगाव था। उन्होंने कई लोक कथाओं को विकसित कर नाटक में तब्दील किया। मसलन 'जालीदार पर्दे'-रूसी लोक कथा पर आधारित है, तो 'सात पैसे'-चेकोस्लोवाकिया की लोककथा, 'अर्जुन का सारथी'-छत्तीसगढ़ी कहानी, 'गांव के नाव ससुराल, मोर नाव दामाद'-छत्तीसगढ़ी लोककथा, 'ठाकुर पृथ्वीपाल सिंह'-राजस्थानी लोककथा, 'चरनदास चोर'-राजस्थानी लोककथा, 'बहादुर कलारिन'-छत्तीसगढ़ी लोककथा, 'सोनसागर'-बिहारी लोककथा, 'हिरमा की अमर कहानी'-आदिवासी लोककथा पर आधारित नाटक हैं। इन नाटकों की ख़ासियत ये है कि तनवीर ने इन लोक कथाओं को सीधे-सीधे ड्रामा रूप में तब्दील नहीं किया है, बल्कि लोककथा के केन्द्रीय विचार को लेकर अपने हिसाब से नाटक में विस्तारित किया। इम्प्रोवाइज किया। यही नहीं इन नाटकों को उन्होंने मौजूदा परिवेश से भी जोड़ा, जो लोगों को ख़ूब पसंद आया।

साल 1959 में हबीब तनवीर ने नाटक के एक नये ग्रुप 'नया थिएटर' की नींव रखी। 'सात पैसे', 'रुस्तम सोहराब', मोलियर का 'द बुर्जुआ जेंटलमैन', 'मेरे बाद' वगैरह उनके इस ग्रुप के शुरुआती नाटक थे। दिल्ली में जीविकायापन के लिये हबीब तनवीर ने नाटक के साथ-साथ स्वतंत्र पत्रकारिता भी की। 'लिंक', 'स्टेट्समेन', 'पेट्रिएट' के लिये उन्होंने फ़िल्म समीक्षा, नाट्य समीक्षा आदि लिखीं। इस दरमियान 'संगीत नाटक अकादमी' ने तनवीर से उनके मशहूर नाटक 'आगरा बाज़ार' का पुनर्सृजन करने के लिए कहा। इस बार तनवीर ने 'आगरा बाज़ार' के संगीत में छत्तीसगढ़ी लोकधुनों के अलावा दीगर प्रयोग किए, जो काफ़ी हिट रहे। नाटक बेहद मक़बूल हुआ। नाटक के सैकड़ों शो हुए। गोयाकि 'आगरा बाज़ार' और हबीब तनवीर एक दूसरे के पर्याय हो गए। नाटक 'चरनदास चोर' तक आते-आते हबीर तनवीर ने अपनी एक अलग पहचान बना ली थी। उनके नाटक ख़ालिस छत्तीसगढ़ी मुहावरे में खेले जाते। 'अर्जुन का सारथी', 'गौरी-गौरा', 'चपरासी', 'गांव के नाव ससुराल, मोर नाम दामाद' आदि नाटक पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य शैली नाचा में खेले गए। इन नाटकों को महानगरीय दर्शकों ने भी ख़ूब सराहा।

साल 1975 में 'चरनदास चोर' के साथ ही तनवीर की शैली और प्रस्तुति ने अपनी पूर्णता पा ली। इसके बाद उन्होंने अपनी शैली को बिल्कुल नहीं बदला और आख़िर तक इसी शैली में नाटक खेलते रहे। नाटक 'चरनदास चोर' के कथ्य की ताज़गी और दिलचस्प व आकर्षक पेशकश ने पूरे मुल्क में तहलका मचा दिया। एक शुद्ध लोक कहानी को बिल्कुल नया रूप देकर, मौजूदा हालात से जोड़कर कैसे सामायिक बनाया जा सकता है ?, इसकी एक शानदार मिसाल है 'चरनदास चोर'। साल 1982 में एडिनबरा के विश्व ड्रामा फेस्टिवल में बावन मुल्कों के ड्रामों के बीच 'चरनदास चोर' की कामयाबी ने हबीर तनवीर और नया थिएटर को दुनियावी स्तर पर मक़बूल कर दिया। 'चरनदास चोर' के ज़रिए तनवीर ने ये साबित कर दिखाया कि लोक परंपराओं के मेल और देशज रंग पद्धति से कैसे आधुनिक नाटक खेला जा सकता है।

हबीब तनवीर द्वारा विकसित रंगमंच सिर्फ़ लोक रंगमंच ही नहीं था, बल्कि वह आधुनिक रंगमंच भी था। तनवीर आधुनिक दृष्टि वाले नाट्य निर्देशक थे। उनके पास इतिहास और सियासत की गहरी समझ थी। उनका लोककला में दिलचस्पी लेना और लोक मुहावरों में काम करना, वैचारिक फ़ैसला था। और अपने इस फ़ैसले पर वे आखिर तक क़ायम रहे। नाटक 'आगरा बाज़ार' से लेकर 'एक औरत हिपेशिया भी थी' तक उन्होंने दर्जन भर से ज़्यादा अर्थपूर्ण नाटक लिखे और निर्देशित किये। अपने नाटकों के ज़रिए वे दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ, उन्हें सम-सामयिक मुद्दों से भी जोड़ते रहे। हबीब तनवीर के हर नाटक में एक मक़सद है, जो नाटक के अंदर अंतर्धारा की तरह बहता है। मसलन नाटक 'आगरा बाज़ार' में भाषा और अदब के जानिब कुलीन और जनवादी नज़रियों के बीच कशमकश है, तो 'चरनदास चोर' सत्ता, प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल उठाता है। 'हिरमा की अमर कहानी' और स्टीफ़न ज्वाईग की कहानी पर आधारित 'देख रहे हैं नयन' सियासी नाटक हैं, जो हर दौर में सामायिक रहेंगे। 'बहादुर कलारिन' में वे सामंतवाद पर वार करते हैं। नाटक 'जिन लाहौर नहीं देख्या, वो जन्मा ही नईं' हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द्र पर और 'पोंगा पंडित' समाज में व्याप्त छुआ-छूत को उजागर करता है। 'मिट्टी की गाड़ी' में वे समाज को लोकसत्ता से जोड़ने की ठोस कोशिश करते हैं। ऐसा नाटक जिसका कोई मक़सद न हो उसके हबीब तनवीर खिलाफ़ थे। अपने जीते जी गाथा पुरुष बन जाने वाले हबीब तनवीर का रंगकर्म एक जुदा रंगकर्म था, जो हमेशा याद किया जाएगा।

## पावन प्रसंग

### मौन एक रक्षा कवच है

भारतीय मनुष्यों ने हमारी वाणी को वाक शक्ति बताया है। कहा जाता है जब कोई बोलता है तो वह मनुष्य और जब मौन हो जाता है तो देवता ज्ञानी है। यानी वाणी मनुष्य की भाषा है और मौन ज्ञानियों की भाषा है। वाणी में असीम शक्ति है परंतु मौन में उससे भी प्रचंड शक्ति है। मनुष्य अपने अंत:करण की शक्ति, प्राणों की शक्ति को बोलकर बिखेर देता है किंतु साधक मौन रहकर उस शक्ति को संवर्धन में उपयोग करता है। आत्म शक्ति को संवर्धन में उपयोग करते हैं और मौन द्वारा अपने भावों को अत्यधिक प्रभावकारी बना देता है। मूल व्यक्तित्व को अधिक प्रभावशाली और लोकप्रिय बनाता है। जो जितना कम बोलता है, उसकी वाणी उतनी ही प्रभावशाली होती है। मौन मनुष्य की सर्वप्रियता का एक अचूक साधन है। मौन रहने वाला कलह से, कटुता से बचता रहता है।

मौन एक रक्षा कवच है ज्ञानियों का भी और मूर्खों का भी, ज्ञानी मौन रहता है तो उसका वह गुण हो, आभूषण है और सत्य व्रत की रक्षा कर सकता है। लोकप्रियता को बनाए रख सकता है। लोग उसे समझदार समझते हैं। मूर्खता का ढक्कन है मौन। मौन कभी भी दूसरों को हानि नहीं पहुंचाता है, जबकि मनुष्य बोलकर कलह, विग्रह, विद्वेष, फूट और हिंसा को भड़काता है। दूसरों के दिलों में तीर चुभो सकता है जिससे खून खराबा होता है। उनमें भड़कीले भाषण उत्तेजक शब्द ही ज्यादा काम करते हैं। पहले बोली चलती है फिर गोली चलती है। अंडे देने के बाद मुर्गी यह मूर्खता करती है कि वह चहचहाने लग जाती है। उसकी चहचहाट सुनकर कौआ आ जाता है, वह उसके अंडे छीन लेता है जो वस्तुएं अपनी भावी संतान के खाने के लिए रखी थी उन्हें भी वह चट कर जाता है। अगर वह चुप रहती तो वह इन दोनों आफतों से बच सकती थी। यह बोलने का ही परिणाम है। संसार का इतिहास उठाकर देख लो, जितने भी अनर्थ हुए हैं, युद्ध हुए हैं, नरसंहार हुए हैं, उनके पीछे सबसे बड़ा कारण वाणी ही रही है। द्रौपदी अगर एक कटु वचन नहीं बोलती तो महाभारत की विनाश लीला नहीं होती, कुरुक्षेत्र में खून की नदियां नहीं बहती, विशाल सेना का नरसंहार क्यो हुआ? दशरथ अगर कैकयी को वचन नहीं देते तो न राम की जगह भरत का राजतिलक होता, न ही राम वनवास जाते और न ही रावण के साथ युद्ध होता। आज भी परिवार, राष्ट्र और किसी भी क्षेत्र में चले जाइये, जितने विग्रह, संघर्ष होते हैं, परिवार टूटते हैं, उनके मूल में कहीं न कहीं बोलना ही मुख्य कारण रहा है। सास-बहू के कलह अगर बहू मौन रख ले तो सास कितनी देर बोल सकेगी? अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता। बिना घास की चिंगारी किसको जलायेगी? सूखी जगह पर गिरी आग अपने आप बुझ जायेगी। अकेला व्यक्ति कलह नहीं कर सकता है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

### भारत की आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति देश के आर्थिक विकास का पैमाना

भारत के कृषि, चिकित्सा, संचार और स्पेस अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वैज्ञानिक उन्नत पद्धति देश की आर्थिक विकास की आधारशिला है और चंद्रयान तीन की चंद्रमा पर पहुंचने की महान सफलता ने न सिर्फ स्पेस रिसर्च में विश्व में भारत को अग्रणी पंक्ति में प्रथम स्थान दिलाया है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महती योगदान दिया है। इसरो के साथ सभी क्षेत्र के वैज्ञानिकों को अनंत बधाइयां। सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी, कुपोषण और साक्षरता, बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्याओं से गरीब इंसान झेलता है।

भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यात कर रहा है 140 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निस्संदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है, जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है, लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है। ई गवर्नेंस व स्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है। यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है। विज्ञान तकनीकी आधारित विकास ने हमारी गरीबी का स्तर घटाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव महसूस किया जा रहा है। अब इस बात की जरूरत है कि दुनिया के विकास के मॉडलों में सामाजिक मूल्य कमजोर वर्गों के प्रति करुणा विविध धर्म, संप्रदाय आदि क्षेत्र का सम्मान जैसी बातें भी शामिल हो। अब विकास का ऐसा मॉडल विकसित हो जाना चाहिए जो समाज को पर्यावरण प्रेम, नागरिक मानवीय कर्तव्य, नैतिक मूल्य का भी पाठ पढ़ाए ताकि समस्त सामाजिक वर्ग का विकास एक साथ सबके साथ हो सके। दुनिया के हर महत्वपूर्ण अर्थशास्त्री विकास के मॉडल में विज्ञान की तकनीकी का प्रयोग अत्यंत एवं आवश्यक मानते हैं। अब विकास के साथ विज्ञान और मूल्य का सही संयोजन जरूरी है ताकि असमानता के स्थान पर सभी का विकास संभव हो सके।

विज्ञान की अथाह क्षमता तथा शक्ति का सदुपयोग विकास के पथ को तीव्र सरल तथा उच्च उत्पादकता वाला बनाना होगा। गरीबी की दर्दनाक पीड़ा पर यह मरहम लगाकर उसे हटाने का बेहतर साधन भी बन सकता है। वैज्ञानिक तकनीक के साथ यदि मानवीय संवेदनाओं का समावेश हो तो यह कई गुना अधिक सफल बन सकती है। ऐसे में येन केन प्रकारेण धन कमाने की लिप्सा और शोषण की सोच की जगह सर्वे भवंतु सुखिन: जैसी सकारात्मक भावनाएं समाज में व्याप्त हो तभी विकास की सही दिशा को कोई भी राष्ट्र प्राप्त कर उस देश की गरीबी को हटाने में सफल हो सकता है।

**संजीव ठाकुर**

## 8 जोड़ी ट्रेनों का जैतवार, अमदरा, मझगवां, झुकेही, उंचेहरा एवं मैहर स्टेशनों पर हॉल्ट की अवधि बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिये आठ जोड़ी रेलगाडियों का जैतवार, अमदरा, मझगवां, झुकेही, उंचेहरा एवं मैहर स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव की अवधि को अगले 6 माह तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है.

पमरे के जबलपुर मण्डल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली एवं गुजरने वाली ये आठ जोड़ी रेलगाडियां एलटीटी-गोरखपुर-एलटीटी काशी एक्सप्रेस, रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति रीवांचल एक्सप्रेस, एलटीटी-बनारस-एलटीटी कामायनी एक्सप्रेस, लखनऊ-जबलपुर-लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस, छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस, एलटीटी-बनारस-एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं लखनऊ-जबलपुर-लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस ट्रेनें जैतवार, अमदरा, मझगवां, झुकेही, उंचेहरा एवं मैहर स्टेशनों पर आगामी 28 फरवरी 2024 तक रूकती रहेंगी.

**प्रायोगिक हाल्ट अवधि की जानकारी-** गाड़ी संख्या 15017/15018 एलटीटी-गोरखपुर-एलटीटी के मध्य प्रतिदिन चलने वाली काशी एक्सप्रेस ट्रेन का जैतवार स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में छः माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 01 सितंबर तक किया गया था, जिसको अब बढ़ाकर 28 फरवरी 2024 तक कर दिया गया है।

गाड़ी संख्या 12185/12186 रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति के मध्य प्रतिदिन चलने वाली रीवांचल एक्सप्रेस ट्रेन का अमदरा स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनों दिशाओं में छः माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 01 सितंबर तक किया गया था, जिसको अब बढ़ाकर 28 फरवरी 2024 तक कर दिया गया है।

गाड़ी संख्या 11071/11072 एलटीटी-बनारस-एलटीटी के मध्य प्रतिदिन चलने वाली कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन का मझगवां स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनों दिशाओं में छः माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 01 सितंबर तक किया गया था, जिसको अब बढ़ाकर 28 फरवरी 2024 तक कर दिया गया है।

गाड़ी संख्या 15205/15206 लखनऊ-जबलपुर-लखनऊ के मध्य प्रतिदिन चलने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस ट्रेन का झुकेही स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनों दिशाओं में छः माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 01 सितंबर तक किया गया था, जिसको अब बढ़ाकर 28 फरवरी 2024 तक कर दिया गया है।

गाड़ी संख्या 15159/15160 छपरा-दुर्ग-छपरा के मध्य प्रतिदिन चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन का उंचेहरा स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनों दिशाओं में छः माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 01 सितंबर तक किया गया था, जिसको अब बढ़ाकर 28 फरवरी 2024 तक कर दिया गया है।

## रानी कमलापति से होकर पुरी-गंगासागर, बैद्यनाथ व गया दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन



**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल मंत्रालय ने देश के विभिन्न भागों से भारत सरकार द्वारा परिकल्पित देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत की पर्यटन अवधारणाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। भारतीय रेल की इन थीम-आधारित ट्रेनों की परिकल्पना घरेलू पर्यटकों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से अवगत कराने के लिये की गई है।

मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो 4 अक्टूबर को इंदौर से पुरी-गंगासागर के साथ बैद्यनाथ एवं गया दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के इंदौर, देवास, उज्जैन, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहां से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे।

8 रातें/9 दिनों की इस यात्रा में पुरी, गंगासागर, बैद्यनाथ एवं गया के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को महज रु. 14,950/- प्रति व्यक्ति (स्लीपर- इकॉनामी श्रेणी), रु. 23,750/- प्रति व्यक्ति (3AC - स्टैण्डर्ड श्रेणी) एवं रु. 31,100/- प्रति व्यक्ति (2AC - कम्फर्ट श्रेणी) का खर्च उठाना होगा।

इच्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आई.आर.सी.टी.सी. की वेबसाइट www.irctc-tourism.com पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आई.आर.सी.टी.सी. के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में निम्नलिखित फोन नम्बरों पर संपर्क कर सकते हैं-

भोपाल- 8287931729, 9321901861, 9321901862.

इंदौर- 0731-2522200, 8287931723, 9321901866.

जबलपुर- 0761-2998807, 9321901832, 9987931729.




## पमरे मुख्यालय में 1 अधिकारी सेवानिवृत्त, तीनों मण्डलों में कुल 117 रेलकर्मी हुए रिटायर



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में 31 अगस्त 2023 को 01 अधिकारी की सेवानिवृत्ति हुई। इसके अलावा भोपाल, जबलपुर एवं कोटा मण्डलों में माह के अंतिम दिन कुल 117 रेलकर्मी सेवा निवृत्त हुए।

मुख्यालय में आयोजित गरिमामय समारोह में महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में अपर महाप्रबंधक आर. एस. सक्सेना द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी उप मुख्य इंजीनियर (ब्रिज /डिजाइन) सुधीर कुमार परिहार को सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। सेवानिवृत्त रेल कर्मियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, समृद्ध एवं सुखी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात, मुख्य परियोजना निदेशक प्रभात कुमार सहित उपमुख्य कार्मिक अधिकारी संजय कुमार एवं कार्मिक विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जबलपुर मण्डल में 41 रेलकर्मी हुए सेवानिवृत्त-** जबलपुर मंडल में भी 2 रेल अधिकारी एवं 39 रेल कर्मचारियों की सामान्य सेवानिवृत्ति हुई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील द्वारा रेलसेवा से सेवानिवृत्त हो रहे सभी रेलकर्मियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेज तथा गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल प्रदान किये गये तथा उनकी सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन के द्वारा शुभकामनाए दीं गई। इस माह अगस्त 2023 में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार श्रीवास्तव, उपमुख्य इंजीनियर (निर्माण) राजेश कुमार त्रिपाठी सहित 39 रेल कर्मचारी सामान्य सेवानिवृत्त हुए हैं।

## रीवा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, रीवा-रानी कमलापति एवं रानी कमलापति-अगरतला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेनों की दोनों दिशाओं में संचालन समय बढ़ा




**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 02187/02188 रीवा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-रीवा, गाड़ी संख्या 02186/02185 रीवा-रानी कमलापति-रीवा एवं गाड़ी संख्या 01665/01666 रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस तीनों स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि बढाने का निर्णय लिया है। जिसके अनुसार गाड़ी संख्या 02187 रीवा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 30 नवंबर तक रीवा से तथा गाड़ी संख्या 02188 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-रीवा साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 01 दिसंबर तक छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से गन्तव्य के लिए अपने निर्धारित दिन एवं समय-सारणी के अनुसार चलती रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02186/02185 रीवा-रानी कमलापति-रीवा साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 25 नवंबर तक तथा गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति - अगरतला साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 30 नवंबर तक रानी कमलापति स्टेशन से तथा गाड़ी संख्या 01666 अगरतला- रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 03 दिसंबर तक अगरतला स्टेशन से गन्तव्य के लिए अपने निर्धारित दिन एवं समय-सारणी के अनुसार चलती रहेगी।

### सोहागपुर, करेली, सरई ग्राम, जोबा एवं गजरा बहरा स्टेशनों पर ट्रेनों की प्रायोगिक ठहराव 6 माह और बढ़ा

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिये चार जोड़ी रेलगाड़ियों का सोहागपुर, करेली, सरई ग्राम, जोबा एवं गजरा बहरा स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव की अवधि को अगले छः माह तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है। पमरे के जबलपुर मण्डल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली एवं गुजरने वाली ये चार जोड़ी रेलगाड़ियां जबलपुर-निजामुद्दीन- जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस, जबलपुर- इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस, सिंगरौली-हज़रत निजामुद्दीन-सिंगरौली सुपर फ़ास्ट एक्सप्रेस, जबलपुर- सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनें सोहागपुर, करेली, सरई ग्राम, जोबा एवं गजरा बहरा स्टेशनों पर आगामी छः माह तक रूकती रहेंगी।

## स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने स्वीकार किया, अवॉर्ड लेने अर्बन फॉरेस्ट बाबत प्रजेन्टेशन ही नहीं हुआ

**जबलपुर,देशबन्धु।** इंडिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड कॉन्टेस्ट में जबलपुर के अर्बन फारेस्ट के बावत प्रजेन्टेशन ही नहीं किया गया है नतीजन शहरी पर्यावरण के श्रेणी के अवार्ड में इंदौर, शिवामोगा तथा जम्मू का नाम प्रथम तीन में आ गया लेकिन जबलपुर का कहीं भी नाम नहीं है, जबकि में देश का सबसे बड़ा अर्बन फारेस्ट स्थापित है। इस बावत जब उपभोक्ता मंच के डॉ पीजी नाजपांडे ने जबलपुर स्मार्ट सिटी के एडमिनिस्टेटिव ऑफिसर रवि राव से चर्चा की तो उन्होंने स्वीकारा की अर्बन फारेस्ट का बिन्दु प्रजेंटेशन में शामिल नहीं किया गया था रवि राव ने बताया कि शहरी पर्यावरण के पैरामीटर दिल्ली से तय होते है तथा इस पैरामीटर में अर्बन फारेस्ट के बावत उल्लेख नहीं है उपभोक्ता मंच के अनुसार जबलपुर के डुमना में 2000 एकड़ तथा मदन महल पहाड़ी पर 186 में कुल 2186 एकड़ में फैला यह अर्बनफॉरेस्ट देश में सबसे बड़ा है अतः स्मार्ट सिटी के डायरेक्टर नई दिल्ली अर्चना मित्तल को ईमेल कर जांच करने की मांग की है उपभोक्त मंच के अनुसार स्मार्ट सिटी जबलपुर के सीईओ को भी इस प्रजेन्टेंशसन के बारे में जांच कर अर्बन फारेस्ट में कार्बन एबसार्शन तथा ऑक्सीजन उत्सर्जन के बावत तथा सामने आना चाहिए इस बावत अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है।

### एडवोकेट्स का सम्मान करेंगे

डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने मप्र हाइकोर्ट में डुमना नेचर पार्क तथा मदन महल पहाड़ियों बावत याचिका हाईकोर्ट में दायर की थी नतीजन आज यह दोनों जगह अर्बन फारेस्ट फैल गया है इन याचिका की पैरवी करने वाले एड. अंशुमन सिंह, एड दिनेश उपाध्याय एड. सतीश वर्मा तथा एड. प्रभात यादव को सम्मानित किया जायेगा।

## रेलवे वाणिज्य शाखा ने सुनील श्रीवास्तव की दी गयी भावभीनी विदाई



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) सुनील कुमार श्रीवास्तव की सेवा निवृति पर उन्हें वाणिज्य विभाग द्वारा कार्यालय में भावभीनी बिदाई दी गयी। इस अवसर पर सीनियर डी.सी.एम. विश्व रंजन ने विदा लेते श्री श्रीवास्तव द्वारा रेलवे में की गयी 35 वर्ष की निष्ठा पूर्वक सेवा की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं लम्बी आयु की कामना की। समारोह में सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज दुबे आदि ने रेल सेवा में उनके साथ के अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर उनके परिजनों मंजुला श्रीवास्तव, सारंग, शैलेन्द्र एवं सचिन श्रीवास्तव आदि का भी स्वागत किया गया।

## मोनीश चक्रवर्ती ने वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग में जीता कांस्य पदक





**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन एवं पावर लिफ्टिंग संगठन के सचिव एस टंडेलू ने बताया कि अभी हाल ही में वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 24 अगस्त से 27 अगस्त तक रोमानिया में आयोजित की गई। जिसमें संस्कारधानी के मोनीष चक्रवर्ती ने कांस्य पदक जीत कर ना सिर्फ पूरे देश का बल्कि संस्कारधानी का नाम भी रोशन किया है। पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, एस टंडेलू, रॉबर्ट मार्टिन, विंसेंट लाल, भगवान दास, ललित जॉन, प्रशांत मिश्रा, शशि दुबे, मानसिंह, लॉरेंस मार्टिन, दीनू स्वामी, पावरलिफ्टिंग संगठन के सभी पदाधिकारी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## समरसता सेवा संगठन की पहल- संस्कारधानी में मनाया ऐतेहासिक कजलियां महोत्सव सम्पन्न






**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय त्योहार सामाजिक सहिष्णुता और समरसता के प्रतीक हैं। इन पर्वो के आयोजन पर सभी जाति, वर्ग और समाज के लोग आपस में जुड़कर आपसी एकता का संचार करते हैं। कजलियां महापर्व भी इसी परंपरा से ओतप्रोत है, जिसमें समन्वय, सद्भाव व सरसता की सामाजिक खुशबू है। ये खुशबू हमारे मन-बुद्धि में फैलकर वृहद रूप से राष्ट्रीय एकता की माला बन कर भारत माता के गले का मंगलाहार बनती है। तदाशय के भाव-उद्गार संस्कारधानी में सामाजिक समरसता संगठन की संयोजना में पहली बार वृहद रूप से मनाए गए 'कजलियां महा महोत्सव' में आमंत्रित संत जनों ने व्यक्त किए। स्थानीय बंगाली क्लब के विशाल प्रांगण में आयोजित इस भव्य-दिव्य एवं गरिमामय समारोह की संयोजना पर संतों-महंतों सहित संस्कारधानी के प्रबुद्धजनों ने शुभकामनाएं दीं।

सामाजिक समरसता संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने कार्यक्रम का उद्देश्य और संयोजना पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता की विषय वस्तु आगंतुकों के समक्ष रखी उन्होंने कहा सब सबको जाने-सब सबको माने के अभियान को लेकर समरस और समर्थ भारत बनाने के उद्देश्य से समरसता सेवा संगठन का गठन किया गया है।

कजलियां महा महोत्सव में सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघवदेवाचार्य, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद, नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ. नरसिंहदास, गुप्तेश्वरपीठाधीश्वर डॉ.मुकुंददासजी, बगलामुखी पीठ के ब्रम्हचारी चैतन्यानंद, महंत डॉ. राधेचैतन्य, साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी, मुम्बई से पधारी किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी, साध्वी संपूर्णा, पूज्य पादनिर्विकल्पनन्द सहित अनेक संतवृंद महंत ने उपस्थित होकर अपना आशीर्वाद दिया।

आयोजन में विधायक अशोक रोहाणी, विधायक विनय सक्सेना, मप्र पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष पं विनोद गोंटिया, मप्र जनअभियान परिषद उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र जामदार, भाजपा प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, पूर्व विधायक शरद जैन, पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी अंचल सोनकर, बरगी प्रत्याशी नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, कमलेश अग्रवाल, जीएस ठाकुर, अभिलाष पांडे, दीपांकर बैनर्जी, धीरज पटेरिया, राकेश सैनी, लक्ष्मी बेन, पार्षद अयोध्या तिवारी, सहित शहर के प्रबुद्धजन, सभी समाजों के प्रतिनिधि, महिलाएं एवं युवा वर्ग शामिल उपस्थित थे।

### रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस में सामान्य श्रेणी के दो कोच लगाने की अवधि फिर बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारी सीजन के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 22187/22188 रानी कमलापति-आधारताल-रानीकमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस में दोनों दिशाओं में 26 अगस्त से 31 अगस्त 2023 तक के लिये द्वितीय सामान्य श्रेणी के दो कोच लगाये गए थे, त्यौहारी सीजन के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए इस गाड़ी में अतिरिक्त दो सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच लगाने की अवधि अब बढाकर 1 सितंबर से 3 सितंबर तक करने का निर्णय लिया गया है। उक्त अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति स्टेशन से चलकर आधारताल स्टेशन को जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में रानी कमलापति स्टेशन से तथा गाड़ी संख्या 22188 अधारताल से चलकर रानी कमलापति स्टेशन को जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में आधारताल स्टेशन से 03.09.2023 तक के लिए लगाया जाएगा।

## एम.पी. ट्रांस्को में रिटायरमेंट दस्तावेज प्रक्रिया सरलीकृत

### पेंशन एवं फैमिली पेंशन प्रक्रियाएं हुई आसान

**जबलपुर, देशबन्धु।** एम.पी. ट्रांस्को (मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने) अपने वित्तीय प्रक्रियाओं में नवाचार करते हुये वर्तमान पेंशनरों और उनके साथ उनके आश्रितों के लिये अनेक ऑनलाईन सुविधाओं को प्रारंभ किया है।

डिप्टी डायरेक्टर पेंशन डी.डी. वरकडे ने बताया कि अब लाइफ सर्टिफिकेट के लिये मध्यप्रदेश में किसी भी पेंशनर या उनके आश्रितों को एम.पी. ट्रांस्को के किसी भी कार्यालय आने की जरूरत नही पडेगी। अब जीवन प्रमाण, मोबाईल एप अथवा किसी भी एम.पी. ऑनलाईन सेंटर में जाकर दर्ज करा सकते है। इसके अलावा एम.पी. ट्रांस्को में रिटायरमेंट दस्तावेजों को तैयार करने की प्रक्रिया का भी सरलीकरण कर दिया गया है। पहले कार्मिकों के नियंत्रक अधिकारी को विभिन्न दस्तावेजों में तकरीबन 70 से ज्यादा दस्तखत करना पड़ता था पर अब ई.आर.पी. के माध्यम से प्रक्रिया सरलीकृत हो गई है। उन्होंने कहा कि एम पी ट्रांसको में वित्तीय प्रकियाओं के लिए ईआरपी सिस्टम का उपयोग प्रकियाएं सरलीकृत करने के लिये किया जा रहा है।

**कार्मिक की मृत्यु पर फैमली पेंशन प्रारंभ हो जाती है तुरंत-** एम.पी. ट्रांसको ने ईआरपी के माध्यम से एक और उल्लेखनीय सुविधा प्रारंभ की है। अब अब प्रदेश में एम पी ट्रांसको के पेंशन धारक कार्मिकों की मृत्यु होने पर परिवार जनों को फेमली पेंशन के लिये ऑफिस के चक्कर काटने की जरूरत नही होगी। अब एम.पी. ट्रांसको के पेंशन आर्डर में ही पत्नी या पेंशन नामित का आधार नंबर डालना प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे सिर्फ कार्मिक की मृत्यु का प्रमाण एवं स्वयं का जीवन प्रमाण देना पड़ता है और ईआरपी सिस्टम से अगले माह ही फैमली पेंशन प्रारंभ हो जाती है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर अस्मिता महिला वुशु लीग प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश वूशु संघ की सचिव एवम विश्वामित्र अवॉर्डी सारिका गुप्ता ने बताया खेलो इंडिया के तहत महिला वुशु राज्य स्तरीय लीग का आज आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि पन्ना जिले के एसपी साई कृष्ण एस थोटा, मोहम्मद अहमद खान जिला खेल अधिकारी पन्ना, विशिष्ट अतिथि भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा उपस्थित थे। शुभारंभ में सबसे पहले मेजर ध्यानचंद को पुष्प अर्पित करती हुए पुलिस अधीक्षक ने सभी को खेल दिवस की शुभकामनाएं दी बाद में वूशु का प्रदर्शन राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्डी खिलाड़ियों के द्वारा किया गया। वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव जितेंद्र सिंह बाजवा के मुताबिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में इस स्पर्धा का आयोजन सफलता पूर्वक गुरूवार को पन्ना मध्य प्रदेश में किया गया। मध्य प्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष एन के त्रिपाठी ने बताया की खेल दिवस के अवसर पर यह प्रतियोगिता प्रधानमंत्री के खेल और महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिये की गई। यह प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तीनों वर्गों में भारतीय वूशु संघ के नियमानुसार आयोजित की गई। भारतीय वूशु संघ के संरक्षक भूपेंद्र सिंह बाजवा एवं सी ई ओ सुहैल अहमद ने बताया की इस स्पर्धा में मध्य प्रदेश के अवॉर्डी , राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों के साथ मध्य प्रदेश के 27 जिलों के लगभग 270 खिलाड़ीयों ने भाग लिया। स्पर्धा का समापन शाम 5बजे मुख्य अतिथि समाजसेवी एवम जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष मनोज केशरवानी के द्वारा किया गया। स्पर्धा में प्रथम स्थान पर जबलपुर, द्वितीय स्थान पर सीधी,एवम तृतीय स्थान पर पन्ना जिले के खिलाड़ी रहे।

## बहनों के साथ चलो बस में पांच किलो मीटर तक महापौर ने किया सफर

**जबलपुर, देशबन्धु।** रक्षा बंधन के पावन पर्व पर जबलपुर के प्रथम नागरिक और महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" सेवक, बेटे और भाई के रूप में शुभ के प्रतीक पीले परिधान में रक्षा बंधन मनाने बहनों के बीच पहुँचे और रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म नं. 6 से मदन महल स्थित अपने निज निवास तक लगभग 5 कि.मी. तक बहनों के साथ चलो बस में सफर किया और उनकी तकलीफों और सुविधाओं के संबंध में भी बहनों के साथ बैठकर चर्चा की। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" संस्कारधानी की बहनों के साथ राखी बंधवाकर एवं उनके साथ चलो बस में सफर करके खुशी से फूले नहीं समा रहे थे।




महापौर के रूप में अपने भाई को बस में पाकर बहनें भी खुशी का इजहार किया और भाई को ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद दिया। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने रक्षा बंधन के इस पावन पर्व को बहनों के साथ उत्सव के रूप में मनाया और अपने हाथों से सभी प्यारी बहनों, मातृशक्तियों आदि को रक्षा बंधन का उपहार देकर मिठाईयां खिलाई।

इस अवसर पर महापौर ने प्रसन्नचित मुद्रा में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का दिन भाई बहनों के बीच अटूट प्यार का बंधन का दिन है। इस स्नेह रूपी अटूट बंधन को पवित्रता के साथ पुनीत पर्व के रूप में हर वर्ष हम बनाएँगे। उन्होंने कहा कि बहनों के साथ चलों बस मे सफर करके, हम आज धन्य है बहुत अच्छा लगा, मुझे भी संस्कारधानी की बहनों एवं मातृशक्तियों ने ढेर सारा आशीर्वाद एवं प्यार दिया।



## श्री शांतिनाथ भगवान का अभिषेक और रक्षावंधन विधान संपन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अग्रवाल कॉलोनी में सीए राजेश जैन ने 1008 श्री शांतिनाथ भगवान् का अभिषेक और पूजन किया। जहां लगभग एक घंटे चले धार्मिक अनुष्ठान में उनकी पत्नी अनुराधा जैन भी अनेक श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुई। इसके पश्चात उन्होंने आर्यिका 105 ऋजुमति माता ससंघ के सान्निध्य में 700 मुनियों की रक्षा के लिये रक्षाबंधन विधान भी सम्पन्न किया।

इस विधान से जुड़ी एक कथा है जिसके अनुसार अनुसार अनन्य जैन भक्त राजा पद्मराय के राज्य हस्तिनापुर में अकंपनाचार्य मुनि ससंघ पधारे। उनका मंत्री बलि उन मुनियों से पहले से ही ईर्ष्या करता था। उसने पूर्वनियोजित ढंग से स्वयं को सात दिन के लिए राजा बना लिया। उसने आचार्य सहित 700 मुनियों के संघ पर उपसर्ग करना प्रारंभ किया, जिस स्थल पर मुनि संघ ठहरा था वहां चारों ओर कांटेदार बागड़ बंधवा कर उसे नरमेध यज्ञ का नाम दे वहां जानवरों के रोम, हड्डी, मांस, चमड़ा आदि होम में डालकर यज्ञ किया। इससे मुनियों को फैली दुर्गंध और दूषित वायु से परेशानी होने लगी। उन्होंने अन्न-जल त्याग कर समाधि ग्रहण की। मुनियों के गले रुंधने लगे, आंखों में पानी आने लगा और उनके लिए सांस लेना भी मुश्किल हो गया। उनकी इस विपत्ति को देख नगरवासियों ने भी अन्न-जल त्याग दिया।

तब सागरचंद्र नामक आचार्य की आज्ञा पाकर क्षुल्लक पुष्पदंत गुरु पर्वत पर पहुंचे और धरणीभूषण पर्वत पर विष्णुकुमार मुनि से मुनियों की रक्षा का अनुरोध किया। विष्णुकुमार मुनि ने हस्तिनापुर 52 अंगुल का शरीर बना ब्राह्मण का वेश धारण कर बलि से तीन पग जमीन मांगी और पूरी दुनिया को नापते हुए तीसरा पग मुनि ने बलि की पीठ पर रखा। बलि को कष्ट हुआ तो उसने उनसे प्रार्थना की तो उनके असली रूप देखकर बलि ने यज्ञ बंद कर मुनियों का उपसर्ग से दूर किया।

नगरवासी सभी श्रावकों ने मुनियों की वैयावृत्ति की उनकी सेवा की और मुनियों को चैतन्य अवस्था में लाए। मुनि पूर्णत: स्वस्थ हो आहार पर निकले तो श्रावकों ने खीर, सिवैया आदि मिष्ठान्न आहार के लिये बनाए थे। मुनियों को आहार करा श्रावकों ने भी खाना खाया और खुशियां मनाई। यह दिन श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। इसी दिन मुनियों की रक्षा हुई थी। इस दिन को याद रखने के लिए लोगों ने हाथ में सूत के डोरे बांधे। तभी से यह रक्षाबंधन के पर्व के रूप में माना जाने लगा। इसके बाद विष्णुकुमार मुनि ने गुरु के पास जाकर अपने दोषों को बताया और महान तप किया। आज भी जैनियों के घरों में इस दिन खीर बनाई जाती है और विष्णुकुमार मुनि की पूजा तथा कथा के बाद रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है।

रक्षा बंधन विधान में सी ए राजेश जैन समेत मयंक जैन, मुकेश जैन, अशोक जैन(मुन्नू), राजेंद्र नंदा एवं समाज के अन्य श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।



## अक़ीदत के फूल पेश किये

**जबलपुर, देशबन्धु।** हजरत सैय्यद अली हसन अशरफी उल जिलानी घोड़ा अस्पताल वाले बाबा के यहां उर्स के मौके पर जायरीनों की हाज़री शुरू हो गई है। अक़ीदतमंद दरगाह शरीफ में नजरो न्याज व अक़ीदत के फूल पेश कर रहे हैं। संदल जुलूस आज- उर्स शरीफ के अवसर पर आज बाद नमाज़ जुमा दोपहर 3 बजे संदल जुलूस मरहूम मुन्ने अली के निवास से निकाला जाएगा। जो विभिन्न मार्गो से गश्त करते हुए दरगाह शरीफ पहुंचेगा। जहां परंपरानुसार चादर पोशी की जाएगी एवं नजरो न्याज पेश की जाएगी और तबर्रुख़ तक़सीम किया जाएगा।

## माता मरियम वचन की पालनकर्ता

**जबलपुर, देशबन्धु।** निर्मला चर्च कांचघर में स्वास्थ्य की माता वेलांगनी का महापर्व एवं नौरोजी प्रार्थना के दूसरे दिवस पर फादर थॉमस ने अपने उद्बोधन में कहा प्रणाम प्रभु की कृपा पात्री (मरियम) प्रभु तेरे साथ है, आपने जगत के सृष्टिकर्ता को जन्म दिया, जो (यीशु) महान है, और अनंत काल तक पृथ्वी पर शासन करेगा। माता मरियम ने सदैव पिता परमेश्वर के वचन बाइबल पर विश्वास किया और उसके अनुसार ही जीवन व्यतीत किया। इस कारण ही उसे परमेश्वर(यीशु) की कृपा प्राप्त हुई। हमें भी पवित्र बाइबल के अनुसार जीवन बिताना चाहिए, क्योंकि विश्वास करने वाले के लिए सब कुछ हो सकता है। क्योंकि जब आप वचन के अनुसार जीते हैं, तो आप पवित्र आत्मा की सामर्थ से जीते हैं और पवित्र आत्मा से आप अपने जीवन की समस्त परेशानियों पर जय प्राप्त करोगे। आज फादर पॉलसन प्राचार्य संत अगस्टिन स्कूल के द्वारा मरियम आनंद वाहिनी विषय पर अपने प्रवचन देंगे।



## टीचर्स डे के लिए स्टूडेंट्स घर पर बना रहे हैंडमेड आइटम्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** टीचर्स डे करीब है। इस स्पेशल दिन के लिए जहां स्कूलों में सेलिब्रेशन की तैयारी हो रही है, वहीं सिटी मार्केट में टीचर्स को फील गुड करवाने के लिए तरह-तरह के गिफ्ट भी मिल रहे हैं। इस बीच घरों में अलग माहौल नजर आ रहा है, जहां बच्चों का दिन अपने पसंदीदा टीचर के लिए गिफ्ट बनाने में बीत रहा है। वे अलग-अलग चीजों का उपयोग करते हुए डेकोरेटिव आइटम्स तैयार कर रहे हैं। इसमें वे विशिंग कार्ड, पेन स्टेंड, ज्वेलरी और पर्स तैयार कर रहे हैं।







**पेन स्टेंड और कार्ड-** आराध्या, आईना का कहना है कि उन्होंने टीचर्स के लिए बुक मार्क, विशिंग कार्ड, स्पेशल ग्रीटिंग कार्ड, ज्वेलरी, पेन स्टेंड आदि तैयार किया है। बच्चों का कहना है कि कोविड काल में टीचर्स के लिए बतौर प्रोजेक्ट हैंडमेड प्रोडक्टस को रेडी किया था, अब टीचर्स से इमोशनली अटैच होने के कारण हाथों से गिफ्ट रेडी कर रहे हैं।

**ड्रॉइंग शीट पर फोटो कोलाज-** टीचर्स डे के लिए बच्चों द्वारा टीचर्स की फोटोज के कलेक्शन भी मौजूद हैं, इसलिए वे ड्रॉइंग शीट पर ही फोटो कोलाज रेडी करके टीचर्स को गिफ्ट करने की तैयारी में हैं। टीचर्स डे पर कार्ड या गिफ्ट रेडी करना बच्चों के प्रोजेक्ट वर्क में शामिल है। इसलिए बच्चे उत्साह से तैयार कर रहे हैं।

**मार्केट में छाया रंग-** हैंडमेड गिफ्ट्स के साथ मार्केट गिफ्ट गैलरी में भी तरह-तरह के गिफ्ट्स भी मिल रहे हैं। इसमें कॉफी मग, ग्रीटिंग कार्ड्स के साथ टीचर्स को बच्चे कॉस्मेटिक आइटम्स और ईयररिंग, ज्वैलरी भी गिफ्ट कर रहे हैं।


## नागालैंड के नृत्य से सजा कला उत्सव






**जबलपुर, देशबन्धु।** नृत्य, गायन और वादन में छात्रों ने भारतीय संस्कृति को मंच पर एक रूप दिया। विभिन्न प्रदेश के संस्कृति और लोकशैली का बखान छात्रों ने प्रस्तुति में किया। इसमें असमी नृत्य भी हुआ, वहीं नागालैण्ड के नृत्य ने वाहवाही भी बटोरी। कला उत्सव के यह रंग केन्द्रीय विद्यालय संगठन के संभाग स्तरीय आयोजन के अंतर्गत केवि सीओडी में नजर आए।

**गीत, संगीत और नाट्य-** कार्यक्रम में छात्रों ने लोकनृत्यों के साथ गीत, संगीत, नाट्य मंच, पपेट डांस में हुनर दिखाया। समारोह में प्रतिभावान छात्रों को मेडल और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि केवि जबलपुर संभागायुक्त हीरालाल, प्राचार्य वायके सोलंकी, पी. शुक्ला, दीक्षा मिश्रा, आलोक सिंह, डॉ. वीके त्रिपाठी मौजूद थे।



## शहर के अवधेश वाजपेयी की कलाकृति का एचबीसीएसई में चयन



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के कलाकार अवधेश वाजपेयी की कलाकृति अज्ञात का चयन एचबीसीएसई (होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन मुंबई) के भारतीय चित्रकला संग्रह के लिए हुआ है। यह शहर के साथ प्रदेश के लिए भी गौरवपूर्ण बात है कि पहली बार प्रदेश के किसी कलाकार की कलाकृति ऐतिहासिक चित्रकारों के साथ देखी जाएगी।

**कला और विज्ञान के चित्र-** एचबीसीएसई की स्थापना डॉ. होमी भाभा ने 1945 में हुई थी । डॉ. भाभा की अवधारणा कला और विज्ञान को एक साथ दुनिया के सामने लाना था। डॉ. भाभा स्वयं एक अच्छे चित्रकार थे, इसलिए उनकी स्मृति में बने इस संग्रहालय देश के सभी ऐतिहासिक चित्रकारों की कलाकृतियों को शामिल किया गया है, जहां अब अवधेश के चित्र भी शामिल होंगे। इस संग्रहालय में एमएफ हुसैन, बेन्द्रे, सूजा, आरा, हेब्बार, राजा, बस्ने सुधीर बट, गायतोंडे, जामिनी राय जैसे कलाकारों के चित्र और म्यूरल प्रमुख हैं।

**डॉटिज्म पर आधारित कला-** अवधेश द्वारा बनाया गया चित्र वैज्ञानिक अवधारणा से संबंधित है। उन्होंने चित्र में मनुष्य की चेतना को संवेदनशील बनाने की कोशिश की है। यही उनके चित्रण का आधार रहा है। अवधेश के चित्र डॉटिज्म पर आधारित हैं, जिन्हें बिंदु, आकार, अणु से परिकल्पित किया गया है।

**तीस वर्षों से चित्रकारी-** वे तीस वर्ष से चित्रकला कर रहे हैं। देशभर की कला दीर्घाओं में उनकी प्रदर्शनी आयोजित हो चुकी है। इस वर्ष हरिशंकर परसाई की जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी पेंटिंग पर आधारित कैलेण्डर पर भी उन्होंने काम किया।

## आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2 के छात्रों ने समझी फायरबॉल तकनीक

**जबलपुर, देशबन्धु।** अग्नि दुर्घटना के बचाव की छात्रों को जानकारी दी गई। आर्मी पब्लिक स्कूल क्रमांक 2 जैकआरआरसी में अग्नि एवं एलपीजी सुरक्षा के सेमिनार में विशेषज्ञ रोमिल सोमैया ने स्टूडेंट्स को अग्नि दुर्घटना के कारण और बचाव की जानकारी दी। उन्होंने फायरबॉल और एल्युमिनियम स्ट्रेचर की तकनीक से रूबरू करवाया, जो अग्नि दुर्घटना से बचाव में सहायक होती है। प्राचार्य शीला पाण्डेय मौजूद रहीं।




## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 01 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की द्वितीया। नक्षत्र-पू. भा.।**

### मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

### कर्क
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा।

### वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

### सिंह
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है।

### मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

### कन्या
-आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें।

क.

### तुला
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा।

### मकर
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

### वृश्चिक
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

### कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

### धनु
आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है।

### मीन
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

मा.

## पौधरोपण से किया प्रकृति वंदन



**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय विज्ञान कॉलेज में 2एमपी गर्ल्स बटालियन द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में कैडेट अंकिता, श्वेता पटेल, सुष्मिता रघुवंशी, दीक्षा अहीर ने कविता, पोस्टर से पौधरोपण की महत्ता समझाई। प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, डॉ. सुमन प्रभाकर, डॉ. मनीष शर्मा, अंडर ऑफिसर मेघना लोधी, अंडर ऑफिसर रीना कुमारी, सार्जेंट रीना कुमारी, आयुषी सोनकुशले, मुस्कान पटेल मौजूद रहीं।

## वनएमपी आर्म्ड स्क्वॉर्डन, सैन्य पराक्रमियों का जाना इतिहास

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश के वीर जवानों की शहादत और उनके पराक्रम से एनसीसी कैडेट्स रूबरू हुए। वनएमपी आर्म्ड स्कवॉर्डन एनसीसी यूनिट के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के 490 कैडेट्स को जीआरसी के सैन्य म्यूजियम ले जाया गया। कैडैट्स ने ऐतिहासिक युद्ध में उपयोग होने वाले हथियार, तोप और रोचक जानकारी जुटाई। कैम्प कमांडेंट मेजर अनिल कुमार यादव, सूबेदार अजय कुमार सिंह मौजूद थे।



## नाटक मंचन आठ को

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, थिएटर हाउस और विवेचना रंगमंडल के संयुक्त तत्वावधान में 8 सितम्बर को शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में शाम 6.30 बजे से सर्वे भवन्तु सुखिनः नाटक का मंचन किया जाएगा।

## सम्मान समारोह आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** गुंजन कला सदन के तत्वावधान में शुक्रवार शाम 6.30 बजे से शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में बुंदेली दिवस सम्मान समारोह सम्पन्न होगा।

## जीता स्वर्ण पदक



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के आरव गौर ने थर्ड वेस्ट जोन कराते चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता गोवा में आयोजित हुई, जहां दस वर्षीय आरव ने कोच गौरव सिंधिया के मार्गदर्शन में जीत दर्ज की। वे अभय-नीलिमा गौर के बेटे हैं।

## केन्द्रीय जेल में बंदियों के हितार्थ व्यवसायिक पाठयक्रम का शुभारंभ

**जबलपुर,देशबन्धु।** न्यायमूर्ति एवं अध्यक्ष मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर स्टेट इंस्टिटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट जबलपुर एवं केन्द्रीय जेल जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में बंदियों के हितार्थ रोजगारपक व्यवसायिक पाठयक्रम के अंतर्गत 40 दिवसीय ट्रेडिशनल स्नेकर्स एण्ड सेवरी मेकर्स का प्रशिक्षण 28 अगस्त से केन्द्रीय जेल जबलपुर के प्रांगण में प्रारंभ हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामांकित 45 दण्डित बंदियों को 40 दिवस में 40 व्यंजन संबंधी विधाओं का ज्ञान एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाकर दक्ष बनाया जायेगा साथ ही प्रशिक्षणरत बंदियों को प्रशिक्षण उपरांत स्टेट इंस्टिटयूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र एवं मानदेय का भी भुगतान किया जायेगा। बंदियों को प्रशिक्षण स्टेट इंस्टिटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट जबलपुर से फैकल्टी दीपक उप्रेती एवं मयंक चौबे द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का शुभारम्भ दविन्दर पाल सिंह सोढ़ी, प्राचार्य स्टेट इंस्टिटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट जबलपुर के विशेष सहयोग से एवं उप जेल अधीक्षक प्रशासन श्री मदन कमलेश एवं सहायक जेल अधीक्षक हिमांशु तिवारी की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

उल्लेखनीय है कि अध्यक्ष मप्र विधिक सेवा समिति, जबलपुर न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल के निर्देशन में तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण जबलपुर के तत्वाधान में केन्द्रीय जेल जबलपुर में परिरूद्ध पंडित बंदियों के हितार्थ व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके अनुक्रम में ही दिनांक 16/05/23 से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जबलपुर के पॉलीटेकनिक महाविद्यालय जबलपुर के माध्यम से फैशन डिजाईनिग एवं फ्रेब्रिकेशन प्रशिक्षण प्रारंभ दिया गया है।

## ऑथर्स गिल्ड आफ इंडिया का 46 वा वार्षिक अधिवेशन वाराणसी में

**जबलपुर देशबन्धू।** आर्थस गिल्ड ऑफ इंडिया के 46वे वार्षिक अधिवेशन का आयोजन इस वर्ष वाराणसी मे 2 एवं 3 सितंबर को किया गया है। आयोजन मे राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में सक्रिय सहभागिता के लिये जबलपुर से साहित्यकारों का एक प्रतिनिधि मंडल संयोजक डॉ. उषा दुबे के नेत्रत्व मे 1 सितंबर को रात्रि में वाराणसी के लिए प्रस्थान करेगा। जिसमे डॉ. सलमा जमाल, डॉ. चंद्रा चतुर्वेदी, दीपक तिवारी, राकेश तिवारी बंटी और डॉ. आलोक श्रीवास्तव शामिल रहेंगे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री अजय सिंह राजपूत-** गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री अजय सिंह राजपूत (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गुलाब ताम्रकार-** करमेता निवासी श्री गुलाब ताम्रकार (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता सेन-** छोटी ओमती निवासी श्री छोटे लाल सेन की धर्मपत्नी श्रीमती गीता सेन (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम दुलारे तिवारी-** अमखेरा रोड गोहलपुर निवासी श्री राम दुलारे तिवारी (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विजयलक्ष्मी ठाकुर-** छुई मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवास श्री रंजीत सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती विजयलक्ष्मी ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजमन बाई-** तिघरा खमरिया निवासी श्री राम मिलन सेन की धर्मपत्नी श्रीमती राजमन बाई (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रजनी पासी-** करियापाथर सेवक की दुकान के पीछे निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद पासी की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी पासी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# बिजली का नंगा तार लपेटकर युवक ने की आत्महत्या



**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन थाना अंतर्गत ग्राम चपोग में एक युवा किसान ने खुद को करंट लगाकर आत्महत्या कर ली। किसान ने पहले तो नलकूप में लगे बिजली के तार को काटा, उसका ऊपरी प्लास्टिक का हिस्सा अलग किया, इसके बाद बिजली का नंगा तार हाथ में लपेटकर लाइट आने का इंतजार किया। लाइट आते ही उसकी जान चली गई। किसान का शव खेत पर बने नलकूप के कमरे में पलंग पर मिला। मामला पाटन थाना के ग्राम चपोग में बुधवार का है। किसान प्रमोद नामदेव (35) सुबह 11 बजे घर पर खेत जाने का कहकर निकला था। वह काफी देर तक नहीं लौटकर आया तो उसके पिता खेत गए। वहां वह पलंग पर मृत अवस्था में मिला। प्रमोद के दो बच्चे हैं। रक्षाबंधन पर पत्नी दोनों बच्चों के साथ मायके गई थी। घर पर बुजुर्ग पिता राम चरण नामदेव अकेले थे। गांव के बाहर ही प्रमोद का खेत है। पुलिस मौके पर पहुंची और प्रमोद को पाटन स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस को आशंका है कि संभवत: जिस समय गांव में लाइट नहीं थी, उसी समय प्रमोद ने पहले तो नलकूप की बिजली का तार काटा और फिर उसका ऊपरी प्लास्टिक का हिस्सा प्लास से अलग किया। पाटन पुलिस के मुताबिक, मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में आत्महत्या का मामला लग रहा है।

# शराब तस्कर गिरफ्तार, पुलिस ने 300 पाव अंग्रेजी शराब की बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** गौरीघाट थाना अंतर्गत पुलिस ने देर रात आयुर्वेदिक कॉलेज के पास एक युवक शराब बेचते पकड़ा। जिसके पास बड़ी संख्या में अंग्रेजी शराब के पाव बरामद किये गये। इसे संबंध में गौरीघाट थाना प्रभारी नेहरू खंण्डाते ने बताया कि देर रात गश्त के दौरान सूचना मिली कि आयुर्वेदिक कॉलेज के पीछे जिलहरी रोड में



एक युवक अधिक मात्रा में शराब बेचने के लिये रखा है। जिस पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम विकाश नायक उर्फ बेटी उम्र 18 वर्ष निवासी बादशाह हलवाई मंदिर के पास ग्वारीघाट बताया। जिसके कब्जे में रखी दोनों बोरियों की तलाशी लेने पर बोरी के अंदर अंग्रेजी शराब विस्की के 300 पाव कीमती लगभग 50 हजार रूपये के मिले। आरोपी ने उक्त शराब के संबंध में पूछताछ पर जबलपुर के कई दुकानों से खरीद कर इकट्ठा करना बताया। शराब जप्त करते हुये पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# स्वर्गीय बाबूलाल पराशर को मरणोपरांत अनिल अब्राहम को महाकौशल खेल शिरोमणि अलंकरण



**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की अग्रणी खेल संस्थान महाकौशल क्रीड़ा परिषद एवं नगर पालिक निगम जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में हॉकी खेल के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलों के क्षेत्र में अपना जलवा बिखरने वाले वर्तमान व पूर्व सितारा खिलाड़ियों को मानस भवन में आमंत्रित खेल सितारे ख्याति प्राप्त हॉकी खिलाड़ी एमपी गणेश पद्मश्री ओलम्पिक अर्जुन अवार्ड से सम्मानित की मौजूदगी एवं संरक्षकगण जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर नगर निगम लखन घनघौरिया विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री विनय सक्सेना विधायक उत्तर मध्य क्षेत्र एवं पूर्व मंत्री चंछ कुमार भनोत की उपस्थिति में स्व. बाबू लाल पाराशर को मरणोपरांत अनिल अब्राहम अलंकार से सम्मानित किया गया विभिन्न खेल के 36 उत्कृष्ठ खिलाड़ियों के सम्मान के साथ ही स्तुत्य खेल संस्थाओं शारीरिक शिक्षक विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय खेल विभाग जिला शिक्षा अधिकारी, स्टेम फील्ड इंटरनेशनल स्कूल, फकीरचं उस्ताद अखाड़ा एवं हिमालय क्रिकेट एकेडमी का सम्मान विशिष्ठ अतिथि हेमलता दिनेश सिंगरोल, एमआईसी सदस्य कर्नल अमित जोशी कमांडिंग आफिसर 1 टीटी आर दिग्विजय सिंह महासचिव मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ, डॉ राजेश धीरावाणी वरिष्ठ चिकित्सक संदीप विजन उद्योगपति राजेश जैन, पिंकी उद्योगपति, इन्द्रजीत मोर्य प्रधान संपादक नेशनल स्पोर्टस टाइम द्वारा खिलाड़ियों को ब्लेजर, पगड़ी टाई एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्माति किया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के सौरभ नाटी शर्मा, डॉ प्रशांत मिश्रा, राकेश तिवारी, रवि पटेल, अशोक गुप्ता, सत्येन्द्र ज्योतिषी, मनोज सेठ, आरिफ बेग, पप्पू वसीम खान, राजेश राजपूत, आशीष तिवारी, वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, हेमंत नायडू, योगेन्द्र तिवारी एवं शकील अनवर ने किया जबकि संचालन संस्थापक डॉ प्रशांत मिश्रा ने किया आभार रवि पटेल ने व्यक्त किया।

**यह बने महाकौशल खेल रत्न 2023**- रागिनी मार्को तीरंदाजी, गौतमी भनोत शूटिंग, मानसी विश्वकर्मा बास्केटबाल रायना यादव हॉकी, राम मनोहर, मन्नू पहलवान कुश्ती, महेन्द्र तिवारी क्रिकेट प्रभात जाट पंजा कुश्ती, गुरूचरण श्रीवास्तव स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग, एडवर्ड जोसफ वॉलाबाल, स्पर्श खरे वुशु, धनराज पिल्लाई एथलेक्टिस मनोज मिश्रा, शतरंज निष्ठा गोडबोले योगासन, सुमित्रा पिल्लई एथलेक्टिस, शिवानी बेन ताइक वांडे, अन्नपूर्ण स्वामी खो, खो प्रदीप सिंह, हॉकी, मिजा उबेद फुटबॉल, मोहित कजर बॉक्सिंग, चन्द्रशेखर अवस्थी तैराकी, मनजीत सामल कब्बड़ी, सौरभ कुशवाहा, पर्वतरोहण, शिवाकांत झारिया कराटे, आदेश पटेल बॉडीबिल्डिंग सुमित सिंह ठाकुर पावर लिफ्टिंग, करन कुमार बॉडी बिल्डिंग, मनीष कटारे, वॉलीबाल नरसिंहपुर, रविकांत अहिरवार, बॉडीबिल्डिंग छिन्दवाड़ा, सुश्री पूर्णिमा रजक, वुशु मण्डला, सुश्री उमा उइके हॉकी बालाघाट, सुश्री आश्रित ठाकुर हॉकी सिवनी, सुश्री टिंकल निषाद करटे कटनी सामिया अंजुम दमोह।

# पुलिस विभाग से 10 कर्मी सेवानिवृत्त, पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी ने दी भावभीनी विदाई



**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस कन्ट्रोल रूम में गुरूवार को 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर उप पुलिस अधीक्षक अपराध सुशील चौहान, उप निरीक्षक (अ) जागेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव पु.म.नि. कार्यालय, कार्यवाहक उप निरीक्षक अनंत कुमार दुबे थाना पनागर, कार्यवाहक उप निरीक्षक कौशल प्रसाद दुबे थाना खितौला, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक बृजकिशोर तिवारी पुलिस लाईन, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक राजनारायण दुबे थाना यातायात घमापुर, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार कोल थाना यातायात गढा, प्रधान आरक्षक उत्तम कुमार बेन पुलिस लाईन, प्रधान आरक्षक मुन्ना लाल पटेल पुलिस लाईन, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक शरद कुमार ठाकुर थाना ग्वारीघाट को पुलिस अधीक्षक जबलपुर तुषार कांत विद्यार्थी (भा.पु.से.) द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर दक्षिण) कमल मौर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (उत्तर/यातायात) प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा तथा रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, की उपस्थिति में सुखद स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ-साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पेंशन, ग्रेज्युटी, के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी।

## पानी में डूबने से युवक की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** विक्टोरिया अस्पताल से सूचना मिली कि रोहित सैनी उम्र 32 वर्ष निवासी बड़ी संतोषी माता रोड शुक्ला होटल तिवारी आटा चक्की के पास घमापुर को 108 एम्बुलेंस द्वारा पानी में डूबने के कारण इलाज हेतु भर्ती किया गया था जिसकी दौरान उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर ओमती पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# 30 से अधिक चाकूबाज एवं फ ायर आर्म्स के साथ पकड़े गये बदमाश

## देशी 2 पिस्टल, 2 कट्टा, 4 कारतूस 26 चाकू, 6 बका, 2 तलवार जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस ने त्योहारों और आगामी चुनाव के मद्देनजर गुंडे-बदमाशों पर नजर रखना शुरू कर दिया है। जिस पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी के आदेशानुसार जिला पुलिस सभी थाना क्षेत्रों में कॉम्बिंग गस्त कर रही है। जिसमें सैंकड़ों असमाजिक तत्व पकड़े जा रहे हैं। जिसके बाद क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि थाना खमरिया के धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अपराध में फरार आरोपी राज सोनकर खेरमाई मंदिर के पास वेस्टलेण्ड में किसी के इंतजार में खड़ा है, सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना खमरिया की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। जहां खेरमाई मंदिर के बगल में पुलिस ने राज सोनकर उम्र 19 वर्ष निवासी भानतलैया मरहीमाता मंदिर के पास हनुमानताल को पकड़ लिया। जो कमर में पीछे दाहिने तरफ एक देशी पिस्टल खोसे मिला। जिसके मैगजीन में 1 कारतूस लोड मिला। आरोपी राज सोनकर के कब्जे से एक देशी पिस्टल एवं एक कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध थाना खमरिया धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार क्राईम ब्रांच को सूचना मिली एक व्यक्ति शारदा मंदिर के पास कट्टा रखे घूम रहा है। जिस पर क्राईम ब्रांच एवं थाना गढा की संयुक्त टीम ने शारदा मंदिर तिराहा के पास धनंजय चक्रवर्ती उम्र 24 वर्ष निवासी शारदा चौक शिव किराना के पास बेदीनगर बताया को पकड़ा, जो देशी कट्टा खोसे घूम रहा था। आरोपी धनंजय चक्रवर्ती के कब्जे से एक देशी कट्टा एवं एक कारतूस जप्त किया गया है।

इसी क्रम में गढा थाना पुलिस ने बड्डा दादा ग्राउण्ड मेडिकल में एक युवक को पकड़ा है जो कमर में पीछे दाहिने तरफ एक पिस्टल खोंसे कोई गम्भीर घटना करने की नियत से खड़ा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसने पूछताछ में अपना नाम सदन उपाध्याय पिता रामकुमार उपाध्याय उम्र 27 वर्ष निवासी खेरमाई मंदिर के पास महगवां



परियट थाना पनागर बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह पेंट के दाहिने तरफ कमर के पीछे एक पिस्टल जिसकी मैगजीन में एक कारतूस लोड है खोसे मिला।

इसी प्रकार हनुमानताल थाना क्षेत्र के कब्रिस्तान में दादामियां मजार के पीछे हाथ में देशी कट्टा लिये गम्भीर घटना करने की नियत से मेंहदी हसन नामक बदमाश को पकड़ा है। जिससे पुलिस ने एक देशी कट्टा बरामद किया है। जिसमें एक कारतूस लोड मिला।

**24 घंटे मे पकडे गये चाकूबाज**- कोतवाली थाना में रामगोपाल साहू उम्र 33 वर्ष एवं अंकुर उर्फअंकुश सेन उम्र 32 वर्ष निवासी न्यू कालोनी चेरीताल, काली अहिरवार उम्र 22 वर्ष निवासी चेरीताल , राहुल ठाकुर उम्र 20 वर्ष निवासी सराफा कोतवाली, संतोष झारिया उर्फ डॉन उम्र 26 वर्ष धीरज यादव उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी न्यू कालोनी चेरीताल को 1-1 चाकू के साथ, थाना मदनमहल में जितेन्द्र कोरी निवासी रानीपुर माली मोहल्ला को बटनदार चायना चाकू के साथ, थाना बेलबाग में रीतेश उर्फबल्लू कोरी उम्र 38 वर्ष निवासी तुलसी मोहल्ला को एक बटनदार चाकू के साथ, थाना सिविल लाईन में दिनेश चौहान उम्र 22 वर्ष निवासी इंद्रा मार्केट एवं विकास ठाकुर उम्र 32 वर्ष निवासी लालमाटी को 1-1 चाकू के साथ पकड़ा है।

# रेल मंत्री पेंशनरों को रेल किराये में 40 प्रतिशत पूर्व जैसी छूट दे सरकार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र के पोने 6 लाख पेंशनर्स के 25 लाख परिवार जनों को रेल किराये में रेल मंत्री पूर्व जैसी (40 प्रतिशत) छूट दें, विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव का समय आ रहा है, ऐसी स्थिति में पेंशनरों की मांग स्वीकार करना समय की मांग है पूर्व में 40 प्रतिशत रेल किराये में छूट थी पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा जबलपुर मप्र के अध्यक्ष नरेश उपाध्याय, संभागीय अध्यक्ष व्ही पी शुक्ला, आरके प्यासी, डॉ अरूण पाण्डेय, के के शुक्ला, सी एल शाक्यवार, प्रेम वल्लभ शर्मा, जी डब्ल्यु रत्नपारखी, आर एल पाण्डेय, डीएस गुप्ता, डीडी शर्मा, एनपी निगम, अशोक दुबे, गुलाब कोरी आदि ने रेल मंत्री से पेंशनरों के रेल किराये में पूर्व जैसी रियायत की मांग की है।

# हिन्दी में अंतिम चार्जशीट उपलब्ध करने का आदेश सुको से खारिज

## व्यापमं घोटाले से संबंधित मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** व्यापमं घोटाले से संबंधित दो प्रकरणों में अभियुक्त को अंतिम जांच रिपोर्ट हिन्दी में उपलब्ध कराने के निर्देश हाईकोर्ट ने दिये थे। जिसके खिलाफ सीबीआई ने उच्चत्तम न्यायालय में अपील दायर की थी। सुको के जस्टिस अभय एस ओका व जस्टिस राजेश बिंदल की युगलपीठ ने हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए कहा कि अभियुक्त व उसके अधिवक्ता को अंग्रेजी भाषा की समझ है तो हिन्दी में अंतिम जांच रिपोर्ट देना आवश्यक नहीं है।

सीबीआई की ओर से सुकों में यह एसएलपी दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि व्यापमं मामले में उन्होनें सुनील सिंह व नरोत्तम धाकड़ के खिलाफ अगल-अलग प्रकरण दर्ज किये थे। सीबीआई ने अंतिम जांच रिपोर्ट अंग्रेजी भाषा में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की थी। अभियुक्तों ने अंतिम जांच रिपोर्ट की प्रति हिन्दी में उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। विचारणीय न्यायालय ने उनके आवेदन को खारिज कर दिया था। जिसके बाद दोनों आरोपियों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को अंतिम जांच रिपोर्ट की प्रति हिन्दी में उपलब्ध कराने के आदेश जारी किये थे। जिसके खिलाफ उक्त अपील दायर की गयी है। युगलपीठ ने सुनवाई दौरान पाया कि अभियुक्त ने वकालतनामा अंग्रेजी भाषा में दायर किया है। प्रकरण परीक्षा घोटाले से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा उनके अधिवक्ता को भी अंग्रेजी का ज्ञान है। सीआरपीसी में अंतिम जांच रिपोर्ट की प्रति अभियुक्त को देना आवश्यक है, जिससे वह आरोपों को समझ सके। राज्य सरकार को सिर्फ न्यायिक भाषा के निर्धारिण का अधिकार है। जांच एजेन्सी तथा पुलिस किस भाषा में अंतिम जांच रिपोर्ट पेश करेगी, इसके निर्धारण का अधिकार नहीं है। अभियुक्त या अधिवक्ता को जिस भाषा में चार्जशीट पेष की गयी, यदि उसका ज्ञान है तो किसी और भाषा में अंतिम चार्जशीट पेश करना आवश्यक नहीं है।




# संभागायुक्त के आदेश पर रोक

## डायरेक्टर को हटाकर डीन को प्रभार सौंपने का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने संभागायुक्त जबलपुर के आदेश पर रोक लगा दी है। जिसके तहत मेडिकल कॉलेज स्थित स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पलमोनरी साइंस के डायरेक्टर को पद से हटा कर उसका प्रभार डीन को सौंपा गया था। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने कहा कि डॉ. जितेन्द्र भार्गव पद पर बने रहेंगे, इतना ही नहीं न्यायालय ने कहा कि बिना अनुशासनात्मक कार्रवाई के डायरेक्टर को पद से हटाना नियमानुसार नहीं माना जा सकता। एकलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

डॉ. जितेन्द्र भार्गव की ओर से यह मामला दायर किया गया। जिसमें उन्होने कहा कि संभागायुक्त (प्रशासक) ने 14 अगस्त को उन्हें पद से हटाकर डायरेक्टर का प्रभार प्रभारी डीन डॉ. गीता गुइन को दे दिया। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वर्ष 2019 में प्रोफेसर के पद से इस्तीफा देने के बाद उन्हें स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पलमोनरी साइंस का डायरेक्टर बनाया गया था। यह पद डीन के पद के बराबर है। उन्होंने बताया कि केबिनेट निर्णय के बाद टीबी एण्ड चेस्ट व रेस्पिरेटरी विभाग का उन्नयन कर मेडिकल कॉलेज में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पलमोनरी साइंस बनाया गया था। याचिकाकर्ता के खिलाफ कुछ शिकायतें की गई थीं, जिनकी जांच के लिए शासन ने 14 जुलाई 2023 को तीन सदस्यी कमेटी बनाई थी। कमेटी की रिपोर्ट आने के पहले संभागायुक्त ने 11 अगस्त को उक्त शिकायतों के आधार पर उपायुक्त व एक अन्य सदस्य की जांच समिति बना दी। याचिकाकर्ता ने कमेटी के समक्ष अपना जवाब भी पेश किया। जांच रिपोर्ट आने के पहले ही संभागायुक्त ने 14 अगस्त को याचिकाकर्ता को पद से हटा दिया, इसलिये न्यायालय की शरण ली गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये। इसके साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव व आयुक्त, संभागायुक्त जबलपुर और मेडिकल कॉलेज जबलपुर के सीईओ व डीन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता समदर्शी तिवारी ने पक्ष रखा।

# भोपाल गैस त्रासदी मामले में जस्टिस केसरवानी ने खुद को किया अलग

**जबलपुर, देशबन्धु।** भोपाल गैस त्रासदी संबंधित याचिका की सुनवाई से जस्टिस अमरनाथ केसरवानी ने खुद को अलग कर लिया है। नयी बैंच गठित करने के लिए याचिकाओं को चीफ जस्टिस के पास रेफर किये जाने के आदेश जारी किये है। दरअसल याचिका में अनावेदक आईसीएमआर के अधिवक्ता जस्टिस केसरवानी के रिलेटिव है। इस कारण से उन्होनें सुनवाई से खुद को अलग कर लिया।

## नई बेंच गठन के लिये याचिका चीफ जस्टिस को रेफर

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने साल 2012 में भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन सहित अन्य की ओर से यह मामले दायर किये गये थे। भोपाल गैस पीड़ितों के उपचार व पुनर्वास के संबंध में 20 निर्देश जारी किये थे। इन बिंदुओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कर मॉनिटरिंग कमेटी का गठित करने के निर्देश भी दिये थे। मॉनिटरिंग कमेटी को प्रत्येक तीन माह में अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट के समक्ष पेश करनी थी। जिस पर न्यायालय सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करती। जिस पर हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई हो रहीं है। मॉनिटरिंग कमेटी की अनुशंसाओं का परिपालन नहीं किये जाने के खिलाफ भी अवमानना याचिका दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि गैस त्रासदी के पीड़ित व्यक्तियों के हेल्थ कार्ड तक नहीं बने है। अस्पतालों में आवश्यकता अनुसार उपकरण व दवाएं उपलब्ध नहीं है। बीएमएचआरसी के भर्ती नियम का निर्धारण नहीं होने के कारण डॉक्टर व पैरा मेडिकल स्टॉफ स्थाई तौर पर अपनी सेवाएं प्रदान नहीं करते है। इतना ही नहीं आवेदकों की ओर से कहा गया था कि 20 में से सिर्फ तीन बिंदुओं पर ही कार्य हुआ है। मामले में गुरूवार को सुनवाई दौरान जस्टिस केसरवानी ने स्वंय को अलग कर लिया।

# कुचबधिया समाज ने हर्षोल्लास से मनाया मुक्ति दिवस



**जबलपुर, देशबन्धु।** गुरूवार 31 अगस्त को मुक्ति दिवस के रूप में जबलपुर कुचबंधिया समाज के द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास से अपने समाज के आदर्श श्री वीरमाना जी की पूजन अर्चन कर, मिष्ठान वितरण, अतिशबाजी के साथ अपना आजादी का पर्व मनाया। कार्यक्रम के आयोजक राहुल कुंचबंधिया ने बताया कि वैसे तो हिन्दुस्तान को आजादी 15 अगस्त 1947 को मिल गई थी। परंतु विमुक्त घुमन्तु अर्द्ध घुमन्तु समाजों को हिन्दुस्तान की आजादी के पांच साल बाद 31 अगस्त 1952 को ब्रिटिश सरकार की गुलामी की बेढ़ियों से आजाद कर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के द्वारा कानून बनाकर इन समाजों को अपराध मुक्त कर आजादी दी गई। इसी तारतम्य में कुचंधिया समाज ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मुक्ति दिवस मनाया और एक दूसरे को बधाईयां दी। कार्यक्रम में उपस्थित जन राहुल कुचबंधिया, बजारी बाबा, गुड्डा सोधा, वीरू खताविया, संतोष ठाकुर, शीतल प्रसाद सोधा, अजय सोधा, जुगनू भैंसवार शेरू रूपेश भैसवार, जय कुछबंधिया, चेतन भैंसवार, नरेन्द्र सिंह माना, दीपक कुचबंधिया, पवन कुचबंधिया, दुस्मन सोधा, टन्टू बाबा, नानू बाबा, अनुराग, सुमित भैंसवार, प्रहलाद खताविया, सूजल सौंधा आदि सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## भाइयों की कलाई पर बहनों ने बांधी स्नेह की डोर

### भाइयों ने दिया रक्षा का वचन, ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन पूर्व

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम में बुधवार को शुभ मुहूर्त में रक्षा बन्धन का पर्व उत्साह से मनाया गया। बहनों ने भाई को आसान पर बैठाया माथे पर हल्दी-कुमकुम का तिलक लगाकर आरती उतारी फिर भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर लम्बी उम्र की कामना की तो भाइयों ने भी बहनों के आजीवन सुरक्षा का संकल्प दिया। गांधीग्राम में रक्षाबंधन को लेकर सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। हलाकि शुभ मुहूर्त पर रात्रि 8 बजकर 18मिनिट से राखी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया था।



रक्षाबंधन के लिए बहनें एक दिन पहले से ही मायके पहुंचनी शुरू हो गई थी। बुधवार को भी कई बहनें अपने मायके पहुंची। बहनों ने भाईयों को राखी बांधकर लंबी उम्र की कामना की। रक्षा बंधन को लेकर बच्चों में भी उत्साह रहा। छोटी बालिकाओं ने भी अपने भाईयों को राखियां बांधी। कई महिलाओं के मायके नहीं आने पर उनके भाईयों ने वहीं जाकर राखी बंधवाई। रक्षा बंधन के चलते गाँवों में भी चहल-पहल अधिक रही। राखियों के साथ मिठाइयों की खरीद भी हुई। रक्षा बंधन पर महिलाओं के राखी बांधने जाने से जबलपुर-कटनी हाईवे पर मेट्रो बसों के साथ निजी बसों में भी दिनभर भारी भीड़ रही।

बसों में पैर रखने की जगह नहीं रही। बसों में क्षमता से अधिक सवारियों ने यात्रा की। ऐसी ही हालत निजी बसों की भी रही। क्षेत्र में अधिकांश मार्गों पर महिलाओं को सफर करने में परेशानी उठानी पड़ी। राखी बांधने का सिलसिला रात तक चलता रहा। निकिता मिश्रा,हर्षिता, निशि, कारवी,शालू, मणिका, साक्षी, अंजली, अंशिका, वंशिका आदि बहिनों ने बताया कि भाई बहिन का यह पवित्र त्यौहार प्रेम भाव,स्नेह, सुरक्षा के संस्कारों को जीवंत उदाहरण है।

## सांसद ने किया पाटन विधानसभा का दौरा

### पाटन ब्लॉक की 24 ग्राम पंचायतों में हुई 55 लाख के विकास कार्यों की घोषणा



**पाटन देशबन्धु।** सांसद राकेश सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र के पाटन ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र पौड़ी खुर्द, पौड़ी कला, हरदुआ (मड़वा), कौनी कला, बूढ़ी कोनी, गाड़ाघाट, जटवा, रिमझा, डुंडी, जूरी, कटरा (बेलखेड़ा) कुअरपुर, (बजरंगढ़), मालाकला, हरदुआ पौड़ी (सिमरिया), पौंडी काटी (मझगंवा), उड़ना (करहैया),कांटी धमनी, पडरिया (भमकी), सुरैया, बरही, ग्वारी, धनेटा, सहसन एवं भुवारा आदि गांवों का दौरा कर केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा गरीबों के कल्याण हेतु अनगिनत जन-कल्याण-कारी योजनाएं चल रही है जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है और जनता केंद्र व प्रदेश सरकार के काम से संतुष्ट है। श्री सिंह ने पाटन जनपद क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों का दौरा कर लगभग 55 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यो की घोषणा की है।

**महिलाओं ने बांधी सांसद राकेश सिंह को राखी**-पाटन ब्लाक में आयोजित हुए कार्यक्रम में पंचायत की महिलाओं ने रक्षा-बंधन के अवसर पर सांसद राकेश सिंह को राखी बांधकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बालचंद जैन,भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष कृष्णशेखर सिंह, नप्र अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सार-समाचार

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने दलित बहिनों के साथ मनाया राखी का त्योहार



**सिहोरा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी सिहोरा नगर मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी ने शुक्रवार को सिहोरा नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 14 की बहिनों के बीच जाकर रक्षाबंधन के पर्व को मनाया व बहिनों ने राखी बाँधकर अपना फर्ज निभाया तो अंकित तिवारी के द्वारा बहिनों को उपहार भी भेंट किये गए। इस अवसर पर भाजपा कोषाध्यक्ष जितेंद्र पटेल गोलू सेन, आरती चौधरी, वर्षा चौधरी, ममता चौधरी, कल्पना चौधरी, सुमन चौधरी,नीतू चौधरी, संध्या बर्मन, सुनीता चौधरी सहित बड़ी संख्या मैं बहिनें उपस्थित थी।

## ग्राम बम्हनी में विशाल इनामी दंगल का आयोजन आज

**बरेला, देशबन्धु।** परंपरा के अनुसार इस वर्ष एक तारीख दिन शुक्रवार को विशाल इनामी दंगल ग्राम बम्हनी मैं रखा गया है। सभी पहलवानों व दर्शक गणों से निवेदन है की अधिक से अधिक मात्रा में पहुंचकर विशाल इनामी दंगल को सफल बनायें।

## नवागत थाना प्रभारी कुंडम अनूप नामदेव स्टाफ ने किया स्वागत

**कुंडम, देशबन्धु।** अनूप नामदेव टीआई विदिशा जिला से पहुंचे कुंडम थाना में कुंडम थाना पहुंचते ही समस्त स्टाफ उनका थाना प्रांगण में स्वागत अभिनंदन किया इसके बाद थाना के एवं समस्त क्षेत्र के बारे में पूछा कर अपने कार्य प्रणाली को जानकारी में लिया आज रक्षाबंधन पावन त्यौहार को देखते हुए कुंडम थाना प्रभारी अनूप नामदेव ने अपने पुलिस बल के साथ कुंडम नगर का पैदल भ्रमण किया और यहां वहां अन्य जानकारियां लेते हुए सुचारू रूप से काम करने के लिए एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कुंडम बाजार का निरीक्षण किया समस्त स्टाफ को शांति व्यवस्था के लिए काम करने के लिए आदेशित करते हैं इस अवसर पर प्रधान आरक्षक भूपेंद्र पटेल सरोज विमल यादव जी आरक्षक कुंडम सहित नगर भ्रमण मैं शामिल रहे।



## धरम सिंह मरावी ने की पूर्व मंत्री तरुण भनोट से मुलाकात



**कुंडम, देशबन्धु।** जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 के धरम सिंह मरावी और सरपंच संघ अध्यक्ष बदुआ सरपंच राम मिलन वरकड़े ने पूर्व मंत्री तरुण भनोट से मुलाकात की। साथ ही आगमी चुनाव के लिए सिहोरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 102 के लिऐ चुनाव नजदीक आते जा रहा और सिहोरा विधानसभा में कांग्रेस का विधायक बनाना है तो कैसे रणनीति से काम किया जाए इस पर विचार विमर्श पर चर्चा किया गया और तरुण भनोट जी से आशीर्वाद भी मिला और उन्होंने कहा है की क्षेत्र में काम करने की सलाह दी गई है हम और आप सभी कार्यकर्ता मिल जुलकर अपने अपने मूल दायित्वों के अनुसार काम करने की जररूत है कांग्रेस पार्टी संगठन को अधिक से अधिक मजबूत करने।

## जंगली हाथियों से धान की फसल बचाने जान की बाजी

**उमारिया, देशबन्धु।** उमरिया के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की सीमा पर बसे सैकड़ो गांव के ग्रामीण जंगली हाथियों की दहशत से भारी मशक्कत का सामना कर रहे हैं। ताजा मामला बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की कोर एरिया पर बसे ग्राम गढ़पुरी का है जहां के किसान बुधवार-गुरुवार की दरिमियानी रात अपनी धान की फसल को जंगली हाथियों से बचाने के लिए आधी रात लाठी डंडे लेकर और जान को हथेली पर रखकर घरों से निकलकर खेतों की ओर जा रहे हैं और खेतों की तकवारी कर रहे हैं ।जंगली हाथियों से अगर ग्रामीणों का वास्ता हुआ तो स्थिति खतरनाक हो सकती है ,बावजूद इसके ग्रामीणों को अब अपनी फसल के अलावा किसी और की परवाह नहीं है ।

शायद अपने जान की भी नहीं,प्रबंधन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है प्रबंधन की अनदेखी का ही नतीजा है कि ग्रामीण जान पर खेलते हुए अपनी फसल को बचाने पर अमादा हैं बता दें टाइगर रिजर्व में बीते वर्ष 2018 से जंगली हाथियों ने अपना रहवास बना लिया है और अब इनकी संख्या बढ़ते हुए एक सैकड़ा के ऊपर हो चुकी है जो टाइगर रिजर्व की अलग-अलग क्षेत्र में झुंड बनाकर विचरण कर रहे हैं खास बात यह है की टाइगर रिजर्व की कर एवं बफर सीमा में 105 गांव आबाद हैं और ग्रामीणों की आजीविका का मुख्य साधन खेती है जिस वजह से उन्हें मशक्कत करनी पड़ रही है,धान की फसल जंगली हाथियों को पसंद है इसीलिए वे खेतों की ओर रुख कर रहे हैं और किसानों को खेतों को चौपट कर दे रहे,दूसरी बात यह कि जंगली हाथियों के द्वारा किसानों के खेतों की फसल को नष्ट किए जाने के बाद उन्हें प्रशासन से किसी भी तरह की राहत राशि या मुआवजा दिए जाने का प्रावधान नहीं है इसलिए किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ती है और यही वजह है कि किसान अब जंगली हाथियों से अपनी फसलों को बचाने खुद जान की बाजी लग रहा है।

## हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म उत्सव पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन





**पनागर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सरस्वाही वीरनेर में युवा सेवा संगठन जबलपुर व स्पोर्ट्स उत्सव के द्वारा स्ट्रीट स्नेह स्कूल सरसवाही के बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिनमे स्कूल के अध्यनरत 100 बच्चों से भी ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। जहां विजेता खिलाड़ियों को संगठन द्वारा गोल्ड मेडल, टाफी, बिस्किट वितरण किया गया। और रक्षाबंधन पर्व को ध्यान रखते हुए गायत्री परिवार द्वारा लगभग 100 बच्चों कोस्कूल ड्रेस प्रदान किया गया।

इस दौरान संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुमित यादव ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपने अदम्य साहस और स्फूर्ति के बल पर हॉकी के क्षेत्र में पूरे विश्व में भारत का परचम लहराया और भारत को ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाया। इस अवसर पर गायत्री परिवार से प्रकाश मुरजानी, पी एल यादव, नारायण प्रसाद यादव, वार्ड 79पार्षद पति सुरेंद्र साहू, गिरजा पाठक, सरपंच कुंवर मरावी, सागर लोधी, नितेश तिवारी, एस बी निषाद, शिवम कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, अनिल यादव, जैन सिंह, अर्चना यादव, रजनी काछी, शेखर यादव के साथ संगठन सदस्यों और ग्रामीण जनो की उपस्थिति रही।

## 700 मुनियों की रक्षा का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास से मनाया

### भगवान श्रेयाशंनाथ जी के मोक्ष कल्याणक पर्व पर लड्डू चढ़ाए



**पनागर, देशबन्धु।** 700 मुनियों पर आए उपसर्ग के तहत मुनियों की रक्षा आज रक्षाबंधन के दिन हुई थी इसी कार्यक्रम के तहत जैन समाज द्वारा रक्षाबंधन का पर्व संपूर्ण देश एवं विश्व में इस पर्व के रूप में मनाया जाता है अपनी परंपरा के अनुसार आज मंदिर की में भगवान का पूजन अभिषेक शांति धारा की गई एवं विष्णु कुमार मुनि श्री की पूजा की गई जिन्होंने आज के दिन 700 मुनियों की जान की रक्षा की थी नगर के बड़े जैन मंदिर श्री शांतिनाथ जी जिनालय बजरिया जैन मंदिर बाजार जैन मंदिर चंदा प्रभु जैन मंदिर सिंगई एवं श्री चंद्र प्रभु जैन मंदिर नायक जी मे, विविध धार्मिक आयोजन किए गए रक्षाबंधन कथा के पश्चात सभी लोग राखी अपनी-अपने घर ले गए आज भगवान श्री 1008 श्रेयांश नाथ जी का मोक्ष कल्याणक भी मनाते हुए भगवान को लड्डू चलाएं समस्त कार्यक्रम में पुरुष महिलाएं युवा वर्ग का विशेष सराहनी योगदान रहा।

## पुलिस ने नशे धुत व्यक्ति के 40 हजार रुपए किए वापस

**कुंडम, देशबन्धु।** कुंडम पुलिस ने नशे धुत व्यक्ति के 40 हजार रुपए वापस कर अपनी ईमानदारी का परिचय दिया है। जानकारी के अनुसार कुंडम बस स्टैंड हनुमान मंदिर के पास गोरेलाल निवासी ग्राम सुकरी थाना निवास जिला मंडला का रहने वाला मंगलवार को इंडियन बैंक सुपावारा से 40000 निकालकर कुंडम आया कुंडम में खूब शराब पी अधिक नाश होने के कारण बस स्टैंड हनुमान मंदिर के पड़ा था उसके पास 40000 पासबुक आधार कार्ड था कुंडम के प्रकाश साहू ने पुलिस को सूचना दी कुंडम पुलिस आई उठाकर थाने ले गई थाने से उसके परिजन एवं पत्नी को बुलाया गया गोरेलाल का नशा उतरा तब कुंडम टी आई अनूप कुमार नामदेव स्टाफ के भारत प्रधान आरक्षक, रविकांत सेन आरक्षक, प्रिंस कुमार पटेल, जयप्रकाश यादव, कुंडम एस आई वीरेंद्र सिंह उईके सहित समस्त स्टाफ ने गोरेलाल को उनकी पत्नी के सामने?40000 पासबुक आधार कार्ड उनके सुप्रदा किया गया और उन्हें समझाएं दी गई कि अब शराब नहीं पीना और सीधे परिवार के साथ घर जाना कुंडम टी आई अनूप नामदेव ने एवं उनके समस्त स्टाफ के द्वारा ?40000 एक नशा करने वाले व्यक्ति की सुरक्षा राशि को वापस किया है करते हुए शराबी को समझाएं दी गई इसी के साथ कुंडम पुलिस की ईमानदारी को देखते हुए इनके सराहनी काम को देखते हुए कुंडम नगर वासी एवं समस्त क्षेत्र वासियों ने धन्यवाद प्रेषित किया है।

## पालीवाल समाज ने राम मंदिर में रक्षाबंधन बलिदान दिवस के रूप में मनाया



**गोसलपुर, देशबन्धु।** पालीवाल समाज ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री राम मंदिर प्रांगण में रक्षाबंधन पर्व बलिदान दिवस के रूप में मनाया इस अवसर पर धोला चौतरा के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर बलिदानीयों को याद किया गया।इस अवसर पर पालीवाल समाज के अध्यक्ष खेमराज पालीवाल ने समाज के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के ने कहा कि समाजोत्थान में संस्कारों की आवश्यकता है। समाज के युवाओं को इस कार्य में आगे आना चाहिए।

**ये रहे उपस्थित**-खेमराज पालीवाल,साकेत पालीवाल, सुरेश पालीवाल, राजेश पालीवाल, लक्ष्मण पालीवाल,प्रकाश पालीवाल, साकेत, लक्ष्मण पालीवाल, मोहित पालीवाल, मृत्युंजय,संजू पालीवाल, जगदीश पालीवाल, विवेक पालीवाल, अनिल पालीवाल,अंजनी पालीवाल यशोदा पालीवाल,सुमित पालीवाल,अमित पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन और कजलियों का पर्व ग्रामीण क्षेत्रों में शान्ति सदभावना के साथ मनाया गया

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सावन पक्ष की चौदस 30 व 31अगस्त को बड़ी ही सदभावना पूर्वक राखियों के साथ कजलियो का पर्व धूम धाम के साथ मनाया गया सावन माह की चौदस को पड़ने वाला भाई बहन का धागों का त्योहार रक्षाबंधन भाईयों के तिलक व स्नेह का रक्षा सूत्र बाध कर सभी बहनों ने मनाया। रक्षाबंधन का त्योहार ग्रामीण इलाकों में दो दिन मनाया गया सावन महीने व सावन माह की चौदस 30 तारीख पूर्णिमा के दिन भाद्रपद नक्षत्र पड़ने के कारण आज 31/08/2023 को रक्षाबंधन व कजलियो का पर्व पाटन, कटंगी, मझौली, शहपुरा, बरगी, पनागर आदि गांवों में शान्ति पूर्वक मनाया गया।



## दक्षिण कोरिया व अमेरिका ने किया संयुक्त वायु सेना अभ्यास

**सोल।** दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने बुधवार को वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान कम से कम एक अमेरिकी निर्मित बी-1बी रणनीतिक बमवर्षक की तैनाती के साथ वायु सेना का संयुक्त अभ्यास किया। दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि वायु सेना का अभ्यास दक्षिण कोरिया-अमेरिका के बीच चल रहे उल्ची फ्रीडम शील्ड और वारियर शील्ड फील्ड अभ्यास का हिस्सा था, जो 21 अगस्त को शुरू हुआ। बी-1बी के साथ अमेरिका द्वारा तैनात एफ-16 जेट और दक्षिण कोरिया के एफ-50 लड़ाकू विमान भी थे। मंत्रालय ने अभ्यास में शामिल विमानों की संख्या का खुलासा नहीं किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस अभ्यास ने उत्तर कोरिया के हाल ही में कथित बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण के जवाब में अमेरिकी रणनीतिक संपत्तियों के समय पर समन्वय और तैनाती के माध्यम से ठोस संयुक्त रक्षा क्षमताओं तथा विस्तारित निरोध प्रक्रियाओं की सक्रियता का प्रदर्शन किया।

# इमरान की न्यायिक हिरासत 13 सितम्बर तक बढ़ी

### तीन साल की जेल की सजा को निलंबित करने के एक दिन बाद आया फैसला

**इस्लामाबाद,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दायर मामलों की सुनवाई के लिए हाल ही में स्थापित एक विशेष अदालत ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की न्यायिक हिरासत बुधवार को 13 सितंबर तक बढ़ा दी। श्री खान के वकील ने भी इसकी पुष्टि की। समाचारपत्र 'डॉन' के अनुसार यह इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा तोशखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री की तीन साल की जेल की सजा को निलंबित करने के एक दिन



बाद यह फैसला आया है। तोशाखाना मामले में श्री खान को पांच अगस्त को दोषी ठहराया गया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने तोशाखाना मामले में श्री खान की दोषसिद्धि और तीन साल की जेल की सजा पर मंगलवार को रोक लगा दी थी। फैसले के निलंबन के बाद हालांकि, विशेष अदालत ने अटॉक जिला जेल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष खान को 'न्यायिक लॉकअप' में रखा जाए और सिफर मामले के संबंध में उन्हें आज पेश किया जाए। पीटीआई का आरोप है कि इसमें अमेरिका की ओर से श्री खान को सत्ता से बाहर करने की धमकी दी गई थी।

पाकिस्तानी जला रहे बिजली बिल

## सरकार लोगों का गुस्सा शांत करने में विफल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बिजली बिलों में भारी बढ़ोत्तरी को लेकर राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी है। वहीं कार्यवाहक सरकार नागरिकों को कोई राहत देने में विफल रही है और वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की नाराजगी से बचने और नागरिकों की परेशानी के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश कर रही है। यह जानकारी डॉन ने बुधवार को दी। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में अंतरिम मंत्रिमंडल ने इस मुद्दे का समाधान करने में असहायता व्यक्त की, यहां तक कि किश्तों में बिजली बिल लेने पर भी दुविधा है जब तक कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष इसे अपनी मंजूरी प्रदान नहीं करता। अंतरिम सूचना मंत्री मुर्तजा सोलंगी ने बाद में एक निजी टीवी चैनल से कहा कि सरकार बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत उपायों के संबंध में आईएमएफ से बातचीत कर रही है।

## चीन के समुद्री खाद्य आयात प्रतिबंध का जवाब देगा जापान

### डब्ल्यूटीओ में मुकदमा दायर करने का कर रहा विचार

**टोक्यो,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। जापान ने कहा कि वह अपने समुद्री खाद्य उत्पादों के आयात पर पाबंदी लगाने की चीन की कार्रवाई का मुकाबला विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के तहत करेगा। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने बुधवार को यह बात कही। गौरतलब है कि जापान के फुकुशिमा परमाणु बिजली घर (एनपीपी) के शोधित पानी को समुद्र में वापस छोड़े जाने को लेकर चीन ने पिछले दिनों जापान के समुद्री खाद्य उत्पादों का आयात पर रोक लगा दी है। जापान के संवाद समिति क्योडो ने कल एक रिपोर्ट में कहा कि जापान सरकार चीन की कार्रवाई के खिलाफ डब्ल्यूटीओ में मुकदमा दायर करने का विचार कर रही है। श्री मात्सुनो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस तरह की कार्रवाई (चीन की कार्रवाई) को बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जा सकता। हम डब्ल्यूटीओ की व्यवस्था के अंतर्गत



आवश्यक कार्रवाई करने के विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि फुकुशिमा परमाणु बिजली घर में कुछ वर्ष पहले बड़ी दुर्घटना हुई थी। जापान ने 24 अगस्त को वहां से शोधित पानी को प्रशांत महासागर में छोड़ना शुरू कर दिया था। पानी छोड़ने से पहले उसमें बड़ी मात्रा में समुद्र का जल मिलाया गया था। इसके खिलाफ चीन के सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने जापान से समुद्री खाद्य उत्पादों का आयात निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। चीन ने फुकुशिमा परमाणु बिजली घर का पानी समुद्र में छोड़ने को लेकर जापान की आलोचना करते हुए कहा है कि वह पानी रेडियोधर्मी विकिरण से दूषित है।

## आज का इतिहास

1807- अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति आरोन बर्र राजद्रोह के मामले में निर्दोष पाये गये।

1878- एम्मा एम नट्ट अमेरिका में पहली महिला टेलीफोन ऑपरेटर बनीं।

1923- ग्रेट कैंटो भूकंप ने जापान के टोक्यो और योकोहामा में भयंकर तबाही मचायी।

1939- जर्मनी का पोलैंड पर आक्रमण करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत हुई।

1947- भारतीय मानक समय को अपनाया गया।

1956- भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की स्थापना हुई।

1956- राज्यों के पुनर्गठन के बाद त्रिपुरा केंद्र शासित प्रदेश बना।

1962- महाराष्ट्र के कोल्हापुर में शिवाजी विश्वविद्यालय की स्थापना।

1964- इंडियन ऑयल रिफाइनरी और इंडियन ऑयल कम्पनी को विलय कर इंडियन ऑयल कॉपरेशन बनाई गयी।

1972- मिस्र और लीबिया ने फेडरेशन बनाया।

## सुडोकू 6303

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 2 | |
| 5 | 4 | | 9 | | 3 | | | 6 |
| | 9 | 8 | | | | | | |
| 7 | | | 2 | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | | | | 5 | | |
| 3 | | | 8 | | 6 | | | 9 |
| | | | | | | 3 | 9 | |
| 8 | | | 5 | | 9 | | 1 | 4 |
| | 1 | | | | | 6 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

*हल आज ही के अंक में*

# संत विसुद्ध मिलहिं पुनि तेही। चितवहिं राम कृपा करि जेही।।

सदा से ही जिसके ऊपर भगवान कृपा कर देते हैं उनको विसुद्ध संत मिल जाते है। सन्त को यहॉ विसुद्ध कह दिया। कईयों को तो विसुद्ध सन्त मिल जाते हैं पर कई लोगों को कालनेमि मिल जाते हैं। सन्त के वेश में ऐसे लोग मिल जाते हैं जो उल्टा उपदेश देते हैं। ऐसे लोगों के चक्कर में पड़ गए तो वे न जाने कहॉ पहॅुचा दें। भगवान के अनुग्रह से हमें सन्त मिल जाते हैं, गुरू मिल जाते हैं।

किसी सिद्व गुरू से मार्गदर्शन प्राप्त करने वाले सचमुच भाग्यशाली हैं हजारों लोगों को ज्ञान प्रदान करने वाले ईश्वरावतार निश्चय ही सबसे महान गुरू हैं, हमारी परम्परा ही ॠषि परम्परा है। यहॉ के साधु सन्त देश समाज और संस्कृति की रक्षा के लिए अग्रणी रहे हैं। यहॉ के सन्त महात्माऔं की परम्परा अक्षुण्ण चली आ रही है। उन्ही सन्तों मे से कई ऐसे सन्त भी हुए है जिन्होने धर्म, समाज और देश के लिए वाल्यावस्था से ही अपना जीवन अर्पित किया हैं। उसी सन्त परम्परा में अद्वैत सिद्वांत के महान प्रवर्तक भगवत्पाद आद्य शंकराचार्य हुए हैं ,जिन्होने सनातन धर्म की रक्षा के लिए देश की चार दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। उन मठों की परम्परा अवाध गति से आज भी गतिमान है। उसी महान परम्परा की सुदृढ़ श्रृंखला के रूप में पूज्यपाद द्वारकाशारदापीठाधीष्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज जी हमारे समक्ष विद्यमान हैं।

पूज्यपाद महाराज श्री का जन्म मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत बरगी ग्राम मे विख्यात आयुर्वेद रत्न स्व. विद्याधर अवस्थी जी के यहॉ भाद्रकृष्ण द्वितीया सं. 2015 तदनुसार (31 अगस्त 1958) को हुआ। आपकी माता स्व. श्रीमती मानकुंवर देवी बड़ी ही धार्मिक प्रवृत्ति की थीं और आपकी माता जी को श्रीरामचरितमानस कंठस्थ थी और वे भगवान श्री राम की गहरी आस्था रखने वाली विदुषी थीं यही वजह थी कि उन्होंने आपका नामकरण रमेश नाम से किया,जो कि विष्णु जी का भी एक नाम है,जिसका अर्थ होता है परीरक्षक जो खतरे से बचाए , आपकी माता जी का आपके प्रति गहरा स्नेह था,आपकी आरंभिक शिक्षा बरगी ग्राम मे सम्पन्न हुई,ऐसा कहा जाता है कि आपकी प्राथमिक शिक्षा के बाद आपको माध्यमिक शिक्षा के अन्यत्र दूसरे गांव में भेजा गया तो वहां आप अपने शिक्षकों से ऐसे प्रश्नों को किया करते थे जिससे वे आश्चर्य चकित रह जाते थे और सन्त महात्माओं को देखकर उनके प्रति आपका आकर्षण अनायास ही बढ़ जाता था,इसी कारण आप एक साधु के साथ अकेले चले गए वे साधु आपको महाराज जी के पास ले गए जहां महाराज जी ने आपको देखकर कहा कैसे आए हो तोआपने वहां रहकर अध्धयन करने की इच्छा प्रगट की तब महाराज जी ने कहा अपने माता-पिता से आज्ञा लेकर आए हो उन्होंने कहा नहीं तो महाराज जी ने कहा वापस जाओ और अपने माता-पिताजी को साथ लेकर आना इन्होंने वापस आकर घर पर पूरी घटना बताई माता पिता ने आपके मन मे भगवान के श्रीचरणो एवं साधु-सन्तो के प्रति अटूट श्रद्वा भक्ति एवं संसार के प्रति विरक्ति के भाव को देखते हुए आपको ब्रह्मालीन शकराचार्यजी महाराज के सान्निध्य में संस्कृत षिक्षा हेतु ॠषिकुल संस्कृत विद्यालय भेज दिया। आपके गुणों व रूचि को देखकर पूज्य ब्रहांलीन शकराचार्यजी महाराज ने आपको उच्च शिक्षा हेतु काशी भेजा जहां आपने 16 वर्ष तक व्याकरण, न्याय, वेद, वेदान्त, साहित्य आदि की शिक्षा प्राप्त की।

आपकी कुषाग्र बुद्वि और अद्भुत क्षमता को देखकर



**01 सितंबर 2023 - जन्मदिवस पर विशेष**


ब्रह्मालीन शकराचार्यजी महाराज द्वारा ब्रम्हचारी की दीक्षा प्रयाग कुम्भ में सन् 1977 की देकर सदानंद नाम दिया एवं आशीर्वाद स्वरूप अपनी शक्तियां प्रदान की, तब से आप गुरू आज्ञा शिरोधार्य कर अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ गुरू प्रकल्पों को सक्रिया के साथ उसकी श्री वृद्वि में अपना योगदान देकर उन्हे विस्तारिक करते रहे। इसके साथ गुरू आज्ञा के अनुसार अध्ययन के साथ ही इन कार्यो के संचालन का दायित्व सभालने का अवसर प्राप्त हुआ था। अपने गुरू के मन्तब्य को जानते हुए ही इन कार्यो को आरंभ किया। अतिशीघ्र ही जिसके सुफल परिणाम सामने दिखाई पड़ने लगे। पूज्यपाद गुरूदेव ने आपकी क्षमताओं से प्रभावित हो कर आपको 15 अप्रैल 2003 को दण्ड सन्यास की दीक्षा देकर स्वामी सदानंद सरस्वती के रूप में समाज में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु धर्मादेश देने की आज्ञा प्रदान की। आपने तब से अपने गुरू पूज्यपाद ब्रहांलीन द्विपीठाधीष्वर जगद्गुरू शंकराचार्य महाराज की आज्ञा से उनके कार्यो को मूर्त रूप प्रदान करने लगे। आपने महाराज श्री के द्वारा चलाये जा रहें कार्यो को न केवल गति दी वरन उनके अलावा नये-नये कार्य आरंभ किए जिनमें से कुछ प्रमुख है, भगवान द्वारकाधीश के मंदिर जहॉ शारदापीठ मठ स्थित हैं, यह अत्यंत जीर्ण शीर्ण अवस्था में था, जिसका संकल्प लेकर मठ की गरिमा के अनुरूप 3 वर्षों इसका निर्माण कराकर भगवत्पाद आद्यशंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित की साथ ही भगवत्पाद श्रीमदाद्यशकराचार्य जी के विचारो को जन-जन तक पहॅुचाने का एक शलाघनीय कार्य किया, ब्रहांलीन पूज्यपाद अनन्तश्री विभूषित ज्योतिशपीठाधीष्वर एवं द्वारकाशारदापीठाधीष्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की तप:स्थली मे आपके द्वारा अनेको प्रकल्प चलाए जा रहें हैं जिनमें प्रमुख श्रीशकराचार्य बाल विद्या निकेतन जिसके माध्यम से गरीब आदिवासी, अशिक्षित विद्यार्थियों को शिक्षित करने का कार्य नि:शुल्क कराया जाता है, नि:शुल्क शकराचार्य नेत्रालय की स्थापना स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापना 07 जून 2013 को की गई, जिसका लोकार्पण भारत के तत्कालीन राश्ट्रपति महामहिम श्री प्रणव मुखर्जी व पूज्य शंकराचार्य जी के द्वारा किया गया, अभी तक इस नेत्रचिकित्सालय के माध्यम से लगभग 1 लाख से अधिक गरीब, कमजोर वर्गो के लोगो को लाभांवित कराया जा चुका है। ऐसे ही विशाल स्फटिक मणी शिवलिंग की स्थापना, श्रीशारदापीठ आर्ट कामर्स कॉलेज का जीणोद्वार, द्वारका मे शकराचार्य गुरूकुल की स्थापना, संस्कृत ऐकेडेमी का विस्तार, श्रीदेवरामचंद्र ब्रहाचारी राममन्दिर का जीणोद्वार, शारदापीठ आश्रमशाला का सौन्दर्यीकरण, शारदापीठ गौशाला का जीर्णोद्वार, शारदापीठ सोमनाथ सन्त निवास का निर्माण, चन्द्रमौलेष्वर धाम शकराचार्य नगर का जीर्णोद्वार, आद्यशंकराचार्य शिक्षा विकास समिति का गठन के साथ पूज्यपाद गुरूदेव के आदेशानुसार अनेको ग्रन्थों का प्रकाशन, टीका एवं अनुवाद किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप महाराजश्री को पूज्यपाद अनन्तश्री विभूषित ज्योतिशपीठाधीष्वर एवं द्वारकाशारदापीठाधीष्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने जीवन काल में ही इच्छापत्र तैयार कराकर आपको दे दिया था जिसमें यह निष्चय कर दिया था कि उनकी समाधी से पूर्व ही आप द्वारकाशारदापीठ के 79 वे शंकराचार्य चार्य के रूप में प्रतिष्ठित होंगे, साथ ही उनके द्वारा जो भारतवर्ष में प्रवृत्तियां संचालित हैं उन्हें और अबाध गति एवं विस्तार प्रदान करेंगे, अत: ब्रहांलीन महाराजश्री की इच्छानुसार 11 सितंबर 2022 को परमहंसी गंगा आश्रम झोतेष्वर में पूज्य गुरूदेव अनन्तश्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारकाशारदापीठाधीष्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज ब्रहांलीन हुये, दिनांक 12 सितंबर 2022 को पूज्य शंकराचार्य जी की आज्ञानुसार ज्योतिर्मठ, बदरीकाश्रम, हिमालय, शारदापीठ, द्वारका गुजरात श्रृंगेरीशारदापीठ, कर्नाटक के प्रतिनिधियो द्वारा आपका संक्षिप्त रूप से द्वारकाशारदापीठ के शंकराचार्य के रूप में अभिषेक किया गया, तदोपरांत 14 अक्टूबर 2022 को द्वारकाशारदापीठ की शकराचार्य परम्परानुसार आपका द्वारका में पीठाधिरोहण व महाभिनन्दन कार्यक्रम भारत के सभी अखाड़ो के मान्य आचार्य, महामण्डलेष्वर सन्त, महन्त के साथ श्रृंगेरी के शंकराचार्य अनन्तश्री विभूषित श्रृंगेरीशारदापीठ जग्दगुरू शंकराचार्य श्री विधुशेखर भारती महास्वामीजी व ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अनन्तश्री विभूषित ज्योतिशपीठाधीष्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्रीअविमुक्तेष्वरानन्द जी महाराज एवं पूज्यपाद ब्रहाचारी सुबुद्वानंद जी महाराज की गरीमामय उपस्थिती में सम्पन्न हुआ।

अनन्तश्री विभूषित द्वारकाशारदापीठाधीष्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती जी महाराज के कार्य इतने वृहद है की उन्हें शब्दो की सीमाओ में बांध कर प्रस्तुत करना कठिन है, महाराजश्री अपने गुरू के हर उत्तरदायित्व को बड़ी सफलतापूर्वक उठाते आज भी आप वनवासी क्षेत्रों लगातार सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में सतत् क्रियाशील हैं आज उनके अवतरण दिवस पर उनके श्रीचरणो मे प्रणाम करते हुए माता राजराजेश्वरी एवं चंद्रमौलेश्वर भगवान ने यही प्रार्थना है की उनकी यह कीर्तिमान पताका दिग-दिगांतर फहरती रहेऔर उनका आर्शीवाद हम सभी के ऊपर यू ही बना रहे।

गुरूदेव के श्रीचरणो में सादर नमन:

**- डॉ. अभिजात त्रिपाठी**
प्राचार्य, श्रीजानकीरमण महाविद्यालय,
जबलपुर (म.प्र.) मो. 94258 62378

## वर्ग पहेली 6303



**बायें से दायें:-**

१. किसी महाजन-व्यापारी आदि के हिसाब की किताबें
३. नापाक, अशुद्ध
५. जो कभी न टूटे
६. निवासी
७. चंद्रमा
९. प्रार्थी, सवाल करने वाला (उर्दू)
१०. एक दैत्य जिसका वध श्रीकृष्ण ने किया था
१२. दिलचस्प, रुचिकर
१३. रिश्ता, लगाव
१४. डर से घबराया हुआ
१६. खोपड़ी, माथा
१८. लक्ष्मी
२०. हिंसक पशु (उर्दू)
२१. प्रतिपक्षी को लड़ने के लिए दी जानेवाली चुनौती
२३. पिशाच की तरह क्रूर स्वभाव वाला मनुष्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. वर्षा
२. गले के नीचे से शुरू होने वाली नली जिससे भोजन पेट में पहुंचता है
३. अनुमान, अंदाजा
४. मुख्यालय, प्रतिरोध
५. मुताबिक
८. लाल कमल
१०. बचा हुआ, अवशेष, बाकी रकम
११. दोष या खराबी दूर करने की क्रिया या भाव
१२. रोकने वाला, विघ्न, रुकावट
१३. युद्ध
१४. बहुत से लोगों का बदहवास होकर एक साथ भागना
१५. अपनी तौल के बराबर अन्न-द्रव्य आदि का दाम
१७. खड़ाऊ, चप्पल
१८. हरगिज
१९. लोभ
२२. ध्वनि, आवाज

### वर्ग पहेली-6302

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | बे | २ ह | या | 3 त | | ४ प | द | ५ चा | प |
| जी | | म | | ६ र | फ्ता | र | | त | |
| ७ वि | ध्वं | स | | स | | ८ व | न | क | ९ रि |
| का | | फ | | १० खा | मो | श | | | पु |
| | ११ ह | र | १२ जा | ना | | | १३ शा | य | द |
| | म | | य | | १४ वि | का | स | | म |
| १५ चा | ल | १६ बा | ज | | श्व | | १७ क | १८ मा | न |
| टु | | ल्य | | १९ पु | स्त | २० क | | हि | |
| २१ का | लि | का | | ल | | २२ ठि | ठु | र | २३ ना |
| र | | २४ ल | ड़ | क | प | न | | | मी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

ककककक

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने दी जानकारी

# यूएन ने सीरिया में 200 से ज्यादा सहायता मिशन चलाए

**संयुक्त राष्ट्र, (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने 14 फरवरी को इदलिब की पहली अंतर-एजेंसी यात्रा के बाद से अब तक उत्तर-पश्चिमी सीरिया में 200 सीमा पार मिशनों को अंजाम दिया है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने कहा, रविवार को हुए मिशन के दौरान और बाब अल-सलाम को पार करते हुए,**



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कर्मियों ने उत्तर-पश्चिम में अफरीन और अज़ाज़ में स्वास्थ्य सुविधाओं और डब्ल्यूएचओ के गोदामों का निरीक्षण किया और अपने स्थानीय सहयोगियों से भी मुलाकात की। फरवरी में आए भूकंप के बाद तुर्की सीमा पर स्थित बाब अल-सलाम और अल-राय को शुरुआती तीन महीने के लिए खोल दिया गया था। प्राधिकरण को कई बार नवीनीकृत किया गया है।

सीरियाई सरकार ने तब से तुर्की सीमा पर बाब अल-हवा के माध्यम से सहायता वितरण की अनुमति देने लगी और छह महीने के लिए क्रॉसिंग के निरंतर उपयोग पर संयुक्त राष्ट्र के साथ सात अगस्त को एक समझौता किया था।

श्री डुजारिक ने मंगलवार को कहा, हम अभी भी समझौते को कैसे क्रियान्वित किया जाए, इसके परिचालन विवरण पर काम करने की कोशिश कर रहे हैं।

## सीरिया में गुटीय संघर्ष में 18 लोगों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के पूर्वी प्रांत डेर अल-ज़ौर में अमेरिका समर्थित दो मिलिशिया के बीच घातक संघर्ष हुआ, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी एक युद्ध मॉनिटर ने मंगलवार को दी। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि सोमवार को डेर अल-ज़ौर में कुर्द नेतृत्व वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) और अरब बहुल मिलिशिया डेर अल-ज़ौर मिलिट्री काउंसिल के बीच संघर्ष शुरू हो गया, जबकि दोनों गुट एक बार संयुक्त रूप से इस्लामिक स्टेट (आईएस) का मुकाबला कर चुके हैं। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह के अनुसार, मारे गए लोगों में दो नागरिक, सैन्य परिषद से जुड़े 10 लड़ाके और एसडीएफ के छह लड़ाके शामिल हैं।

# खेल जगत

## इंटर मियामी को नैशविले ने बराबरी पर रोका, मेसी गोल नहीं कर सके



**वाशिंगटन।** इंटर मियामी की नौ मैचों की जीत का सिलसिला उस समय समाप्त हो गया जब उन्हें मेजर लीग सॉकर मुकाबले में नैशविले ने गोलरहित घरेलू ड्रा पर रोक दिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मेजबान टीम के पास 70त्न कब्ज़ा था और गोल पर 13 शॉट थे, लेकिन फोर्ट लॉडरडेल के डीआरवी पीएनके स्टेडियम में नैशविले की रक्षा को तोड़ने में असफल रहे। मेसी के लिए रात का सर्वश्रेष्ठ स्कोरिंग मौका उस समय आया जब उन्होंने डैक्स मैक्कार्टी द्वारा गिराए जाने के बाद क्षेत्र के किनारे के पास फ्री-किक जीता। लेकिन सात बार के बैलन डी ओर विजेता ने परिणामी सेट पीस के साथ खराब संपर्क किया, दीवार के ऊपर से एक कमजोर शॉट भेजा लेकिन सीधे गोलकीपर इलियट पैनिक्को के पास पहुंच गया। परिणाम के कारण इंटर मियामी 15-टीम ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस स्टैंडिंग में 14वें स्थान पर है, जो प्ले-ऑफ स्थानों से 13 अंक पीछे है।

# हरमनप्रीत हांगजू एशियाई खेलों में भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान, हार्दिक उपकप्तान

- आकाशदीप, दिलप्रीत, सिमरनजीत और जुगराज सिंह को नहीं मिली जगह
- सविता होंगी भारत की महिला टीम की कप्तान, दीप ग्रेस उपकप्तान



**नई दिल्ली,** (देशबन्धु)। हॉकी इंडिया ने किया एशियाई खेलों के लिए चुनी हॉकी टीमों को किया सम्मानित भारत की हांगजू एशियाई खेलों के लिए चुनी गई पुरुष और महिला हॉकी टीमों हॉकी इंडिया ने अपने अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ सिंह की मौजूदगी विशेष विदाई समारोह में सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों के परिवार जनों उनके माता पिता को भी सम्मानित किया। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें 19 सितंबर को बेंगलुरु से एशियाई खेलों में शिरकत करने हांगजू रवाना होंगी। जाने माने ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह हांगजू (चीन) में एशियाई खेलों में भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान होंगे जबकि आक्रामक मिडफील्डर हार्दिक सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। वहीं अनुभवी गोलरक्षक सविता को भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तानी सौंपी गई जबकि फुलबैक दीप ग्रेस एक्का उपकप्तान होंगी। हॉकी इंडिया ने आधिकारिक रूप से एशियाई खेलों में 24 सितंबर से शुरू होने वाले हॉकी मुकाबले के भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम की घोषणा बृहस्पतिवार को दी। भारत की हांगजू एशियाई खेलों के लिए चुनी गई पुरुष और महिला हॉकी टीमों हॉकी इंडिया ने अपने अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ सिंह की मौजूदगी विशेष विदाई समारोह में सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों के परिवार जनों उनके माता पिता को सम्मानित किया। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें

हालांकि हॉकी इंडिया और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नरिंदर बत्रा ने हॉकी इंडिया द्वारा टीम की औपचारिक घोषणा से करीब एक पखवाड़े पहले ही एशियाई खेलों के लिए चुनी गई भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम की सूची इसके अध्यक्ष दिलीप टिर्की से कुछ खिलाड़ियों को न चुने जाने पर अपनी नाराजगी के साथ पहले ही अपने सूत्रों से जारी कर दी थी। चेन्नै में चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत इतिहास रचने वाली भारतीय हॉकी टीम बढ़िया प्रदर्शन करने वाले सदाबहार स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह व नवोदित सेल्वम कार्ति व ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह को टीम की जगह एशियाई खेलों के लिए टीम में स्ट्राइकर ललित उपाध्याय, अभिषेक के साथ फुलबैक संजय को चुना गया है। भारत की एशियाई खेलों में शिरकत कर जा रही पुरुष हॉकी टीम के 15 खिलाड़ी वही हैं जो भुवनेश्वर और राउरकेला में हुए विश्व कप में नौवें स्थान पर रहने वाली टीम के है। 2018 में जकार्ता में पिछले एशियाई खेलों में शिरकत करने वाली कांसा जीतने वाली भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, विवके सागर प्रसाद, वरुण कुमार, मनदीप सिंह , ललित उपाध्याय सहित आठ सदस्य ही मौजूदा टीम में हैं।

एफआईएच रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत की पुरुष हाल ही में बेशक हाल ही में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के साथ हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण की मजबूत दावेदार है। बावजूद इसके आकाशदीप सिंह को बढ़िया प्रदर्शन के बावजूद टोक्यो ओलंपिक की एशियाई खेलों से बाहर कर उनके साथ एक बार फिर अन्याय किया ही गया साथ ही खासतौर पर स्ट्राइकर- लिंकमैन के रूप में खेलने वाले दिलप्रीत सिंह और सिमरनजीत को टीम से बाहर रखने के भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन के फैसले पर भी भी सवाल उठेंगे ही। भारत की टीम में आकाशदीप सिंह और दिलप्रीत सिंह निश्चित रूप से सुखजीत, शमशेर व गुरजंट से बेहतर विकल्प होते।

वहीं हांगजू एशियाई खेलों के लिए गोलरक्षक सविता की अगुआई वाली पिछली बार की उपविजेता दुनिया की सातवें नंबर की भारतीय महिला हॉकी टीम खासी संतुलित है और इस बार बेशक वह रजत पदक को स्वर्ण पदक में बदलने का दम रखती है लेकिन नवजोत कौर और शर्मिला कुमारी को टीम में न चुना जरूर कुछ चौंकाने वाला है। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में भारत की कप्तान रही अब भारत की सब जूनियर महिला खिलाड़ियों की कोच की जिम्मेदारी संभालने वाली कप्तान रानी रामपाल भले ही कहें उन्होंने अभी भी हॉकी नहीं टांगी और भारत के लिए फिर खेलने का सपना संजोए हैं लेकिन हकीकत वह भी जानती हैं और हॉकी इंडिया भी।

**भारत की एशियाई खेलों के लिए 18 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम : गोलरक्षक :** पीआर श्रीजेश व कृष्ण बहादुर पाठक। **रक्षापंक्ति** :हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जर्मनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, संजय। **मध्य पंक्ति :** हार्दिक सिंह (उपकप्तान) मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, सुमित। **अग्रिम पंक्ति** : ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, अभिषेक , गुरजंट सिंह, सुखजीत सिंह, शमशेर सिंह।

**भारत की एशियाई खेलों के लिए 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम : गोलरक्षक :** सविता (कप्तान), बिच्छू देवी। **रक्षापंक्ति :** इशिका चौधरी, दीप ग्रेस एक्का, निकी प्रधान, उदिता, सुशीला चानू,। **मध्यपंक्ति :** नेहा गोयल, निशा वारसी, मोनिका, नवनीत कौर, सलीमा टेटे, सोनिका। **अग्रिम पंक्ति** :वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, दीपिका,संगीता कुमारी, वैष्णवी फाल्के।

# दक्षिण अफ्रीका के गुणवत्तापूर्ण तेज गेंदबाज विपक्षी टीम के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं : कैलिस



**जोहान्सबर्ग,** । दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर जैक्स कैलिस का मानना है कि भारत में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में टीम का गुणवत्तापूर्ण तेज आक्रमण एक बार फिर उनकी उम्मीदों की कुंजी होगा।

दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक 50 ओवर का विश्व कप नहीं जीता है, उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चार बार सेमीफाइनलिस्ट रहा है। वे 7 अक्टूबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 1996 के चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ अपने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान की शुरुआत करेंगे। आईसीसी ने कैलिस के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका की ताकत हमारा गेंदबाजी आक्रमण है। हमारे पास कुछ गुणवत्ता वाले तेज गेंदबाज हैं जो विपक्षी टीम के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं। और मुझे लगता है कि अगर दक्षिण अफ्रीका आगे बढ़ता है तो वे एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे। पूर्व तेज हरफनमौला खिलाड़ी कैलिस को लगता है कि दक्षिण अफ्रीका के लिए महत्वपूर्ण बात यह होगी कि प्रतियोगिता से पहले अंतिम समय में अपनी भूमिकाओं में बदलाव से बचना होगा। क्रिकेट विश्व कप में सफल होने के लिए दक्षिण अफ्रीका को एक चीज बदलने की जरूरत है, वह यह है कि हमने विश्व कप से पहले जो क्रिकेट खेला है, उसे जारी रखें। हमारे पास विश्व कप से पहले अच्छा क्रिकेट खेलने का इतिहास है। किसी कारण से, चीजें बदल जाती हैं। शायद हम बहुत ज्यादा चाहते थे। मुझे लगता है कि खिलाड़ी बहुत ज्यादा चाहते थे और आप उस क्षेत्र से बाहर चले गए हैं जो आपको करना था। हो सकता है कि वे अपनी भूमिकाओं से बाहर जा रहे हों क्योंकि वे बहुत ज्यादा चाहते थे। अपनी भूमिकाओं पर कायम रहें। अपने बगल वाले साथी पर भरोसा रखें और बस वही क्रिकेट खेलें जो आप खेल रहे हैं। इंग्लैंड में 2019 विश्व कप के दौरान दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डु प्लेसिस, जहां वे सेमीफाइनल में पहुंचने में असफल रहे, ने चेतावनी दी कि भारत में परिस्थितियों के अनुकूल होना टेम्बा बावुमा के पुरुषों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। दक्षिण अफ्रीका की सफेद गेंद वाली टीम मजबूत स्थिति में है। उन्हें उस विश्व कप में जाने का कुछ वास्तविक अनुभव है। सभी टीमों के लिए जो उपमहाद्वीप से नहीं हैं, उनके लिए जाहिर तौर पर हमेशा उपमहाद्वीप में जाने की चुनौती होती है। खासकर 50 ओवर के क्रिकेट में। मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट में सतहें थोड़ी अधिक समतल होती हैं और आपको कुछ बहुत अच्छी पिचें मिलती हैं। 50 ओवर के क्रिकेट में, आप उस टूट-फूट को दूर कर सकते हैं और स्पिनर वास्तव में अपने आप में आ जाते हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि मेजबान भारत और कई बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया प्रतियोगिता में हराने वाली टीमें होंगी। मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका के पास वास्तव में एक अच्छी टीम है। घरेलू परिस्थितियों में भारत जैसी टीम से पार पाना कठिन होगा। दूसरी टीम जिसे आप कभी नजरअंदाज नहीं कर सकते, वह ऑस्ट्रेलिया है, जो आईसीसी आयोजनों में बहुत सफल रही है।

## भारत कड़े संघर्ष के बावजूद पाक से 4-5 से हार गया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली (देशबन्धु)। भारत दूसरे हाफ में गजब का जीवट दिखाने के कड़े संघर्ष के बावजूद अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से बुधवार रात पुरुष एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर में इलीट पूल मैच में सलाला (ओमान) में कड़े संघर्ष में 4-5 से हार गया। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में चेन्नई में खेलने वाले एहतेशाम असलम (दूसरे व तीसरे मिनट) के दो तथा जकारिया हयात (पांचवें मिनट), अब्दुल रहमान (13 वें मिनट) और अब्दुल राणा (26) के एक एक गोल से पाकिस्तान ने मैच में बराबर अपना दबाव बनाए रखा। वहीं भारत के लिए गुरजोत सिंह (12) ने पहले हाफ तथा मनिंदर सिंह(17 वें व 29 मिनट) ने दो दूसरे हाफ में दो तथा मुहम्मद रहील (21वें मिनट) एक गोल दागा। भारत की चेन्नै में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के इकलौते खिलाड़ी जुगराज सिंह हैं।

मोहम्मद रहील, पवन राजभर और मनिंदर सिंह की हैट्रिक तथा जुगराज सिंह के दो तथा सुखविंदर के एक गोल से भारत ने इससे पहले अपने दूसरे मैच में ओमान को 12-2 से करारी शिकस्त दी। ओमान के लिए फहद अल लवाती और राशिद अल फजारी ने एक एक गोल किया। और एहतेशाम असलम ने दूसरे मिनट में रिवर्स हिट से तीसरे मिनट में भारत के हमले पर गोलरक्षक अली रजा के पैड से लगकर लौटती गेंद को अगले ही मिनट गोल में डाल दो मिनट में दो गोल कर पाकिस्तान को 2-0 से तथा जिकिरया हयात ने पांचवें में गोल कर तथा पाकिस्तान की बढ़ 3-0 कर दी लेकिन भारत के गुरजोत ने हाफ टाइम से तीन मिनट पहले गोल कर स्कोर 1-3 कर दिया। अगले ही मिनट हयात ने गोल कर पाकिस्तान को हाफ टाइम तक 4-1 की बढ़त दिला दी थी। भारत ने बराबर पाने के मकसद दूसरे हाफ में पूरी ताकत हमलों पर झोंक दी। भारत के मनिंदर सिंह ने दूसरे हाफ के दूसरे मिनट में रिवर्स हिट से तथा कुछ मिनट बाद मोहम्मद रहील ने गो स्कोर 3-4 कर दिया।

## जोकोविच तीसरे दौर में पहुंचे, रूड, सितसिपास हुए उलटफेर का शिकार



**न्यूयॉर्क।** सर्बिया के दूसरी सीड नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में स्पेन के बर्नाब मिरालेस को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया, हालांकि पांचवीं सीड कैस्पर रूड और सातवीं सीड स्टेफानोस सितसिपास उलटफेर का शिकार हो गए।

चीन के झांग झीजेन ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे के रूड को तीन घंटे 18 मिनट में 6-4, 5-7, 6-2, 0-6, 6-2 से हराया। स्विट्जरलैंड के डोमिनिक स्ट्राइकर ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम आयोजन के तीसरे दौर के यूनान के सितसिपास को कड़े मुकाबले में 7-5, 6-7(2), 6-7(5), 7-6(6), 6-3 से हराया। दूसरी ओर, जोकोविच ने अपने 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर एक और मज़बूत कदम बढ़ाते हुए मिरालेस को 6-4, 6-1, 6-1 से हरा दिया। सर्बियाई दिग्गज ने अपना पहला मैच सीधे सेटों में जीतकर सोमवार एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर वापसी की और मिरालेस के खिलाफ भी उनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा। जोकोविच ने इस मुकाबले में सभी छह ब्रेक पॉइंट बचाते हुए दो घंटे दो मिनट में जीत दर्ज की। उन्होंने अपने पहले दो मैचों में सिर्फ 11 गेम गंवाए हैं। जोकोविच ने जीत के बाद कहा, उन्होंने अच्छी शुरुआत की। हमारी कुछ रैलियां लंबी और थकाने वाली थीं, इसलिए इसमें थोड़ा अधिक समय और प्रयास लगा। मेरे लिए एक ब्रेक काफी था। दूसरे सेट में मैं अच्छा खेला। तीसरे की शुरुआत में, कुछ करीबी गेम हुए लेकिन आखिरी चार गेम में मैंने वास्तव में अच्छा खेल दिखाया। कोर्ट पर खेलते हुए मैं जिस तरह से महसूस कर रहा हूं, उससे मैं खुश हूं। अगले दौर में जोकोविच का सामना हमवतन लासलो जेरे से होगा। जोकोविच ने जेरे के बारे में कहा, वह बहुत अच्छे फॉर्म में हैं। यह सर्बियाई टेनिस के लिए बहुत अच्छा है कि हम तीसरे दौर में भिड़ रहे हैं। एक सर्बियाई निश्चित रूप से चौथे दौर में पहुंचेगा, जो हमारे टेनिस जगत के लिए अच्छा होगा।

## बुमराह के आने से हमारी गेंदबाजी मजबूत हुई : शमी



नयी दिल्ली। लंबे समय तक जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस करने के बाद भारत के अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी ने कहा है कि उनकी वापसी से भारतीय गेंदबाज़ी मज़बूत हो गई है। शमी ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम पर कहा, लंबे समय से हमारे पास जस्सी (बुमराह) नहीं था, इसलिए हमें उसके जैसे अच्छे खिलाड़ी की कमी महसूस हुई।

उन्होंने कहा, आपको कभी-कभी ऐसा लगता है कि काश यह खिलाड़ी वहां होता, ताकि आपका संयोजन सेट हो सके। इसलिए जस्सी के होने से, खासकर सीमित ओवर प्रारूप में, हमारी गेंदबाजी बहुत मजबूत हो गई है। वह फिट दिख रहे हैं और अच्छा खेल रहे हैं, उम्मीद है कि हम एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि बुमराह कमर में स्ट्रेस फ्रैक्चर होने के कारण करीब 11 महीने क्रिकेट से दूर रहे और उन्होंने इसी माह आयरलैंड टी20 दौरे के लिए टीम में वापसी की। शमी को पूरा विश्वास है कि बुमराह, सिराज और उनकी तिकड़ी एशिया कप और उसके बाद होने वाले विश्व कप में भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। शमी ने कहा, बड़े मैचों के लिए हमेशा अच्छी तैयारी होती है क्योंकि हमने प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास किया है। मुझे नहीं लगता कि हमें स्थिति का बहुत अधिक विश्लेषण करने की जरूरत है, हमारे पास कौशल और गेंदबाजी लाइनअप है, इसलिए हमें ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं। मुझे एक बात कहनी है कि जब भी वनडे मैच आते हैं तो ध्यान केंद्रित करना बहुत जरूरी होता है। इसलिए हमें ध्यान केंद्रित करना होगा और उचित योजना बनानी होगी।

उन्होंने कहा, मेरे पास नई गेंद है या टीम को मैच के दौरान किसी भी चरण में मेरी जरूरत है तो मैं हमेशा मौजूद रहता हूं। मुझे नई गेंद या पुरानी गेंद से गेंदबाजी करने में कोई झिझक नहीं है। हम तीनों (बुमराह, शमी और सिराज) बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, इसलिए यह प्रबंधन पर निर्भर करता है कि कौन खेलेगा।

## वायाकॉम 18 को मिले बीसीसीआई के प्रसारण अधिकार




**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और पैरामाउंट ग्लोबल के संयुक्त अधिग्रहण वाली मीडिया कंपनी वायाकॉम 18 ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सभी घरेलू मैचों के डिजिटल और टीवी प्रसारण अधिकार हासिल कर लिए हैं। बीसीसीआई ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की।

वायाकॉम 18 के पास इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के डिजिटल प्रसारण अधिकार पहले ही थे। अब भारतीय पुरुष और महिला टीम के घरेलू मैच भी वायाकॉम 18 ही प्रसारित करेगा।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, अगले पांच वर्षों के लिये लीनियर (टीवी) और डिजिटल दोनों के लिये बीसीसीआई मीडिया अधिकार जीतने पर को वायाकॉम 18 को बधाई। भारतीय क्रिकेट दोनों ही क्षेत्रों में आगे बढ़ता रहेगा क्योंकि आईपीएल और डब्ल्यूपीएल के बाद हम बीसीसीआई मीडिया अधिकारों के साथ साझेदारी भी बढ़ाएंगे। हम साथ मिलकर क्रिकेट प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करना जारी रखेंगे। उल्लेखनीय है कि स्टार स्पोर्ट्स ने 2018 में 6,138 करोड़ रुपये (60 करोड़ रुपये प्रति मैच) की कीमत चुकाकर भारत के घरेलू मैचों के डिजिटल और टीवी प्रसारण अधिकार हासिल किये थे। वायाकॉम 18 ने आज हुई नीलामी में 5,966.4 करोड़ (67.8 करोड़) की कीमत चुकाई है।

शाह ने ट्वीट किया, वर्षों से आपके समर्थन के लिये स्टार स्पोर्ट्स और डिज़्नी प्लस हॉटस्टार को भी बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने भारतीय क्रिकेट को दुनिया भर के प्रशंसकों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है।

## सार संक्षेप

### कोको गॉफ मिर्रा एंड्रीवा को हराकर तीसरे दौर में पहुंचीं

**न्यूयॉर्क।** नंबर 6 वरीयता प्राप्त अमेरिका कीकोको गॉफ ने इस साल ग्रैंड स्लैम में दूसरी बार अपनी साथी किशोरी मिर्रा एंड्रीवा को बुधवार को मात देते हुए 75 मिनट में लगभग 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की और यहां यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गयीं। परिणाम ने गॉफ को फ्लशिंग मीडोज में पांच मुकाबलों में तीसरी बार और इस साल किसी प्रमुख मुकाबले में तीसरी बार तीसरे दौर में पहुंचा दिया है। दो सप्ताह पहले सिनसिनाटी में चैंपियन बनी अमेरिकी ने अपनी जीत का सिलसिला सात मैचों तक बढ़ाया है, जो उसके करियर के अब तक के टूर स्तर पर तीसरा सबसे लंबा है। 19 वर्षीय गॉफ ने इससे पहले अपने ग्रैंड स्लैम डेब्यू में रौलां गैरो के तीसरे दौर में 16 वर्षीय एंड्रीवा को 6-7(5), 6-1, 6-1 से हराया था। यह जोड़ी डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चार सर्वोच्च रैंक वाले किशोरों में से दो हैं, जिसमें नंबर 63 रैंक वाली एंड्रीवा केवल गॉफ से पीछे हैं और दो चेक 18 वर्षीय लिंडा नोस्कोवा और लिंडा फ्रुहविर्टोवा हैं - जिनमें से बाद वाली की उन्हें गारंटी है कि यूएस ओपन के बाद आगे निकल जाए।

### फीबा विश्व कप में अमेरिका ने जॉर्डन को रौंदा

**मनीला।** अमेरिका ने फीबा विश्व कप में एक और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 2006 के बाद पहली बार 100 से अधिक अंकों के साथ लगातार गेम हासिल किए और जॉर्डन को 110-62 से रौंद दिया। सोमवार को ग्रीस को 109-81 से हराने के बाद, अमेरिका ने एक गेम शेष रहते हुए राउंड 16 में स्थान हासिल कर लिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रुप सी में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए उन्हें बुधवार को केवल जीत की जरूरत थी। जॉर्डन के खिलाफ, जिसे लगातार हार का सामना करना पड़ा था, अमेरिका ने शुरू से ही आक्रामकता दिखाई और 62-33 के आधे समय के स्कोर के साथ जीत लगभग पक्की कर ली।

## पृथ्वी शॉ ने काउंटी सीजन 2024 के लिए नॉर्थम्पटनशायर लौटने की पुष्टि की



**नई दिल्ली।** भारत के दाएं हाथ के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की काउंटी सीजन-2024 के दूसरे भाग के लिए नॉर्थम्पटनशायर में वापसी की पुष्टि हो गई है। पृथ्वी शॉ ने इस गर्मी में क्लब के साथ अपने कार्यकाल में तत्काल प्रभाव डाला, जिसमें घुटने की चोट के कारण उनका कार्यकाल छोटा होने से पहले समरसेट के खिलाफ 153 गेंदों में 244 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी भी शामिल थी। क्लब द्वारा जारी एक बयान में शॉ ने कहा, मैं अगली गर्मियों में नॉर्थम्पटनशायर वापस जाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। भले ही यह जल्दी खत्म हो गया था, लेकिन मैंने वास्तव में वहां अपने समय का आनंद लिया। इसका हिस्सा बनने के लिए यह एक शानदार क्लब है और मुझे लगा कि सभी ने तुरंत इसका स्वागत किया।

अन्य काउंटी टीमों की गहरी रुचि के बावजूद, शॉ ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा एक और वर्ष के लिए नॉर्थम्पटनशायर लौटने की थी। जहां उन्हें काउंटी चैम्पियनशिप और वन डे कप दोनों में चयन के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है। उनका जून 2024 से सीज़न के अंत तक क्लब के साथ जुड़ने का कार्यक्रम है। मेरा लक्ष्य हमेशा टीम के लिए गेम जीतने में मदद करना है और इस बार घायल होना और जल्दी छोड़ना बहुत निराशाजनक था। टूर्नामेंट के बाद कुछ टीमें मुझसे संपर्क कर रही थीं और अगले साल उनके लिए खेलने के बारे में बात करना चाहती थीं, लेकिन मुझे लगता है कि नॉर्थम्पटनशायर के साथ मुझे अभी भी बहुत कुछ हासिल करना है। उन्होंने इस साल मुझे मौका दिया और मैं वापस आकर बहुत खुश हूं।

घुटने की चोट के कारण उनका कार्यकाल छोटा होने से पहले, 23 वर्षीय शॉ ने अपने 4 मैचों में 143 की औसत से 429 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 152 रहा और जिसमें उनका रिकॉर्ड तोड़ने वाला 244 रन लिस्ट ए के इतिहास में छठा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर था। मुख्य कोच जॉन सैडलर भी शॉ का ड्रेसिंग रूम में वापस स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, जिनकी आखिरी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति 2021 में हुई थी। उन्होंने कहा, पृथ्वी एक शानदार बल्लेबाज हैं और उसने इतने कम समय में हमारे लिए जो किया वह अविश्वसनीय था। वह अपनी चोट के कारण अधिक समय तक नहीं टिक पाने से पूरी तरह निराश थे क्योंकि वह कुछ और रेड-बॉल क्रिकेट खेलना चाहते थे। इसलिए, अगले साल उनके लिए ऐसा करने का मौका वास्तव में हम सभी के लिए रोमांचक है।

### सरे ने काउंटी सीजन के शेष तीन मैचों के लिए बी. साई सुदर्शन के साथ अनुबंध किया

लंदन। इंग्लिश क्लब सरे ने इस सीजन के अपने शेष तीन काउंटी चैम्पियनशिप मुकाबलों के लिए शीर्ष क्रम के भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन के साथ अनुबंध किया है। सुदर्शन 3 सितंबर से द ओवल में वारविकशायर के खिलाफ शुरू होने वाले सरे के मैच के साथ-साथ नॉर्थेंट्स (19-22 सितंबर, द ओवल) और हैम्पशायर (26-29 सितंबर, एजेस बाउल) के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। 21 वर्षीय सुदर्शन ने भारत ए टीम का प्रतिनिधित्व किया है और श्रीलंका में एसीसी इमर्जिंग मेन्स एशिया कप में पाकिस्तान ए के खिलाफ शतक बनाया है, जहां उन्होंने पिछले महीने पांच मैचों में 220 रन बनाए थे। सुदर्शन भारतीय घरेलू क्रिकेट सर्किट में तमिलनाडु के लिए खेलते हैं और आठ प्रथम श्रेणी मैचों में दो शतक सहित उनका औसत 47.6 है। सुदर्शन आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हैं और इस साल के फाइनल में उन्होंने अहमदाबाद में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार के दौरान शानदार 96 रन बनाए। आईपीएल 2023 में सुदर्शन ने आठ पारियों में 141.40 की स्ट्राइक रेट से 362 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने दलीप ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र के लिए खेलने से पहले लाइका कोवई किंग्स के लिए इस साल के तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में छह मैचों में 371 रन बनाए। दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम के साथ, मुझे खिलाड़ियों की हमारी उपलब्ध टीम में साई सुदर्शन को शामिल करते हुए खुशी हो रही है। जिन लोगों का मैं बहुत सम्मान करता हूं, उन्होंने साई की अत्यधिक अनुशंसा की है, जिनमें भारतीय खेल के कुछ महान खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने उन्हें करीब से देखा है और उनके साथ काम किया है।

## सुडोकू 6303 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 |

SENSEX BSE 64831.41 ▼ 255.84 NSE 19253. 80 ▼ 93.65 MCX Gold 59469 ▼ 9 silver 74493 ▼ 144

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया 16 पैसे की गिरावट के साथ 82.79 प्रति डॉलर पर बंद

**नयी दिल्ली।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे की गिरावट के साथ 82.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर घरेलू मुद्रा पर पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजार के नकारात्मक रुख और विदेशी कोष की निकासी से रुपये की धारणा कमजोर हुई। निवेशकों को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों का इंतजार कर रहे है, जिनकी घोषणा आज ही होनी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.65 पर खुला।



## अप्रैल-जून तिमाही में 7.7 प्रतिशत बढ़ी भारत की जीडीपी

**नई दिल्ली।** भारत के सर्विसेज और मैन्युफैक्चरिंग में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके चलते अप्रैल-जून तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था एक साल में सबसे तेज गति से बढ़ी है। अर्थशास्त्रियों ने यह जानकारी दी है। अर्थशास्त्रियों के पूर्वानुमान के अनुसार भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पिछली तिमाही में 7.7 प्रतिशत बढ़ा। पिछली तिमाही में 6.1प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अप्रैल-जून 2022 के बाद से यह सबसे तेज विस्तार है। कमोडिटी की कम कीमतों ने निर्माताओं को मार्जिन बढ़ाने में मदद की है। मई 2022 के बाद से ब्याज दर में 250 आधार अंकों की वृद्धि से हुआ प्रभाव भी कम हुआ है।

**सर्विसेज सेक्टर में ग्रोथ जारी रहेगा** - कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अर्थशास्त्री सुवोदीप रक्षित ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सर्विसेज सेक्टर में ग्रोथ जारी रहेगा। सर्विसेज सेक्टर भारत के आर्थिक उत्पादन का आधे से अधिक हिस्सा है। इसमें मजबूत वृद्धि हुई है। इससे भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक मंदी से उबरने में मदद मिली है। यह ऐसे वक्त में हुआ है जब चीन सहित कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं लड़खड़ा गई हैं। एसएन्डपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स लगभग दो साल बाद सिकुरने के बदले बढ़ रहा है। यह 50 अंक से ऊपर मजबूती से बना हुआ है। यह अगस्त 2011 के बाद से सबसे लंबी अवधि के लिए 50 अंक से अधिक पर बना हुआ है।

# मॉनसून की सुस्ती से खरीफ फसलों पर गहराए खतरे के बादल

*__नई दिल्ली।__ देश के ज्यादातर हिस्सों में मॉनसून सुस्त पड़ने से खरीफ फसलों पर खतरा मंडराने लगा है। मॉनसून ने दोबारा रफ्तार जल्द नहीं पकड़ी तो सभी प्रमुख फसलों का उत्पादन कम रह सकता है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब और गुजरात जैसे देश के प्रमुख फसल उत्पादक राज्यों में अगस्त में हुई बारिश इस महीने के लिए दीर्घावधि औसत की तुलना में 30 से 90 प्रतिशत तक कम हुई है। कई मौसम वैज्ञानिकों को सितंबर या इसके बाद भी मॉनसून दोबारा सक्रिय होने के आसार दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहे। हालांकि बंगाल की खाड़ी में 5-6 सितंबर के बीच कुछ हलचल दिख सकती है* मगर इससे बारिश में कमी की भरपाई होती नहीं दिख रही।

मृदा विज्ञान मंत्रालय में सचिव रह चुके माधवन राजीवन ने कहा,, 'जिन वर्षों में अल नीनो प्रभाव देखा गया है, उनमें ज्यादातर (70 प्रतिशत) में सितंबर में बारिश कम से कम 10 प्रतिशत कम रही है।'

मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि इस साल बारिश लगभग 8 प्रतिशत तक कम रह सकती है। इन अधिकारियों के अनुसार पिछले आठ वर्षों में पहली बार बारिश इतनी कम होगी। राजीवन ने कहा, 'मेरे हिसाब से सितंबर के पहले सप्ताह के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि इस साल बारिश कितनी कम रह रहेगी।'

इस बीच अगस्त में वर्षा कम होने से देश के कई



राज्यों में खरीफ की फसलें प्रभावित हो रही हैं। आशंका जताई जा रही है कि अगले 10-15 दिनों में पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो देश के उन हिस्सों में फसलों की पैदावार कम रह सकती है जहां सिंचाई की पर्याप्त सुविधा नहीं है। जिन इलाकों में सिंचाई सुविधाएं हैं वहां भी किसानों की लागत बढ़ जाएगी। इंदौर में भारतीय सोयाबीन प्रसंस्करणकर्ता संघ (सोपा) ने खेतों में खड़ी फसलों का जायजा लेने के लिए एक सर्वेक्षण किया था। इस सर्वेक्षण के अनुसार अगस्त में बारिश काफी कम हुई है और सोयाबीन की फसल को अब तक तो खास नुकसान नहीं पहुंचा है मगर तत्काल बारिश नहीं हुई तो मामला बिगड़ सकता है। सोपा ने कहा, 'अब भी बारिश नहीं हुई तो पूरे देश में सोयाबीन की फसल को तगड़ा नुकसान हो सकता है। नुकसान कितना रहेगा यह मॉनसून की चाल पर निर्भर रहेगा, इसलिए फिलहाल उत्पादन के आंकड़े का कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। सारा दारोमदार अगले 45 दिनों में मॉनसून की चाल पर निर्भर करेगा।' सोपा ने देश के तीन प्रमुख सोयाबीन उत्पादक राज्यों मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में सर्वेक्षण किया था। जिंसों का विश्लेषण करने वाली संस्था आईग्रेन इंडिया ने भी फसलों की हालत एवं मॉनसून की स्थिति का राज्यवार विश्लेषण किया है। इसमें कहा गया है कि राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में सभी प्रमुख फसलों के लिए तत्काल बारिश की जरूरत महसूस की जा रही है।

आईग्रेन ने अपने विश्लेषण में कहा है कि राजस्थान में सभी प्रमुख फसलों के लिए बारिश की जरूरत महसूस हो रही है। सोयाबीन के सबसे बड़े उत्पादक राज्य मध्य प्रदेश में भी यह फसल बारिश के बिना कमजोर हो रही है। गुजरात में भी सभी प्रमुख फसलों जैसे सोयाबीन, अरहर, धान, मूंगफली और मूंग को सिंचाई की जरूरत है और अगले 10-15 दिनों में बारिश नहीं हुई तो उत्पादन कम रह सकता है। सितंबर और अगले कुछ महीनों में पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो रबी फसलों के लिए भी हालात प्रतिकूल हो सकते हैं।' महाराष्ट्र में भी सभी प्रमुख फसलें- मूंग, कपास, सोयाबीन, अरहर आदि- सिंचाई की बाट जोह रही हैं।

## हल्दी से उतरने लगा महंगाई का रंग, भाव 20 फीसदी गिरे

*__नई दिल्ली।__ बाजार जानकारों के मुताबिक आगे भी हल्दी की महंगाई से और राहत मिलने की उम्मीद है। हल्दी की कीमतों में आ रही गिरावट की वजह ऊंचे भाव पर इसकी मांग कमजोर पड़ना है।*

उपभोक्ताओं के लिए यह अच्छी खबर है कि त्योहारी सीजन में हल्दी की कीमतों पर महंगाई का रंग उतरने लगा है। दोगुनी महंगी हुई हल्दी के भाव अब गिरने लगे हैं। बाजार जानकारों के मुताबिक आगे भी हल्दी की महंगाई से और राहत मिलने की उम्मीद है। हल्दी की कीमतों में आ रही गिरावट की वजह ऊंचे भाव पर इसकी मांग कमजोर पड़ना है।



कमोडिटी एक्सचें एनसीडीईएक्स पर 4 अगस्त को हल्दी के अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट ने 18,076 रुपये के भाव पर उच्च स्तर छू लिया था। आज खबर लिखे जाने के समय यह 14,430 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर कारोबार कर रहा था। हल्दी के प्रमुख बाजारों में एक इरोड में हल्दी के हाजिर भाव 13,000 से 13,500 रुपये प्रति क्विंटल चल रहे हैं। ऊपरी स्तर से इसके भाव 2,500 से 3,000 रुपये प्रति क्विंटल तक गिर चुके हैं।

**ऊंचे भाव पर कमजोर पड़ी मांग** - इस साल हल्दी के भाव बढ़कर दोगुने हो गए थे। इरोड मंडी में भाव 16,000 रुपये प्रति क्विंटल के ऊपरी स्तर तक चले गए। ऊंचे भाव पर हल्दी की मांग कमजोर पड़ने लगी और खरीदारों ने खरीद घटा दी। जिससे हल्दी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। ऊपरी स्तर से हल्दी के भाव 2,500 से 3,000 रुपये क्विंटल गिर चुके हैं। वायदा बाजार में हल्दी के भाव रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद अब मुनाफावसूली हो रही है। साथ ही ऊंचे भाव पर घरेलू व निर्यात मांग भी सुस्त है। इसलिए हल्दी की वायदा कीमतों में कमी आई है। आगे इसकी कीमतों में एक हजार रुपये क्विंटल की और गिरावट आ सकती है।

## शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 256 अंक टूटा




**नई दिल्ली।** कमजोर एशियाई संकेतों के बीच बैंकिंग, एफएमसीजी और तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली से बृहस्पतिवार को घरेलू बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स करीब 256 अंक गिर गया, जबकि निफ्टी में करीब आधा प्रतिशत का नुकसान रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 255.84 अंक यानी 0.39 प्रतिशत गिरकर 64,831.41 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह मजबूती के साथ 65,178.33 के उच्चस्तर तक पहुंच गया था। लेकिन अगस्त महीने के डेरिवेटिव अनुबंधों की समाप्ति पर बिकवाली होने से यह अपनी सारी बढ़त गंवा बैठा और नुकसान के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 93.65 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,253.80 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से एशियन पेंट्स में सर्वाधिक 1.33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, नेस्ले और टीसीएस के अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावर ग्रिड और कोटक बैंक में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ मारुति सुजुकी में सर्वाधिक 2.22 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, टेक महिंद्रा, विप्रो और आईसीआईसीआई बैंक भी बढ़त के साथ बंद हुए। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड में तकनीकी शोध के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, मासिक निपटान की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और यह करीब आधा प्रतिशत गिर गया। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहे। यूरोप के अधिकांश बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

## सरकारी सख्ती का असर नहीं, खुदरा में चढ़े प्याज के दाम

*__नई दिल्ली।__ प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए की गई सरकारी सख्ती का फिलहाल खास असर नहीं दिख रहा है। खुदरा भाव घटने की बजाय बढ़ ही रहे हैं। केंद्र सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों को काबू में करने के लिए 19 अगस्त को इसके निर्यात पर 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगा दिया था। इसके बाद बफर स्टॉक के लिए 2 लाख टन अतिरिक्त प्याज 2,410 रुपये क्विंटल के भाव पर खरीदने के साथ ही 25 रुपये किलो के रियायती भाव पर प्याज की खुदरा बिक्री शुरू की है।*



**सख्ती के बाद भी बढ़े प्याज के खुदरा भाव** - केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाया था। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग के अनुसार 19 अगस्त को देश भर में प्याज की औसत खुदरा कीमत 30.72 रुपये किलो थी, जो आज बढ़कर 33.39 रुपये किलो हो गई। लखनऊ के खुदरा बाजार में औसत खुदरा भाव 30 रुपये से बढ़कर 35 रुपये, मुंबई में 29 रुपये से बढ़कर 33 रुपये किलो, बेंगलूरू में भाव 33 रुपये से बढ़कर 42 रुपये किलो, जबकि इस दौरान दिल्ली में खुदरा भाव 37 रुपये किलो पर स्थिर हैं।

जाहिर है सरकारी सख्ती से दाम घटने की उम्मीद पूरी नहीं हुई, बल्कि दाम बढ़ गए। इस सख्ती का मंडियों में भी प्याज के थोक भाव पर खास असर नहीं पड़ा। महाराष्ट्र की पिंपलगांव मंडी में 19 अगस्त को प्याज का थोक भाव 700 से 3,000 रुपये था, आज भी यही भाव है। दिल्ली की आजादपुर मंडी में इस दौरान भाव 1,000 से 2,700 रुपये प्रति क्विंटल के बीच बने हुए हैं।

**उपभोक्ताओं को राहत नहीं, किसानों को भी नहीं मिल रही अच्छी कीमत** - भारतीय सब्जी उत्पादक संघ के अध्यक्ष श्रीराम गाढ़वे ने बताया कि सरकार ने प्याज सस्ता करने की उम्मीद में यह सख्ती की थी। लेकिन खुदरा में भाव तेज बने हुए हैं। जिससे अब तक उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिली है, जबकि इस सख्ती से किसानों को अच्छी कीमत न मिलने से नुकसान जरूर हो रहा है। आजादपुर मंडी के प्याज कारोबारी पी एम शर्मा कहते हैं कि निर्यात शुल्क व सस्ती दर पर प्याज बेचने के सरकारी उपायों का फिलहाल मंडी में प्याज की कीमतों पर खास फर्क नहीं पड़ा है।

## त्यौहार से पहले केंद्र सरकार आमलोगों को देगी तोहफा! घर खरीदने वालों को कर्ज के ब्याज में मिलेगी राहत

*__नई दिल्ली।__ केंद्र सरकार के द्वारा आमलोगों को त्योहारों से पहले बड़ा तोहफा दिया जाने वाला है. केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि शहरों में अपना घर खरीदने का सपना देख रहे लोगों को गृह ऋण पर ब्याज में राहत देने के लिए अगले महीने यानी सितंबर में एक योजना लाई जाएगी.पुरी ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अभी इस योजना के तौर-तरीकों पर काम किया जा रहा है.*

**पीएम मोदी ने की थी घोषणा**-केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने कहा कि शहरों में घर खरीदने का सपना देख रहे लोगों को कर्ज पर ब्याज में राहत देने के लिए सितंबर में योजना पेश की जाएगी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में शहरों में रह रहे ऐसे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए योजना की घोषणा की थी, जिनके पास अपना घर नहीं है. पीएम मोदी ने लाल किले पर अपने संबोधन में कहा था कि मध्यमवर्गीय परिवारों का शहरों में अपने



घर का सपना होता है. हम जल्द ही इसके लिए योजना लाएंगे. उन्होंने कहा था कि हमने किराये के घरों, अनधिकृत बस्तियों और झोपड़पट्टियों में रहने वाले परिवारों को अपना घर बनाने के लिए बैंक कर्ज पर ब्याज में राहत देने का निर्णय लिया है. पहली तिमाही में 43 शहरों में घर महंगे हुए, **कीमतों में आई गिरावट**- देश के 43 शहरों में 2023-24 की पहली तिमाही में घर महंगे हुए हैं.वहीं सात शहरों में आवासीय इकाइयों के दाम घटे हैं.राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) ने बुधवार को यह जानकारी दी. आवास वित्त कंपनियों के नियामक ने कहा कि एनएचबी आवास मूल्य सूचकांक के मुताबिक.

**आवास ऋण की दरें अब भी भारी**-पूर्व के स्तर से कम हैं. इस दौरान अहमदाबाद में संपत्ति की कीमतों में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई.बेंगलुरु में 8.9 प्रतिशत और कोलकाता में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई. आवास मूल्य सूचकांक के अनुसार, चेन्नई में घरों के दाम में 1.1 प्रतिशत, दिल्ली में 0.8 प्रतिशत, हैदराबाद में 6.9 प्रतिशत, मुंबई में 2.9 प्रतिशत और पुणे में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई. बैंकों और आवास वित्त कंपनियों से जमा किए गए संपत्तियों के मूल्यांकन मूल्यों के आधार पर 50 शहरों के एचपीआई में 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान 4.8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई.एक साल पहले यह आंकड़ा सात प्रतिशत था. इस दौरान सबसे अधिक 20.1 प्रतिशत की वृद्धि गुरुग्राम में रही.वहीं सबसे अधिक गिरावट लुधियाना में (19.4 प्रतिशत) देखी गई. **आवास के कर्ज पर मासिक किस्त दो साल में 20 प्रतिशत बढ़ी**-एक रिपोर्ट के अनुसार, 50 लाख रुपये से ज्यादा कीमत वाले मिड-सेगमेंट घरों की सेल्स ज्यादा हुई है. वहीं, बताया जा रहा है कि आवासीय ऋण पर ब्याज दर बढ़ने से 40 लाख रुपये से कम कीमत की संपत्ति खरीदने वाले ग्राहकों की मासिक किस्त पिछले दो वर्षों में 20 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं.

**होम लोन पर लगातार बढ़ी ब्याज दरे**-रियल एस्टेट सलाहकार के मुताबिक, किफायती घरों के खरीदारों की मासिक किस्तें पिछले दो वर्षों में करीब 20 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं. तीस लाख रुपये तक के आवासीय ऋण पर ब्याज दरें परिवर्तनशील रही हैं, जो 2021 के मध्य में 6.7 प्रतिशत से बढ़कर अब करीब 9.15 प्रतिशत तक पहुंच गई हैं.

## रूस से कच्चे तेल का आयात 24 प्रतिशत घटा, 7 महीने में सबसे कम

**नई दिल्ली।** पिछले साल से भारत रूस से काफी ज्यादा तेल का इंपोर्ट कर रहा है। मई में, भारत प्रतिदिन 2.15 मिलियन बैरल रूसी तेल का उपयोग करके अपने उच्चतम पॉइंट पर पहुंच गया था।

अगस्त में रूस से सस्ता तेल खरीदने में भारत की रफ्तार धीमी हो गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारी मानसूनी बारिश के कारण तेल की जरूरत कम हो गई और तेल रिफाइनरियों ने इस दौरान नियमित मेंटिनेंस की योजना बनाई थी।

भारत, जो वैश्विक स्तर पर तेल का तीसरा सबसे बड़ा कंज्यूमर है, उन्होंने लगातार तीसरे महीने रूस से कम तेल आयात किया। उन्होंने अगस्त में प्रतिदिन लगभग 1.57 मिलियन बैरल खरीदे। यह पिछले महीने की तुलना में 24त्न की कमी थी, और जनवरी के बाद से सबसे कम तेल का आयात था। यह डेटा केपलर नामक कंपनी से आया है जो ऐसी जानकारी एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने में माहिर है। भारतीय तेल रिफाइनरियों ने इराक से भी कम तेल खरीदा, जो एक अन्य भारत का प्रमुख सप्लायर है। अगस्त में इराक से भारत का आयात पिछले महीने की तुलना में 10 प्रतिशत घटकर 848,000 बैरल प्रति दिन रह गया। हालांकि, उन्होंने सऊदी अरब से अपने तेल आयात में भारी वृद्धि करके इस कमी की कुछ भरपाई की। सऊदी अरब से आयातित तेल की मात्रा एक ही महीने में 63 प्रतिशत बढ़ गई, जो प्रति दिन 852,000 बैरल तक पहुंच गई। पिछले साल से भारत रूस से काफी ज्यादा तेल का इंपोर्ट कर रहा है। मई में, भारत प्रतिदिन 2.15 मिलियन बैरल रूसी तेल का उपयोग करके अपने उच्चतम पॉइंट पर पहुंच गया था। यह बढ़ोतरी इसलिए हुई क्योंकि भारतीय तेल रिफाइनरियां रूस द्वारा बेचे जा रहे डिस्काउंट वाले तेल को खरीदना चाहती थीं। मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, जिसकी यूनिट की क्षमता प्रतिदिन 301,000 बैरल है।

## फिजिक्स वाला 26 और शहरों में पीडब्ल्यू विद्यापीठ की करेगा शुरूआत

### मेधावी छात्रों को 200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति

**नई दिल्ली।** फिजिक्स वाला भारत में बड़े पैमाने पर शिक्षा को उदार बनाने वाला अग्रणी यूनिकॉर्न एड-टेक कंपनी है। यह भारत भर में तकनीक से सुसज्जित 26 नए ऑफ़लाइन सेंटर, पीडब्ल्यू विद्यापीठ की शुरुआत कर रहा है। पीडब्ल्यूएनएसएटी 2023 (फिजिक्स वाला नेशनल स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट) के माध्यम से छात्रों के पास 100त्न तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर है। पीडब्ल्यूएनएसएटी के माध्यम से पीडब्ल्यू मेधावी छात्रों को 200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है। परीक्षा ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी। यह कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के साथ ड्रॉपर्स के लिए भी उपलब्ध होगी, जो जेईई या नीट की तैयारी करने के इच्छुक हैं।

पीडब्ल्यू एनएसएटी परीक्षा 1, 8 और 15 अक्टूबर 2023 को ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी और ऑनलाइन मोड में छात्र 1 से 15 अक्टूबर 2023 तक परीक्षा दे सकते हैं। परीक्षा के लिए पंजीकरण पीडब्ल्यू वेबसाइट, ऐप या निकटतम ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर पर 15 अक्टूबर, 2023 तक कराया जा सकता है। परीक्षा के परिणाम 20 अक्टूबर, 2023 को घोषित किए जाएंगे। इस




शैक्षणिक सत्र के लिए क्लासेज़ अक्टूबर 2023 से शुरू होंगी। इस बीच, छात्र उनके शहर में शीघ्र खुल रहे विद्यापीठ सेंटर में स्थित सूचना केंद्रों पर जाकर प्रवेश, छात्रवृत्ति, पंजीकरण, पाठ्यक्रम, शुल्क, परामर्श और सम्बंधित अन्य जरूरी विषयों पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पीडब्ल्यू विद्यापीठ इस समय भारत के 38 शहरों में 67 सेंटर्स संचालित कर रहा है, जिसमें लगभग डेढ़ लाख छात्र हैं। फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) 26 और सेंटर खोलकर अपनी ऑफ़लाइन उपस्थिति का विस्तार कर रहा है। ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर्स एक विस्तृत पाठ्यक्रम उपलब्ध कराते हैं, जिसमें जेईई/नीट की तैयारी हेतु छात्रों को सीखने के लिए सभी आवश्यक चीजें शामिल हैं। फिजिक्स वाला लगातार उत्कृष्ट परिणाम देता रहा है।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

**फोन- 4067270, 9826035338**

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

**चावल** - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60700 चांदी टंच- 75500
चांदी रिफाइन -76500

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60700 चांदी टंच- 75500
चांदी रिफाइन -76500


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.78 |
| एक यूरो | 89.87 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104.84 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.60 |
| एक जापानी येन | 0.56 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-122 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 65 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## सागर में प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना, विक्षित महिला को युवकों ने बेरहमी से पीटा



### किसी ने घसीटा, किसी ने मुंह में मारी लात, वीडियो वायरल

**सागर, देशबन्धु।** मणिपुर में युवतियों को नग्न कर घुमाने वाले वीडियो में जिस तरह देश शर्मसार हुआ और विदेशों में इस घटना की निंदा हुई, जिसके बाद किसी नेता के पास इसका कोई उत्तर नहीं है। ऐसी ही घटना मध्यप्रदेश के सागर जिले में सामने आयी है। जहां कुछ दबंगों ने विक्षित महिला के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। जिले के गोपालगंज थाना अंतर्गत बस स्टैंड इलाके में एक महिला के साथ कुछ लोगों ने बेरहमीपूर्वक मारपीट की। महिला के साथ उसका करीब 4 से 6 माह का मासूम बच्चा भी था। भीड़ में कोई महिला को घसीट रहा था तो कोई डंडे से मार रहा था। इतना ही नहीं कोई तो उसके मुंह पर पैर मार रहा था। लोगों ने महिला को क्यों पीटा इसका बात की पुष्टि नहीं पायी है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। महिला को इलाज के लिए बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार महिला छतरपुर की रहने वाली बताई जा रही है। 12 अगस्त को सागर में हुए कार्यक्रम में शामिल होने अपने परिजनों के साथ आई थी। यह वीडियो महिला के साथ रात 12 अगस्त का बताया जा रहा है, जो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।

मामले में सागर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार का कहना है कि सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा था। इसमें कुछ लोग एक महिला के साथ मारपीट करते नजर आ रहे थे। इस मामले में जानकारी ली तो कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया। एएसपी का कहना है कि वायरल वीडियो में जो व्यक्ति पिटाई करते दिखाई दे रहे हैं, उनमें से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसमें पुलिस ने सख्त कार्रवाई कर रही है। आगे जैसे भी सबूत आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। साइबर सेल में इस वीडियो को भेजेंगे और पता करेंगे यह वीडियो कब का है। गोपालगंज पुलिस ने विभिन्न धारा में मामला दर्ज किया गया है।

## एसएफ जवान ने आरक्षक पत्नि के मायके में की अंधाधुंध फायरिंग, बुआ सास व साला गंभीर



**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी के कोतवाली थाना में पत्नी से चल रहे घरेलू विवाद की वजह से एक सनकी दामाद ने ससुराल जाकर ससुराल पक्ष से विवाद करते हुए फायरिंग कर दी। फायरिंग में ससुराल पक्ष की बुआ सास और साला बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए नागपुर रेफर कर दिया है। सिवनी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर से लगे लोनिया गांव में पत्नी से चल रहे घरेलू विवाद के कारण बुधवार की रात एक दामाद ने ससुराल जाकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस फायरिंग की घटना में आरोपी की बुआ सास सुलोचना बघेल और साले जयदीप बघेल को गोली लगी है। गोली लगने से दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए नागपुर रेफर कर दिया गया हैं। जहा घायलों का इलाज जारी हैं। बताया जा रहा है आरोपी दामाद विशाल बघेल एसएफ में जवान है। वर्तमान मे बालाघाट जिले के पुलिस अधीक्षक निवास में कुक के रूप में पदस्थ है। आरोपी की पत्नी भी पुलिस आरक्षक है।

बताया जा रहा है कि पति-पत्नी दोनों के बीच कई दिनों से घरेलू विवाद चल रहा था। इसके पहले भी आरोपी इस विवाद को लेकर अपने ससुराल में जाकर ससुर से मारपीट और विवाद कर चुका है। पूर्व में हुए विवाद पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। लेकिन एक बार फिर इस सनकी दामाद ने ससुराल में जाकर ससुराल पक्ष से विवाद करते हुए पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग करने की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। घटना के बाद आरोपी दामाद फरार हो गया है। जिसकी तलाश पुलिस जोर-शोर से कर रही है।

कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दरमियानी रात लोनिया गांव में हुई फायरिंग की घटना में एक महिला और एक युवक गोली लगने से घायल हुए है। जिन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल से नागपुर रेफर कर दिया गया है। फायरिंग करने वाले आरोपी के विरुद्ध परिजनों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा।

## गुमनाम शिकायत पर बिना सुनवाई स्थानांतरण दंड स्वरूप है: हाईकोर्ट



**जबलपुर, देशबन्धु।** गुमनाम शिकायत पर संबंधित व्यक्ति को बिना सुनवाई का अवसर दिए स्थानांतरण किया जाना दंड के स्वरूप ही है' इस टिप्पणी के साथ एमपी हाईकोर्ट जस्टिस मनिद्र सिंह बट्टी ने जिला शिक्षा अधिकारी छतरपुर के उस आदेश पर रोक लगा दी। जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ जितेंद्र कुमार गौंड का तबादला नवगांव कर दिया गया था। वहीं संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी करते हुए जबाव तलब किया गया है। याचिका पर अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद नियत की गई है।

याचिकाकर्ता जितेंद्र कुमार गौंड की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे एवं राकेश शुक्ला ने पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी छतरपुर ने 11 अगस्त को एक आदेश जारी करते हुए जितेंद्र कुमार गौंड का स्थानातंरण छतरपुर से नवगांव कर दिया गया। तबादले आदेश में हवाला दिया गया है कि संभागीय आयुक्त को विभिन्न संगठनों से शिकायते प्राप्त हुई थीं। लिहाजा संभागीय आयुक्त के निर्देश पर तबादला किया गया है। उक्त आदेश के विरूद्ध दाखिल की गई याचिका डब्ल्यूपी 21367/23 में कहा गया कि स्थानांतरण दंड स्वरूप है क्योंकि पीडित पक्ष को न तो सुनवाई का मौका दिया गया और ना ही कोई नोटिस दिया गया। सुनवाई के दौरान शासन के अधिवक्ताओं ने भी कई तर्क रखे। जिसके बाद जस्टिस जस्टिस मनिद्र सिंह बट्टी ने छतरपुर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किए गए स्थानांतरण आदेश पर रोक लगाते हुए संबंधित पक्षों नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं।

## मुख्यमंत्री का अल्प प्रवास पर डुमना आगमन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का शुक्रवार आज 1 सितंबर को अल्प प्रवास पर डुमना विमानतल जबलपुर आगमन होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ट्रांजिट विजिट पर शुक्रवार को दोपहर 12.50 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना पहुंचेंगे तथा करीब पांच मिनट रुकने के बाद डुमना विमानतल से हेलिकॉप्टर द्वारा सीधी जिले के ग्राम नौधिया प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शाम 6.50 बजे सीधी जिले के सीधी खुर्द से हेलीकॉप्टर द्वारा वापस डुमना विमानतल जबलपुर आयेंगे। मुख्यमंत्री वापसी के समय भी डुमना विमानतल पर तकरीबन पांच मिनट रुकने के बाद वायुयान से भोपाल प्रस्थान करेंगे।



## बागेश्वर धाम में अर्जी लगाने के नाम पर महिला से 37 हजार की ठगी



### पीड़िता की शिकायत के बाद जांच में जुटी पुलिस

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी में महिला से ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत महिला ने कटनी पुलिस अधीक्षक से की। एसपी ने जांच के लिए साइबर सेल सहित स्थानीय थाना प्रभारी को जिम्मेदारी सौंपी है।

पूरा मामला बाबा बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री से जुड़ा हुआ है, जिनके नाम पर रीठी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत वसुधा निवासी ममता बाई से अज्ञात शख्स द्वारा बाबा बागेश्वर धाम में अर्जी लगवाने से लेकर निराकरण के नाम पर तीन किस्तों में 37 हजार 599 रुपये की ऑनलाइन ठगी कर दी। पीड़ित महिला के मुताबिक मोबाइल नंबर 7728880504 से अज्ञात व्यक्ति ने कॉल करके बोला कि वो बागेश्वर धाम से महाराज बोल रहे हैं।

अर्जी धाम में लगवाने के नाम कर पहली किस्त 599 रुपए ऑनलाइन पेमेंट(फोन पे) 7073165336 नंबर पर भेजने की बात कही। श्रद्धा वश महिला ने पैसे डाल दिए, लेकिन ये तो ठगी की पहली कड़ी थी। जिसके बाद आरोपी शख्स ने सुबह पुन: 6 बजे कॉल करके समस्या बताते हुए पूजा अनुष्ठान के नाम पर 25 हजार रुपये डलवाएं। वहीं, अंतिम किस्त धाम में आकर निराकरण के नाम पर महिला से 12 हजार की आखिरी किस्त ले ली। 37599 रुपये भेजने के बाद महिला जब धाम के लिए निकलने लगी तो अज्ञात शख्स ने अपने दोनों नंबर बंद कर लिए।

कई बार कॉल करने के बाद महिला समझ गई कि उसके साथ ठगी हो चुकी है, जिसके बाद महिला लिखित शिकायत लेकर कटनी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और एसपी अभिजीत रंजन से मामला बताते हुए आरोपी पर कड़ी कार्रवाई करने और धोखाधड़ी की राशि वापस दिलाए जाने की मांग की। वहीं पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल और रीठी थाना प्रभारी को तत्काल जांच के आदेश दिये हैं।

## छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 24 ट्रेनें 8 सितम्बर तक कैंसिल, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस भी रद्द

**बिलासपुर।** रेलवे ने छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 24 ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जबकि पांच ट्रेनों के कैंसिलेशन को बढ़ाते हुए 31 अगस्त से 8 सितंबर तक कर दिया है। आज से आठ सितंबर तक 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस नहीं चलेगी।

रेल प्रशासन की ओर से कहा गया है कि इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट के काम को तेजी से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है। इससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। लेकिन, काम पूरा होने के बाद रेलवे ने बेहतर यात्री सुविधा मिलने का दावा किया है।

**शहडोल-रूपौंद के बीच होगा काम**- रेल प्रशासन ने कहा है कि बिलासपुर रेल मंडल के शहडोल-रूपौंद सेक्शन के बीच बंधवाबारा रेलवे स्टेशन में तीसरी रेल लाइन में नॉन इंटरलॉकिंग का काम किया जाएगा। जो दो से आठ सितंबर तक होगा। रेलवे ने ट्रेनों को आज से ही बंद कर दिया है। नियमानुसार ट्रेनों को दो सितंबर से कैंसिल करना था, लेकिन, दो दिन पहले ही रेलवे ने रक्षाबंधन पर ट्रेनों को बंद करने का फैसला लिया है। जिसके कारण यात्रियों को खासी परेशानी होगी। खासकर पर्व पर ट्रेन में सफर कर अपनी बहन या भाई के यहां जाने वाले यात्रियों को ज्यादा दिक्कतें होंगी।

**रद्द रहेंगी यह गाडियां**-1 से 9 सितंबर तक 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस। 31 अगस्त से 8 सितंबर तक 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस। 1 से 10 सितंबर तक 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस। 30 अगस्त से 8 सितंबर 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस। 1 से 7 सितंबर 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस। 2 से 8 सितंबर 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस।

**इन ट्रेनों को पहले ही कर दिया है कैंसिल**- 2 से 8 सितम्बर तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08740 बिलासपुर-शहडोल मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 2 से 8 सितम्बर तक शहडोल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08739 शहडोल -बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 2 से 8 सितम्बर तक चिरिमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08269 चिरिमिरी- चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 2 से 8 सितम्बर तक चंदिया रोड से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08270 चंदिया रोड- चिरिमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 2 सितम्बर तक शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22830 शालीमार-भुज बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 5 सितम्बर तक भुज से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22829 भुज-शालीमार बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 31 अगस्त व 7 सितम्बर को वलसाड से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22909 वलसाड-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 3 एवं 10 सितम्बर को पुरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22910 पुरी-वलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 2 सितम्बर को उदयपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 3 सितम्बर को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 6 सितम्बर को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20847 दुर्ग-ऊधमपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 7 सितम्बर को ऊधमपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20848 ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 6 सितंबर को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20828 संतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 7 सितम्बर को जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20827 जबलपुर-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 1 से 7 सितम्बर को इंदौर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 2 से 9 सितम्बर को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**जबलपुर-गोंदिया होकर चलने वाली गाडियां**- 1 से 7 सितम्बर को बरौनी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-नैनपुर होकर चलेगी । 2 से 8 सितम्बर को गोंदिया से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नैनपुर-जबलपुर-कटनी होकर चलेगी।

## बाइक में टक्कर मारने के बाद जानलेवा हमले में युवक की मौत

**सतना, देशबन्धु।** सभापुर थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल को टक्कर मारने के बाद घायल युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया गया। इस घटना के बाद एक युवक की मौत हो गई। खबर लगते ही पुलिस ने बिना देर किए मामले के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह कार्रवाही पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी देहात विक्रम सिंह कुशवाह के मर्गदर्शन में थाना प्रभारी सभापुर निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में की गई है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी मृदुल वसुदेवा पिता राजेश वसुदेवा निवासी विजयपुर थाना धारकुंडी हाल बांधी थाना सभापुर ने रिपोर्ट लिखवाई कि 30 अगस्त को वह अपने दोस्त दोस्त रवि वसुदेवा के साथ मोटर साइकिल से बिरसिंहपुर बाजार जा रहा था। तभी बऊली के पास आरोपी रामलखन सिंह पिता चंद्रभान सिंह (28) निवासी पिपरहरी थाना पैलानी जिला बांदा और सुधीर उर्फ पिंटू सिंह पिता जगतदेव सिंह (33) निवासी बांधी थाना सभापुर ने तेज रफ्तार मोअर साइकिल चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रवि और मृदुल घायल हो गए। सतना में इलाज के दौरान रवि की मृत्यु हो गई।

## सना खान का शव खोजने महाराष्ट्र पुलिस फिर पहुंची हिरण नदी, पर अभी भी हाथ खाली



### शव खोजकर देने या बताने वाले को नागपुर पुलिस देगी एक लाख का ईनाम

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाराष्ट्र के नागपुर की भाजपा नेत्री सना खान मामले में अभी जबलपुर व नागपुर पुलिस के हाथ खाली हैं। हिरण नदी में सना का शव खोजने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि 2 अगस्त को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की नेत्री सना खान का जबलपुर बिलहरी निवासी उसके पति अमित साहू ने हत्या कर अपने दोस्त राजेश के साथ हिरण नदी में फेंक दिया था। इसके बाद पुलिस ने रब्बु यादव, कमलेश, धर्मेन्द्र यादव को भी पुलिस ने मामले में लिप्त होने पर गिरफ्तार किया है। मामले के कुछ दिन बाद नरसिंहपुर-तेंदुखेड़ा के कांग्रेस विधायक संजय शर्मा का भी प्रकरण में नाम सामने आया। जिसके बाद नागपुर पुलिस ने संजय शर्मा को नोटिस भेजकर नागपुर बयान के लिये बुलवाया। लेकिन इन सब के बावजूद सना की लाश का पता नहीं लगा है। जिसके बाद नागपुर पुलिस फिर एक बार जबलपुर पहुंची है और स्थानीय पुलिस के साथ हिरण नदी में सना की लाश खोजने में जुटी है। दूसरी ओर नागपुर पुलिस ने सना खान की लाश तलाश कर देने वाले या बताने वाले को एक लाख रूपये देने ईनाम देने की घोषणा की है। नागपुर डीसीपी राहुल मदने अपनी टीम के साथ जबलपुर आए हैं। नागपुर पुलिस सना के शव को तलाश करने के लिए आज फिर से हिरन नदी पहुंची।

डीसीपी राहुल मदने का कहना है कि पुलिस कमिश्नर ने सना की बॉडी को तलाश करके देने वाले को एक लाख रुपए देने की घोषणा की है। इसके अलावा जहां-जहां जानकारी मिल रही है। वहां-वहां पुलिस टीम जाकर सना के शव को तलाश कर रही है। हालांकि सफलता अभी तक नही मिली है। डीसीपी के मुताबिक स्थानीय पुलिस की भी सना के शव को तलाश करने में मदद ली जा रही है। सना की हत्या करने के बाद बॉडी को अमित साहू ने कहां पर फैंका था। उसको लेकर उससे कई बार पूछताछ की गई, पर वह एक ही बयान पर अड़ा है कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर सना की लाश को हिरन नदी में फैंक दिया था।

## तीर्थ यात्रियों को लेकर शिरडी रवाना हुई विशेष ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत गुरुवार की शाम जबलपुर से करीब 240 तीर्थ यात्रियों को लेकर स्पेशल ट्रेन शिरडी रवाना हुई। शिरडी रवाना होने के पहले सभी तीर्थ यात्रियों का रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया। तीर्थ यात्रियों को पुष्पमाला भी पहनाई गई। तीर्थ यात्रा पर जा रहे वरिष्ठजनों को विदा करने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में उनके परिजन भी रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे। शिरडी की तीर्थ यात्रा पर जा रहे सभी वरिष्ठजन प्रफुल्लित नजर आये। तीर्थ यात्रा पर भेजने के लिये सभी ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया तथा उन्हें आशीर्वाद दिया। कुंडम निवासी शंभूलाल पटेल ने मुख्यमंत्री को साधुवाद देते हुये कहा कि कुंडम से सात से आठ वरिष्ठजन साईं बाबा के दर्शन करने शिरडी जा रहे हैं। शोभापुर जबलपुर निवासी गोपीलाल साहू ने शिरडी की तीर्थ यात्रा का सौभाग्य मिलने पर मुख्यमंत्री की मुक्तकंठ से सराहना की।








**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 122

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 122

छोटा ब्रॉयलर - रु. 124

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 128

मुर्गा मीडियम - रु. 126

मुर्गा बड़ा - रु. 126

मुर्गा जम्बो - रु. 126

मो.-9039925000, 9425800409

